आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 27°C | 12°C |

इनसाइड न्यूज

आयुष विभाग में हड़कंप: हाईकोर्ट ने शासन का आदेश रद्द किया

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



शुक्रवार 28 नवंबर, 2025 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 48 | www.janexpresslive.com/epaper

असम में बहुविवाह पर प्रतिबंध... 12

# नई ऊंचाई पाना है तो अध्यात्म अपनाएं: योगी

## गाजियाबाद में पार्श्वनाथ गुफा मंदिर का उद्घाटन किया, कुशीनगर के फाजिलनगर का नाम बदलेंगे

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

सीएम योगी ने गुरुवार को गाजियाबाद के मुरादनगर में भगवान पार्श्वनाथ के भव्य गुफा मंदिर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा- आज यहां मैं जब आया तो आचार्य प्रसन्नसागर जी महाराज और उपाध्याय मुनिश्री सागर महाराज की दिनचर्या को देखा। 557 दिनों की कठोर साधना, 496 दिनों के निर्जल उपवास, तप, अनुशासन का अद्भुत उदाहरण देखा। योगी ने कहा- जैन तीर्थंकरों ने समाज को नई प्रेरणा दी। हमें ध्यान रखना होगा कि अगर मानव सभ्यता को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचना है तो भारत के अध्यात्म की शरण में जाना पड़ेगा। हम सब को इस बारे में गौरव की अनुभूति होनी चाहिए कि हम भारत के ऋषि-मुनियों के मार्ग पर चलें तो विश्व मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त होगा। योगी ने कहा- अभी पिछले दिनों श्रावस्ती गए, वहां भगवान संभवनाथ का जन्म जैन तीर्थंकर के रूप में हुआ। भगवान महावीर का जन्म वैशाली में हुआ, लेकिन महापरिनिर्वाण उन्होंने यूपी के कुशीनगर के पावागढ़ (फाजिलनगर) में लिया। आज हमें बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि हमारी सरकार ने उस महापरिनिर्वाण स्थली फाजिलनगर का नाम पावानगरी करने जा रही है।

### जीवन में अलौकिक इतिहास रचा

अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर महाराज जैन जगत के ऐसे अद्भुत साधक हैं, जिन्होंने अपने जीवन में उपवास और तप का एक अलौकिक इतिहास रचा है। उन्होंने सम्मेद शिखर की उतंग पहाड़ी पर जैन परंपरा की सर्वोच्च साधना सिंह निष्कीड़ित व्रत साधना संपन्न की, जिसमें उन्होंने 557 दिन तक अखंड मौन एकांतवास किया और मात्र 61 दिन ही आहार ग्रहण किया। उनकी यह विलक्षण साधना उन्हें वर्तमान युग के महावीर स्वरूप संत के रूप में प्रतिष्ठित करती है। उन्होंने अपने संत जीवन में 1,30,000 किलोमीटर की अहिंसा संस्कार पदयात्रा संपन्न की, जो केवल एक यात्रा नहीं बल्कि मानवता, नैतिकता और जीवन मूल्यों के पुनर्जागरण की साधना रही। इस पदयात्रा के माध्यम से उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, गौसेवा और नैतिक जागरण के क्षेत्रों में अमूल्य योगदान दिया तथा समाज में नई चेतना का संचार किया। उनके कार्यों की वैश्विक स्तर पर सराहना हुई है, उन्हें वियतनाम विश्वविद्यालय व गुजरात की स्वर्णिम विश्वविद्यालय द्वारा मानद डॉक्टरेट की उपाधि तथा ब्रिटिश पार्लियामेंट द्वारा भारत गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया है।





### 100 दिनों में बनकर तैयार हुआ मंदिर

यह गुफा मंदिर मात्र 100 दिनों में बनकर तैयार हुआ है। मंदिर में भगवान पार्श्वनाथ की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। इसे जमीन के नीचे लगभग 20 फीट की गहराई में बनाया गया है। गुफा में प्रवेश और निकास के लिए दो अलग-अलग रास्ते तैयार किए गए हैं। मुख्य द्वार से श्रद्धालु अंदर प्रवेश कर मंदिर में दर्शन कर सकेंगे, जबकि दर्शन के बाद दूसरी ओर बने मार्ग से बाहर निकलने की व्यवस्था की गई है। गुफा का ऊपरी और बाहरी ढांचा छोटी-छोटी पहाड़ियों के आकार में निर्मित है, जिसे चारों तरफ से इस प्रकार से संरक्षित किया गया है कि बारिश या पानी की बौछारें मंदिर परिसर तक न पहुंच सकें। आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज के पावन सान्निध्य तथा मुनि श्री पीयूष सागर जी महाराज के निर्देशन में यहां 26 से 30 नवंबर 2025 तक भगवान महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी महोत्सव की विशेष आध्यात्मिक उपलब्धि के रूप में 100 दिनों में निर्मित इस भव्य गुफा मंदिर का लोकार्पण संपन्न हुआ।

### नई ऊंचाईयां पाना है तो अध्यात्म की शरण में जाएं

योगी ने कहा- आज यहां मैं जब आया तो आचार्य प्रसून सागर जी महाराज और उपाध्याय मुनिश्री सागर महाराज की दिनचर्या को देखा। उनके बारे में सुना कि 557 दिनों की कठोर साधना, 496 दिनों के निर्जल उपवास, तप, अनुशासन की अद्भुतता को देखा। योगी ने कहा- जैन तीर्थंकरों ने समाज को नई प्रेरणा दी। हमें ध्यान रखना होगा कि अगर मानव सभ्यता को विकास की नई ऊंचाईयों तक पहुंचना है तो भारत के अध्यात्म की शरण में जाना पड़ेगा। हम सब को इस बारे में गौरव की अनुभूति होनी चाहिए कि हम भारत के ऋषि-मुनियों के मार्ग पर चलें तो विश्व मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त होगा।

### कुशीनगर का फाजिलनगर अब पावानगरी के नाम से जाना जाएगा

सीएम योगी ने कहा- अभी पिछले दिनों श्रावस्ती गए, वहां भगवान संभवनाथ का जन्म जैन तीर्थंकर के रूप में हुआ। भगवान महावीर का जन्म वैशाली में हुआ, लेकिन महापरिनिर्वाण उन्होंने यूपी के कुशीनगर के पावागढ़ (फाजिलनगर) में लिया। आज हमें बताते हुए प्रसन्नता है कि हमारी सरकार उस महानिर्वाण स्थली फाजिलनगर का नाम पावानगरी करने जा रही है। कार्यवाही चल रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा- अभी तीन दिन पहले अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर के निर्माण काम को पूरा कर क्रूमोदी ने धर्मध्वजा फहराई। पूरी दुनिया ने भारत की इस सनातन वैभव को देखा और अनुभव किया। ये उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि यहां प्रथम जैन तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव और चार जैन तीर्थंकर इसी अयोध्या में पैदा हुए। काशी में 4 जैन तीर्थंकरों को अवतरित होते दुनिया ने देखा है।

### भारत की परंपरा ऋषियों, मुनियों, संतों के त्याग और बलिदान की गाथा

योगी ने कहा- भारत की परंपरा ऋषियों, मुनियों, संतों के त्याग और बलिदान की गाथा है। ये महागाथा उंगलियों में गिनने लायक नहीं। युगों-युगों के लिए विश्व मानवता के लिए एक प्रेरणा रही है। विश्व मानवता इस महागाथा को सुनकर, इससे प्रेरणा पाकर अपने आगे के भविष्य को तय की है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए आज हमारी पवित्र उपासना विधियां इस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा- आज के इस महामहोत्सव में मुझे भगवान पार्श्वनाथ के गुफा मंदिर का उद्घाटन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस परंपरा से जुड़े सभी महानुभावों को मेरा नमन। साथ ही क्रांतिकारी संत तरुण सागर जी महाराज की स्मृतियों को नमन करने का भी मुझे आज सौभाग्य मिला, इसके लिए मैं आभारी हूं।

### मैंने 37 वर्षों से स्वयं स्नान नहीं किया

उन्होंने आगे कहा, मैंने 37 वर्षों से स्वयं स्नान नहीं किया है। मैं दिन में एक बार भोजन करता हूं और यही योगी जी भी करते हैं। लेकिन वे एक बार भोजन करने के बाद पूरे 23 घंटे समाज और राष्ट्र को समर्पित करते हैं। यह उनकी तपस्या, अनुशासन और सेवा का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने कहा- पिछले पांच वर्षों से मैंने गेहूं नहीं खाया और न ही कोई ड्राई फ्रूट ग्रहण किया है। प्रतिदिन 25 से 30 किलोमीटर चल लेता हूं। अयोध्या में जो भव्य उत्सव हुआ, वह वास्तव में अकल्पनीय और अद्वितीय था। प्रयागराज का महाकुंभ जहां लाखों लोग एकत्र हुए फिर भी कोई संक्रमण नहीं फैला। यह व्यवस्था और आस्था दोनों की शक्ति है। अब चौथा महोत्सव मथुरा के गर्भगृह में आयोजित हो रहा है।

### सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश की छवि बदल दी

प्रसून सागर महाराज ने कहा- जब बसंत आता है तो प्रकृति मुस्कराती है और जब संत आते हैं तो पूरी संस्कृति मुस्कराती है। योगी आदित्यनाथ 26 वर्ष की आयु में सांसद बने यह स्वयं में अद्वितीय उदाहरण है। आज प्रधानमंत्री मोदी जी और योगी जी ने मिलकर भारत को विश्व पटल पर नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश की छवि बदल दी है, आज प्रदेश में बहन-बेटियां सुरक्षित हैं। प्रसून सागर जी महाराज ने संबोधित करते हुए कहा- अजय नाम के एक बालक ने हमें सिंह की तरह निर्भय होकर जीना सिखाया। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश ने नई ऊंचाइयों को स्पर्श किया है। उन्होंने कहा कि खराब पानी से सेहत बिगड़ती है, लेकिन खराब सोच पूरा जीवन बिगाड़ देती है। महाराज ने कहा- महाकुंभ को पूरी दुनिया ने देखा और सराहा। पहले यह धारणा प्रचलित थी कि जो मुख्यमंत्री नोएडा जाता है, वह दोबारा सत्ता में नहीं लौटता, लेकिन योगी जी ने अपने कार्य और संकल्प के बल पर इस मिथक को पूरी तरह तोड़ दिया।

# शिक्षकों के चयन और प्रोन्नत वेतनमान से जुड़ा प्रस्ताव कैबिनेट ने लौटाया, परीक्षण के बाद फिर आएगा




**जन एक्सप्रेस। देहरादून**

शिक्षकों के चयन, प्रोन्नत वेतनमान में वेतनवृद्धि से जुड़े प्रस्ताव को कैबिनेट ने लौटा दिया। बताया गया कि प्रस्ताव को परीक्षण के बाद फिर से कैबिनेट में लाया जाएगा। कैबिनेट में शिक्षा विभाग से जुड़े प्रस्ताव में कहा गया है कि चतुर्थ, पंचम एवं छठवें वेतनमानों से ही शिक्षकों को निर्धारित नियमित सेवा अवधि के आधार पर चयन, प्रोन्नत वेतनमान दिए जाने की व्यवस्था थी। शिक्षकों का वेतन साधारण वेतनमान में प्राप्त वेतन स्तर से चयन वेतनमान, प्रोन्नत वेतनमान प्राप्त होने पर अगले प्रक्रम में तय किए जाने की व्यवस्था थी। इसमें अतिरिक्त वेतनवृद्धि दिए जाने की कोई व्यवस्था नहीं थी। 13 सितंबर 2019 के शासनादेश में यह स्पष्ट कर दिया गया था कि चयन वेतनमान, प्रोन्नत वेतनमान के समय वेतनवृद्धि नहीं दी जाएगी। उत्तराखंड सरकारी सेवक वेतन नियम 2016 के नियम 13 की स्पष्टता के लिए उसमें संशोधन किया जाना है, लेकिन कैबिनेट ने इस प्रस्ताव को यह कहते हुए लौटा दिया कि परीक्षण के बाद इसे कैबिनेट में लाया जाए।

### इस प्रस्ताव को भी लौटाया

उदयराज हिंदू इंटर कालेज काशीपुर एवं बीएसवी इंटर कॉलेज जसपुर ऊधमसिंह नगर में पूर्व में चतुर्थ श्रेणी के सात-सात पदों पर चयन प्रक्रिया पूरी करने के लिए सहमति प्रदान न करते हुए समूह घ के पद आउटसोर्स के रूप में नियत मानदेय पर सृजित करने से जुड़े मामले को भी परीक्षण के लिए लौटा दिया गया।

# कोडीन कफ सिरप के आरोपी अमित सिंह टाटा को एसटीएफ ने हिरासत में लिया

- मुख्य आरोपी पिता पुत्र फरार, एसटीएफ ने दवा मंडी में मचाई हलचल

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**






वाराणसी में कोडीन कफ सिरप की तस्करी का सबसे बड़ा सिंडिकेट बेनकाब होते ही शहर में हड़कंप मच गया है। सरगना माने जा रहे जौनपुर निवासी शुभम जायसवाल और उसके पिता भोला जायसवाल फिलहाल फरार हैं। बताया जा रहा जा है कि गिरफ्तारी के डर से विदेश भाग चुके हैं दोनों पर करोड़ों रुपये के प्रतिबंधित सिरप को विभिन्न जिलों में खपाने का आरोप है। जांच एजेंसी की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (विशेष जांच दल) ने गुरुवार को दवा मंडी में कई घंटों तक दबिश देकर सिंडिकेट की जड़ों को टटोलना शुरू किया। एसटीएफ ने पहले शैली ट्रेडर्स के ठिकानों की तलाशी ली और इसके बाद जुड़े 28 फार्मों की सप्लाई चेन का रिकॉर्ड खंगाला। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पिछले दो वर्षों में लगभग 100 करोड़ रुपये का प्रतिबंधित कोडीन सिरप वाराणसी और पूर्वांचल के इलाकों में बेचा गया। टीम को संदेह है कि यह नेटवर्क प्रदेश के कई जिलों में फैला है और अगली कड़ियों तक पहुंचने के लिए दस्तावेज जब्त कर लिए गए हैं। इसी बीच राजनीति भी गर्मा गई है। वरिष्ठ नेता अजय राय ने इस पूरे प्रकरण के मास्टरमाइंड के तौर पर तीन नामो नरेश मोहन, दीपक और अमित सिंह टाटा का जिक्र किया है। उनका आरोप है कि यह पूरा खेल सरकारी तंत्र और कुछ दवा कारोबारियों की मिलीभगत से फल-फूल रहा था। जांच में सामने आया है कि ड्रग इंस्पेक्टर (मादक द्रव्य निरीक्षक) नरेश मोहन, कोविड काल के बाद वाराणसी में तैनात था। वर्तमान में वह बस्ती में पदस्थ है। आरोप है कि उसने कई बार लाइसेंस जारी करते समय भौतिक निरीक्षण (फिजिकल वेरिफिकेशन) तक नहीं किया। इससे कोडीन सिरप की अवैध खरीद-फरोख्त को खुली छूट मिली। कई अस्पतालों और मेडिकल स्टोरों के लाइसेंस फाइलों में निरीक्षण से जुड़े आवश्यक प्रपत्र गायब पाए गए हैं। इसी कड़ी में विशेष कार्य बल एसटीएफ ने दवा व्यवसायी अमित सिंह टाटा को हिरासत में लिया है। सूत्र बताते हैं कि उससे नेटवर्क से जुड़ी सप्लाई, भंडारण और भुगतान चैनलों को लेकर पूछताछ जारी है। पुलिस का मानना है कि फरार शुभम और भोला ने वाराणसी होते हुए बिहार और नेपाल बॉर्डर तक सप्लाई लाइन बना रखी थी। जांच एजेंसियों का कहना है कि जल्द ही इस सिंडिकेट की पूरी गिरोहबंदी, बैंक लेनदेन और मोबाइल चैट के आधार पर बड़ी कार्रवाई सामने आएगी। उधर दवा मंडी में कारोबारियों में दहशत है, क्योंकि एसटीएफ ने स्पष्ट कर दिया है कि अवैध रूप से एक भी बोतल खपाई गई तो कार्रवाई सीधे लाइसेंस निरस्तीकरण (कैंसिलेशन) तक पहुंचेगी। जौनपुर वाराणसी में फैले इस नशे के काले कारोबार ने एक बार फिर दिखा दिया है कि दवा के नाम पर मौत बांटने का यह गुप्त उद्योग किस तरह शासन-प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर फलता-फूलता रहा।

# 7.4 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ इटावा रहा प्रदेश में सबसे ठंडा

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मौसम में फिर से बदलाव की आहट है। शुक्रवार से यूपी में एक बार फिर से हवा का रुख बदलने वाला है । पछुआ हवाओं के असर से गिर रहे पारे पर एक बार फिर लगाम लगने वाली है। मौसम विभाग का कहना है कि यूपी में एक के बाद एक लगातार दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसके असर से शुक्रवार से प्रदेश में कहीं दक्षिण-पश्चिमी तो कहीं पुरवाई मिश्रित हवाएं चलेंगी। साथ ही आंशिक तौर पर बादलों की आवाजाही दिखेगी और अगले तीन दिनों में दिन व रात के पारे में लगभग 2 डिग्री की बढ़त आएगी। तीन दिन प्रदेश में घने कोहरे से राहत रहेगी। बृहस्पतिवार को सुबह आगरा, बरेली, वाराणसी, लखनऊ, अमेठी, कानपुर और प्रयागराज में हल्का कोहरा छाया रहा। इटावा 7.4 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ सबसे ठंडा रहा। वहीं मेरठ में 7.5 डिग्री, बाराबंकी में 8 डिग्री और कानपुर शहर में 8.4 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमाप रहा।

### प्रदेश में बढ़ेगा तापमान, कुछ जगह हल्का कोहरा

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हवा की दिशा बदलने और बादल छाए रहने के कारण प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की जा रही है। अगले 2-3 दिनों में तापमान लगभग 2 डिग्री सेल्सियस बढ़ सकता है।

# रंजिश में किसान को मार डाला, संभल के पूर्व प्रधान पति और भतीजे समेत चार को उम्रकैद, 70 हजार जुर्माना

**जन एक्सप्रेस। अमरोहा**

संभल के ईसापुर सुनवारी निवासी बाइक सवार किसान राजीव शर्मा की गोली मारकर हत्या करने में कोर्ट ने दोषी गांव के ही पूर्व प्रधान के पति कुंवरपाल, विकास, सोमपाल व विजेंद्र को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कुंवरपाल व विकास चाचा-भतीजे हैं। चारों पर 70 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। दोषियों ने चुनावी, जमीन की रंजिश और जानलेवा हमले के केस में फैसला नहीं करने पर षड्यंत्र रचकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। कोर्ट का फैसला आने के बाद चारों दोषियों को जेल भेज दिया गया है। यह सनसनीखेज वारदात आदमपुर थानाक्षेत्र में हुई थी।

# योगी ने किया नोएडा एयरपोर्ट का निरीक्षण, 1.2 करोड़ होगी प्रतिवर्ष यात्रियों की संख्या, होंगे पांच रनवे

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

- उद्घाटन के समय एयरपोर्ट एक रनवे के साथ क्रियाशील होगा, जिसकी वार्षिक यात्री क्षमता लगभग 1.2 करोड़ होगी
- जेवर एयरपोर्ट में कुल 5 रनवे होंगे, इसका विस्तार 11,750 एकड़ तक होगा और यह प्रतिवर्ष 30 करोड़ यात्रियों को सेवा देने में सक्षम होगा



उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गौतम बुद्ध नगर के जेवर में निर्माणाधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का व्यापक स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने टर्मिनल, उद्घाटन समारोह स्थल, सुरक्षा प्रबंधन, यातायात व्यवस्था और विभिन्न निर्माण गतिविधियों की वास्तविक प्रगति का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के उपरांत मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट के बोर्डरूम में मंत्री नगर विमानन मंत्रालय, सचिव नगर विमानन मंत्रालय, अपर मुख्य सचिव नागरिक उड्डयन,निदेशक नागरिक उड्डयन, डीजी डीजीसीए, डीजी नगर विमानन सुरक्षा, डीआईजीसी आईएसएफ, एयरपोर्ट एथोरिटी ऑफ इंडिया, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सीईओ और नोडल ऑफिसर, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन तथा निर्माण एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में परियोजना की वर्तमान स्थिति, आगामी कार्ययोजना और उद्घाटन समारोह की तैयारियों पर विस्तृत पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी प्रस्तुत की गई। परियोजना की प्रगति पर समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने पाया कि एयरपोर्ट को अभी तक एयरोड्रम लाइसेंस प्राप्त नहीं हुआ है। इस पर उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि ब्यूरो आफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी और सीआईएसएफ अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर सभी सुरक्षा मानकों को तत्काल पूर्ण किया जाए और शीघ्रातिशीघ्र सिक्योरिटी क्लीयरेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया पूरी की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ÷एयरपोर्ट प्रदेश की महत्वाकांक्षी परियोजना है, इसलिए जहां भी सुरक्षा या अन्य कार्य शेष हैं, उन्हें तेज गति और सर्वोत्तम गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। माननीय मुख्यमंत्री ने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश के विकास और वैश्विक निवेश की नई पहचान बनने जा रहा है। इसलिए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्धता और विभागीय समन्वय सर्वोच्च प्राथमिकता पर होना चाहिए। उन्होंने सभी संबंधित एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि उद्घाटन समारोह की तैयारियों को पूर्ण करे। उद्घाटन के समय एयरपोर्ट एक रनवे के साथ क्रियाशील होगा, जिसकी वार्षिक यात्री क्षमता लगभग 1.2 करोड़ होगी। पूरी क्षमता पर विकसित होने पर जेवर एयरपोर्ट में कुल 5 रनवे होंगे, इसका विस्तार 11,750 एकड़ तक होगा और यह प्रतिवर्ष 30 करोड़ यात्रियों को सेवा देने में सक्षम होगा जो इसे विश्व के सबसे बड़े एयरपोर्ट्स में शामिल कर देगा। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के मंत्री बृजेश सिंह, विधायक जेवर धीरेन्द्र सिंह, राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र नागर, अपर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश दीपक कुमार, मण्डलायुक्त मेरठ मण्डल मेरठ भानू चंद्र गोस्वामी, पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह, जिलाधिकारी मेधा रूपम सहित शासन, प्रशासन एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# उन्नाव पशुपालन विभाग में 'गबन का खेल' बेनक़ाब आरोपी वरिष्ठ सहायक प्रीति श्रीवास्तव निलंबित, जांच अधिकारी नियुक्त, कार्रवाई तेज

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

उन्नाव से लखनऊ तक हड़कंप मच गया है। जब पशुपालन विभाग में वित्तीय अनियमितताओं और गबन के गंभीर आरोपों में फंसी वरिष्ठ सहायक प्रीति श्रीवास्तव के खिलाफ आखिरकार बड़ी कार्रवाई हो गई है। लखनऊ मंडल के अपर निदेशक ग्रेड-2 ने तत्काल प्रभाव से प्रीति श्रीवास्तव को निलंबित कर दिया है और पूरी जांच की कमान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी लखनऊ को सौंप दी गई है।

### क्या हैं गंभीर आरोप?

दस्तावेज़ों के मुताबिक, प्रीति श्रीवास्तव पर आरोप है कि माहवार/क्रमवार स्टॉक रजिस्टर में हेरफेर जेम पोर्टल पर निर्धारित दरों के विपरीत सामग्री की खरीद बिना अधिकृत सीमा के टेंडर जारी करना कई मदों में धनराशि का गलत समायोजन पोर्टल से जारी सामग्री की मात्रा में संदिग्ध गड़बड़ी संयुक्त निदेशक प्रशासन द्वारा की गई प्राथमिक जांच में मामले की परतें खुलीं, जिसके बाद अधिकारी स्तर से कार्रवाई की सिफारिश की गई।

### आदेश में क्या कहा गया?

22 नवंबर 2025 को जारी आदेश में कहा गया है, प्रीति श्रीवास्तव को तत्काल कार्यालय मुख्य पशु चिकित्साधिकारी उन्नाव से हटाकर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी हरदोई से संबद्ध किया जाता है। निलंबन अवधि में उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता नियमों के अनुसार देय होगा। उन्हें यह प्रमाणपत्र भी देना होगा कि निलंबन अवधि में वह किसी अन्य व्यापार/व्यवसाय में संलग्न नहीं हैं। जांच अधिकारी को आरोपपत्र तैयार कर समयबद्ध जांच पूर्ण करने के निर्देश दिए गए



### शिकायतकर्ताओं ने उठाई थी कार्रवाई की मांग

इस पूरे प्रकरण को लेकर डॉ. मनोज कुमार (अध्यक्ष) और डॉ. शिव ओम गंगवार (महामंत्री) सहित संगठन के कई पदाधिकारियों ने अपर निदेशक को पत्र भेजकर बड़ी कार्रवाई की मांग की थी। उनका तर्क था कि आरोपी कर्मचारी को लेखा पटल से हटाकर केवल पद पर बनाए रखना निष्पक्ष जांच के खिलाफ है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा था कि निष्पक्ष जांच तभी संभव है जब प्रीति श्रीवास्तव को उन्नाव से हटाया जाए या उन्हें निलंबित किया जाए।

### विभाग में हलचल, अधिकारियों में खलबली

निलंबन आदेश जारी होते ही उन्नाव और लखनऊ दोनों जगह विभागीय कर्मचारियों में चर्चा तेज हो गई है। आरोपों की गंभीरता को देखते हुए माना जा रहा है कि यह मामला कई और खुलासे ला सकता है। विभाग के उच्च अधिकारियों से लेकर जिला प्रशासन तक को प्रतिलिपि भेजी गई है।

### अब आगे क्या?

जांच अधिकारी को निर्देश दिया गया है कि प्रकरण की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए। समयसीमा में कार्रवाई पूरी कर विभाग को अवगत कराया जाए। किसी भी स्तर की लापरवाही पर अतिरिक्त कार्रवाई हो सकती है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में कराएं अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




आगामी 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को प्रभावी रूप से सफल बनाने के लिए गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश शेषमणि शुक्ला की अध्यक्षता में जनपद में कार्यरत समस्त नोडल अधिकारी एवं विभिन्न प्रशासनिक विभागों के अधिकारियों की चतुर्थ चरण की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद न्यायाधीश ने आगामी 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारित कराने पर बल दिया। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों से यह अपेक्षा की कि वे अपने-अपने विभागों से सम्बन्धित समस्त ऐसे मामले, जिनकों लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किया जा सकता है, को चिन्हित कर उनमें पक्षकारों को कम से कम दो बार नोटिस तामीला कराते हुये राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित करने का प्रयास करें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वर्णिका शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, धारा-138 एनआई एक्ट, मोटर एक्सीडेंट क्लेम वाद, श्रम वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत अधिनियम और जल वाद, सर्विस मैटर्स, पारिवारिक/वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, राजस्व/चकबन्दी वाद, किरायेदारी वाद, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा व सिविल वाद, मनी वसूलीवाद, विनिर्दिष्ट अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान/लघु आपराधिक वादों, श्रमवाद, प्री-लिटिगेशन के माध्यम से ऐसे वाद जो अभी न्यायालय के समक्ष नही आये हैं (विशेषकर पारिवारिक मामले), उपभोगता फोरम तथा आर्बिट्रेशन सम्बन्धित वादों का निस्तारण किया जाना है।

इस मौके पर विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी व नोडल अधिकारी लोक अदालत राममणि पाठक, अपर जिला जज व सहायक नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत नीरज श्रीवास्तव, अधीक्षण अभियन्ता जल संस्थान मुलायम सिंह, जिला आबकारी अधिकारी अखिलेन्द्र बहादुर सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर, खण्ड शिक्षा अधिकारी शंशाक शेखर शुक्ल, वरिष्ठ निरीक्षक माप शरद कुमार पाण्डेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ वैभव त्रिपाठी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत एस.एम. कश्यप, प्रभारी छोटेलाल, प्रवक्ता राजकीय पालिटेक्निक सोनवीर सिंह व जगदीश चन्द्र, प्रभारी अग्निशमन अधिकारी पवन त्यागी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका कर्वी लालजी यादव, जी.एस.टी. प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# फर्जी जमानतदारों की अब खैर नहीं- शिवराज अपर पुलिस अधीक्षक




**जन एक्सप्रेस । बांदा**

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में फर्जी एवं संदिंग पेशेवर जमानतदारों के विरुद्ध की जा रही कड़ी कार्यवाही के क्रम में दिनांक 26नवम्बर को अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज द्वारा पुलिस लाइन नवीन सभागार में जनपद के समस्त थानों के पैरोकारों के साथ मीटिंग की गई । जिसमें फर्जी/एक ही कागजातों/दस्तावेजों का बार बार उपयोग करने वाले पेशेवर जमानतदारों की पहचान कर उनके खिलाफ प्रभावी कार्यवाही के स्पष्ट निर्देश दिए गए।अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट किया गया कि पेशेवर जमानतदारों द्वारा अपराधियों को लाभ पहुँचाने के लिए जमानत प्रक्रिया का दुरुपयोग करते है जिससे न्यायपालिका व कानून व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है,जो किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संदिग्ध जमानतदारों के दस्तावेज़ों का बारीकी और सावधानीपूर्वक सत्यापन किया जाए व किसी भी असंगति को गंभीरता से लिया जाए।फर्जी दस्तावेज़ प्रस्तुत करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।सभी थानें सतर्क रहे तथा विभिन्न थानों के बीच जानकारी का आदान-प्रदान सुनिश्चित किया जाए, जिससे कि पेशेवर जमानतदारों की पहचान हो सके और उनकी गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखते हुए कड़ी कार्यवाही की जा सके।बैठक में सभी को निर्देशित किया गया कि दिनांक 13दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत से संबंधित आदेशिकाओं का समय से तामीली सुनिश्चित किया जाए।सभी पैरोकारों को निर्देशित किया गया कि सभी चार्जसीट न्यायालय में समय से दाखिल की जाएं।बैठक में क्षेत्राधिकारी राजवीर सिंह गौर,पुलिस उपाधीक्षक प्रतिज्ञा सिंह सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी व समस्त थानों के पैरोकार आदि उपस्थित रहे।

# भविष्य निधि संगठन ने आयोजित किया कार्यक्रम 'निधि आपके निकट'



**जन एक्सप्रेस । बांदा**

दिनांक 27 अक्टूबर 2025 को उप श्रमायुक्त कार्यालय कटरा में भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय कानपुर द्वारा निधि आपके निकट शिविर का आयोजन किया गया। बैठक में उप श्रम आयुक्त ए के सिंह, सहायक श्रम आयुक्त एस के अग्रहरि , भविष्य निधि क्षेत्रीय कार्यालय की तरफ से जिला नोडल अधिकारी सरफराज आलम सहित कर्मचारियों , नियोक्ताओं एवं पेंशनर्स उपस्थित रहे। इस बैठक में भारत सरकार द्वारा रोजगार प्रोत्साहन एवं सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु चलाए जा रहे प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना,इंप्लाईज एनरोलमेंट कैंपेन 2025 के साथ साथ नए लागू हुए श्रम कानूनों पर विस्तृत चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में आए हुए पी एफ सदस्यों एवं पेंशनर्स की समस्याएं सुनी गई और समाधान किया गया।

# स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए किया गया जागरूक



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पहाड़ी ब्लाक अंतर्गत बाबूपुर ग्राम पंचायत में तथा जनपद बांदा के बबेरू ब्लाक के अनवान ग्राम पंचायत में राम कृपा एजुकेशनल एवं चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा एस.एस.एस. फाउंडेशन के सहयोग से स्वरोजगार प्रोत्साहन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ट्रस्ट के प्रबंधक जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य हाईस्कूल उत्तीर्ण युवकों एवं युवतियों को स्वरोजगार स्थापना की दिशा में प्रेरित करना, प्रशिक्षण उपलब्ध कराना तथा लघु एवं कुटीर उद्योग स्थापित करने में सहयोग प्रदान करना है। बताया कि कार्यक्रमों में शामिल युवाओं ने उद्योग लगाने की इच्छा व्यक्त की है। संस्था द्वारा उनके उद्योग स्थापित कराने में सहयोग दिया जाएगा। कार्यक्रम में कृषि आधारित उद्योग, गोबर व कृषि अपशिष्ट आधारित उत्पादों, सौर ऊर्जा के घरेलू एवं कृषि उपयोग संबंधी जानकारी भी प्रदान की गईं। इस मौके पर संस्था के सदस्य शिवशंकर सिंह जरिया, बांदा जिले के जिलाध्यक्ष राज बहादुर सिंह उर्फ कप्तान सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# आपराधी को जिला मजिस्ट्रेट ने दिखाया जिले के बाहर का रास्ता

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

हमीरपुर जिले को अपराध मुक्त के साथ ही भयमुक्त बनाने के मकसद से जिले के अपराधिक प्रवृत्ति के एक व्यक्ति पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने शिकंजा कसते हुए कड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। जिलाधिकारी ने आपराधिक किस्म के एक व्यक्ति पर उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम की धाराओं के तहत जिला बदर की कार्यवाही की गई है। उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत जिलाधिकारी ने गोविन्द यादव पुत्र स्व0 रामसनेही निवासी खडेहीजार, विवांर, हमीरपुर के खिलाफ जिला बदर की कार्यवाही की है। जिला बदर किए गए एक व्यक्ति को जिलाधिकारी ने 6 महीने के लिये निष्कासित किया है, इसके साथ ही आदेश दिये हैं कि निष्कासन के वख्त में वो जिले की सीमा में प्रवेश न करें। वही जिले के बाहर जहाँ भी निवास करेंगे वहां का पता जिला मजिस्ट्रेट के साथ ही वहां के थाने को देंगे, साथ ही वहां पर किसी तरह का हथियार लेकर नहीं चलेंगे। इस आदेश का पालन करने के लिये अभियुक्त को एक-एक लाख रुपए के दो गारंटर के साथ ही इतनी धनराशि का व्यक्तिगत बंधपत्र दाखिल करना होगा। आदेश की प्रति पुलिस कप्तान के जरिये से प्रभारी निरीक्षक को प्रेषित की गयी हैं। जिलाधिकारी ने इस मामले में पाया कि इनकी गतिविधियां समाज के लिये नुकसान दायक हैं, साथ ही उनकी ख्याति दु:साहसी और समुदाय के लिए खतरनाक है, इसलिए इनका आजाद रहना आम लोगों के लिये नुकसान दायक है।

## सुविधा शुल्क लेने में राजस्व निरीक्षक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



एंटी करप्शन टीम ने गुरुवार को राजस्व निरीक्षक को सुविधा शुल्क लेने के मामले में गिरफ्तार कर लिया। टैम्र टीम प्रभारी ने कर्वी कोतवाली में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है।
भ्रष्टाचार निरोधक संगठन बांदा मण्डल बांदा के ट्रैप टीम प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि सदर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत कालूपुर गांव के निवासी रामप्रकाश ने शिकायत की थी कि राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह द्वारा खेत की हकबंदी कराने के नाम पर पैसा मांगा जा रहा है। शिकायत के आधार पर ट्रैप टीम ने जाल बिछाते हुए शिकायतकर्ता के जरिए राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह को सुविधा शुल्क के रूप में 5,000 रुपये भेजे। इस धनराशि को लेते समय ट्रैप टीम ने राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

ग्यारहवीं जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक डा0 ए0पी0 जे0 अब्दुल कलाम मीटिंग हाल में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि इस साल की ग्यारहवीं जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की जा रही है। कानपुर को रानी लक्ष्मीबाई तिराहे पर टेबल टॉप ब्रेकर बनाये जाने के साथ ही एन0एच0ए0आई0 कानपुर को बेतवा पुल और राठ तिराहे पर हाई मास्ट लाईट लगाने के लिये निर्देशित किया गया है। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी इनफोर्समेन्ट ने बैठक में बताया कि हिट और रन के कोई भी मामले नहीं आ रहे है।

# बेसिक विद्यालयों के दिव्यांग बच्चों ने खेलकूद प्रतियोगिताओं में दिखाया दम

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

विकासखंड रामनगर के अंतर्गत बेसिक विद्यालयों में नामांकित दिव्यांग श्रेणी के बच्चों की ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता गुरुवार को स्व. गुलाब कली जूनियर हाईस्कूल देऊंधा के प्रांगण में आयोजित की गई। जिसमें विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों से दिव्यांग श्रेणी के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ ग्राम प्रधान देऊंधा दिलीप कुमार एवं खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर एन.पी. सिंह ने माता सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान बच्चों में खेल भावना और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के लिए 50-100 मीटर दौड़, जलेबी दौड़, ट्राई साइकिल दौड़, छूकर पहचानो, रस्सा-कसी, कुर्सी दौड़ तथा लेखन प्रतियोगिता आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी बच्चों द्वारा मनमोहक गायन प्रस्तुति दी गई, जिससे कार्यक्रम में उत्साह और भावनात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि दिव्यांग बच्चे किसी से कम नहीं होते, बल्कि उनमें अद्भुत एवं बहुमुखी प्रतिभा छिपी होती है। ऐसे मंच उन्हें अपनी क्षमताओं को निखारने और आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी अभिभावकों को बच्चों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। ग्राम प्रधान ने कहा कि शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है, इसलिए किसी भी परिस्थिति में पढ़ाई बीच में न छोड़ें और अपने सपनों को पूरा करने के लिए निरंतर आगे बढ़ें। इस दौरान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय देऊंधा रामेश्वरी देवी, प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय देऊंधा संतोष कुमार मिश्रा, प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय अमिरती पुरवा राजेश कुमार सिंह, प्रबंधक स्व. गुलाब कली जूनियर हाई स्कूल लाल प्रताप सिंह, सहायक अध्यापक रचना देवी, खेल शिक्षक भैया लाल सिंह, स्पेशल एजुकेटर संजय कुमार पांडेय, गुड़िया त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिलाधिकारी पुलकित गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने गुरुवार को जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा प्रबंधों, सीसीटीवी कैमरों के संचालन तथा कैदियों की व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया।
निरीक्षण के दौरान डीएम-एसपी ने महिला बैरक में निरुद्ध महिलाओं से भोजन एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि कैदियों को प्रतिदिन मीनू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराया जाए। हाई सिक्योरिटी बैरक में कैदियों की तलाशी कराते हुए जेल अधीक्षक को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि शासन की गाइडलाइन के अनुसार दूरभाष की सुविधा उपलब्ध कराई जाती रहे। कहा कि जेल परिसर में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने रसोईघर, आरओ वाटर सप्लाई सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। ठंड को देखते हुए उन्होंने जेल प्रशासन को निर्देश दिया कि निरुद्ध कैदियों को शासन द्वारा अनुमन्य सभी सामग्री उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# नाबालिक की आबरू से छेड़छाड़ के दो आरोपियों को 04-04 वर्ष का कठोर कारावास व 03-03 हजार रुपये जुर्माना

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान ÷ऑपरेशन कन्विक्शन÷ के तहत कड़ी सजा दिलाये जाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के तहत चिह्नित वर्ष-2022 में थाना नरैनी क्षेत्र अन्तर्गत नाबालिक लडकी के साथ छेडखानी करने वाले दो अभियुक्तों न्यायालय द्वारा 04-04 वर्ष के कठोर कारावास व 03-03 हजार रुपये जुर्मानें की सजा से दण्डित कराया गया।गौरतलब हो कि जनपद नरैनी क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम के रहने वाले रामबाबू ने दिनांक 13.05.2025 को थाना नरैनी पर सूचना दी कि उनकी नाबालिक पुत्री को गांव का ही एक लडका परेशान करता है।इस सम्बन्ध में थाना नरैनी में मु0अ0सं0 96/22 धारा 354/504भादवि 7/8 पॉक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया था। जिसकी विवेचना तत्कालीन उप निरीक्षक कौशल सिंह द्वारा सम्पादित की गयी।विवेचना के क्रम में विवेचक द्वारा प्रभावी विवेचना करते हुए दिनांक 03.11.2022 को आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया था। लोक अभियोजक सुनील कुमार गुप्ता द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई साथ ही कोर्ट मोहर्रिर आरक्षी गौरव व जितेन्द्र तथा पैरोकार आरक्षी प्रवीण के अथक प्रयासों से दो आरोपियों को सत्र न्यायालय बांदा द्वारा 04-04 वर्ष के कठोर कारावास व 03-03 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। अभियुक्त-सद्दाम पुत्र अब्दुल उर्फ लम्बरदार नि0 लहुरेटा थाना नरैनी। ऐमुद्दीन उर्फ अयानुद्दीन पुत्र नैमुद्दीन उर्फ अजमुद्दीन नि0 लहुरेटा थाना नरैनी।

## दबंग मोरम माफिया के आगे प्रशासन बेबस और बौना साबित हो रहा है, जबकि मुख्यमंत्री दे रहे हैं चेतावनी, लूट की तो लंगड़ाते नजर आओगे

**जन एक्सप्रेस/हमीरपुर।** सूबे के ईमानदार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दे रहे हैं चेतावनी, अगर लूट की तो लंगड़ाते नजर आओगे। जबकि सरीला तहसील के इछौरा झिटकिरी मोरम खण्ड -25/9 में? भारी भरकम प्रतिबंधित पोकलैण्ड मशीनों से मोरम की लूट का कारोबार बदस्तूर धड़ल्ले से बेरोकटोक जारी है। वही बेखौफ और बेलगाम मोरम माफिया ए0एन0बिल्डर, पहलवान ट्रेडर्स के आगे प्रशासन? बेबस और बौना साबित हो रहा है। जबकि इछौरा झिटकिरी मोरम खण्ड- 25/9- में एनजीटी के नियमों को ताख पर रखकर खण्ड संचालक भारी भरकम प्रतिबंधित पोकलैण्ड मशीनों से रोक के बावजूद कर रहे हैं, जमकर मोरम का अवैध खनन। वही सूबे की तेज तर्रार खनन निदेशक माला श्रीवास्तव के आदेशों की खुलेआम उड़ाई जा रही धज्जियाँ। जबकि प्रशासन इस मोरम माफिया के खिलाफ कार्यवाही करने के बजाय बौना और बेबस नजर आ रहा है।

# दस्यु बलखडिया को सिम देने वाले को सजा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

दस्यु बलखड़िया गैंग को दूसरे की आई.डी. का दुरुपयोग करते हुए सिम उपलब्ध कराने के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी को चार वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 15,000 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है।
अपर जिला शासकीय अधिवक्ता गोपाल दास ने बताया कि कर्वी कोतवाली के तत्कालीन उपनिरीक्षक धनश्याम पाण्डेय ने बीती नौ सितम्बर 2012 को बांदा जिले के फतेहगंज थाने के जबरापुर गांव के निवासी राकेश कुमार पटेल को गिरफ्तार किया था। पुलिस के अनुसार आरोपी राकेश कुमार पटेल ने दो महिलाओं की आई.डी. का दुरुपयोग करते हुए फर्जी तरीके से सिम लेकर दस्यु बलखडिया गिरोह को दिए थे। जांच के दौरान सामने आया कि सिम अनूपा देवी के नाम पर जारी हुआ है। जिसने पुलिस को बताया था कि वह कर्वी के एल.आई.सी. चैराहे में खुली दुकान राकेश कम्प्यूटर्स में सिम लेने गई थी, जहां उसने अपनी आई.डी. व मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति दुकानदार को दी थी। जिसके बाद दुकानदार राकेश कुमार पटेल ने उसे केवल एक सिम दिया था। इसी प्रकार मीरा देवी ने बताया कि उसने भी अपनी आई.डी. जमा कर दुकानदार से एक सिम लिया था। जबकि इन दोनों के नाम पर दो सिम जारी किए गए, जो दस्यु बलखडिया गिरोह को दिए गए थे। जिनका प्रयोग डकैती व हत्या जैसी गम्भीर आपराधिक घटनाओं में किया गया।

# पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ भ्रमण कर रहे युवक को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति धौसड़ रोड़ केवतरा पुलिया के पास संदिग्ध रुप से भ्रमण कर रहा है।सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर जाकर व्यक्ति को पकड़कर तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुए। बरामद-01 अवैध तमंचा 12 बोर,01 जिन्दा कारतूस 12 बोर
गिरफ्तार अभियुक्त-सुखबीर पुत्र श्रीसिंह निवासी जौहरपुर थाना तिन्दवारी
गिरफ्तारी करने वाली टीम-उप निरीक्षक श पारसनाथ,उप निरीक्षक अजीत कुमार, कांस्टेबल अनूप कुमार, कांस्टेबल राजन कुमार आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं ने भरी हुंकार डिजिटल हिंसा का किया कड़ा विरोध-जागरूकता की जरूरत

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

महिला संस्था वनांगना के द्वारा चलाए जा रहे तरंग मेरे सपने मेरी उड़ान कार्यक्रम के तहत 16 दिवसीय अभियान का आगाज हुआ। इसमें किशोर, किशोरियों और सामुदायिक लीडर्स को डिजिटल हिंसा पर वीडियो दिखाकर साइबर क्राइम की जानकारी दी गई साथ ही इससे बचने के उपाय बताए गए।
नरैनी ब्लॉक के जमवारा गाँव में बृहस्पतिवार से 16 दिवसीय अभियान की शुरुआत हुई। वानंगना डारेक्टर पुष्पा शर्मा ने कहा कि लोगों के बीच भाषा, नस्ल, रंग, लिंग, धर्म, अन्य विचार, संपत्ति, राजनीतिक आदि बातों के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए, इसलिए मानवाधिकार का निर्माण किया गया है। जूनियर विद्यालय परिसर में 100 किशोर, किशोरियों तथा सामुदायिक लीडर्स को डिजिटल हिंसा के बारे में वीडियो दिखाकर समझाया गया। उन्हें समझाया गया कि अगर कोई व्यक्ति सोशल मीडिया का दुरुपयोग करके क्राइम कर रहा है तो उससे डरे नहीं बल्कि अपने अभिभावक को इसकी जानकारी दें।
लीडर्स द्वारा रैली निकालकर महिला हिंसा के विरोध में नारे लगाए गए। ग्रामीणों, दुकानदारों व राहगीरों को पर्चे बांटे गए।




मानवाधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। महिलाओं के पैनल ने अपने अनुभव साझा किए।
कार्यक्रम में उपस्थित संकुल प्रभारी खालिद खान ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने महिलाओं को हिंसा के प्रति आवाज़ उठाने के लिए प्रेरित किया। सीनियर कार्यकर्ता शोभा देवी ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि लिंग के आधार पर होने वाली डिजिटल हिंसा को हम सबको मिलकर आवाज़ उठाने की ज़रूरत है। सभी लोगों ने हस्ताक्षर कर हिंसा को समाप्त करने की सहमति जताई। कार्यक्रम में उपस्थित रहीं सहायक टीचर्स राधा, शाहीन, श्यामकली, फरजाना, दीपक, आतिफा, आरती, शिफ़ा, सहबा, तहमीना आदि।



## नहीं कम हो रहीं शेख हसीना की मुश्किलें...


बांग्लादेश की एक कोर्ट ने गुरुवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को भ्रष्टाचार के तीन मामलों में 21 साल जेल की सजा सुनाई। बांग्लादेश की सरकारी न्यूज एजेंसी बीएसएस ने बताया कि ये तीनों मामले पुरबाचोल में राजुक न्यू टाउन प्रोजेक्ट में प्लॉट बांटने में... पढ़ें पेज 12 पर...

# आयुष विभाग में हड़कंप: हाईकोर्ट ने शासन का आदेश रद्द किया

■ स्थानांतरण नीति 2025 पर बड़ा फैसला, डॉक्टरों की चली– विभाग में अफरा-तफरी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

आयुष विभाग में स्थानांतरण नीति 2025 के तहत हुए विवाद पर उच्च न्यायालय के आदेश ने पूरे विभाग में हड़कंप मचा दिया है। होम्योपैथिक निदेशक द्वारा किए गए स्थानांतरण को आयुष मंत्री ने अपरिहार्य कारणों का हवाला देते हुए निरस्त कर दिया था। मंत्री के इस निर्णय को चुनौती देते हुए प्रभावित डॉक्टरों ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया–जहाँ से शुक्रवार को आया फैसला विभाग के लिए बड़ा झटका साबित हुआ। जानकारी के अनुसार, निदेशक होम्योपैथिक ने स्थानांतरण नीति 2025 के तहत कई चिकित्सकों का स्थानांतरण किया था। लेकिन मंत्री स्तर से इन स्थानांतरणों को रद्द कर दिया गया। इस निर्णय के बाद डॉक्टरों ने इसे नियम-विरुद्ध हस्तक्षेप बताते हुए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। डॉक्टरों का कहना था कि स्थानांतरण नीति के मुताबिक यदि आदेश निदेशक द्वारा जारी किए गए हैं, तो बिना उचित कारण उन्हें रद्द नहीं किया जा सकता।



HIGH COURT OF JUDICATURE AT ALLAHABAD
LUCKNOW

WRIT - A No. - 7738 of 2025

Dr. Arvindra Kumar Garg ....Petitioner(s)

Versus

State Of U.P. Thru. Prin. Secy. Deptt. Of Ayush Lko. And 2 Others ....Respondent(s)

Counsel for Petitioner(s) : Sunny Sharma, Abhinav Srivastava
Counsel for Respondent(s) : C.S.C.

Court No. - 7

HON'BLE MANISH MATHUR, J.

1. Heard Mr. Abhinav Srivastava and Mr. Sunny Sharma learned counsel for petitioners and learned state counsel for opposite parties.

2. Petition has been filed challenging order dated 14th June 2025 whereby petitioner's earlier transfer on his request has been cancelled.

3. It has been submitted that earlier in terms of government order dated 6th May 2025, petitioner had submitted an application seeking transfer as per options on compassionate basis. The said application was allowed by means of order dated 14th June 2025 but has been cancelled by means of impugned order order passed on the same date.

4. It is submitted that a bare perusal of impugned order will make it evident that no reasons whatsoever have been indicated for cancellation of transfer of petitioner. It is therefore submitted that the order is cryptic and does not advert to any reasons or even public policy to cancel the order effected in favor of petitioner earlier.

5. Learned state counsel on the basis of counter affidavit has refuted submissions advanced by learned counsel for the petitioner with the submission that the annual transfer policy was issued by the government vide order dated 6th May 2025 which stipulates that the transfer of group D personnel shall be effected by the heads of the respective departments after consultation with the Hon'ble Minister of the department concerned. It is

### विभाग में मचा हड़कंप, आदेश अनुपालन की तैयारी

हाईकोर्ट का आदेश आते ही आयुष विभाग में खलबली मच गई है। जिन स्थानांतरणों को निरस्त किया गया था, उन्हें अब दोबारा बहाल किया जाएगा। न्यायालय ने शासन को निर्देश दिए हैं कि आदेश का अनुपालन जल्द से जल्द कराया जाए और नया हलफनामा प्रस्तुत किया जाए। विभागीय सूत्रों के अनुसार, अफसर अब आदेश की फाइलें खंगालने में जुट गए हैं। संबंधित चिकित्सकों को जल्द ही औपचारिक सूचना भेजी जाएगी। कई जिला कार्यालयों में भी इस फैसले की चर्चा तेज है, क्योंकि इससे विभागीय स्थानांतरण प्रक्रियाओं पर भविष्य में बड़ा असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

### कई और फैसलों पर असर की आशंका

विशेषज्ञों का मानना है कि यह फैसला आयुष विभाग ही नहीं, बल्कि अन्य विभागों की स्थानांतरण प्रणाली पर भी असर डाल सकता है। यदि बिना कारण स्थानांतरण निरस्त करने की प्रवृत्ति पर अदालतों ने सख्ती दिखाई, तो आने वाले दिनों में कई प्रशासनिक निर्णयों की समीक्षा संभव है।

### हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं

सुनवाई के दौरान न्यायालय ने शासन से पूछा कि स्थानांतरण निरस्त करने के लिए किस आधार पर निर्णय लिया गया? शासन की ओर से दाखिल हलफनामे में इस प्रश्न का संतोषजनक उत्तर न मिलने पर न्यायालय ने स्पष्ट टिप्पणी करते हुए कहा कि शासन अपने निर्णय के लिए ठोस आधार प्रस्तुत नहीं कर सका। इसी के साथ अदालत ने शासन का आदेश रद्द कर डॉक्टरों के पक्ष में फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि स्थानांतरण नीति का पालन करना सभी के लिए अनिवार्य है, और किसी भी प्रशासनिक निर्णय को उचित कारणों के साथ ही लिया जाना चाहिए।

# टॉप सीक्रेट खुलासे पर सियासी बवंडर


## विधानसभा अधिकारों में दखलंदाजी के निर्णय पर अब भाजपा के विधान परिषद सदस्य भी आमने-सामने

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

'टॉप सीक्रेट' खुलासे के बाद मचा राजनीतिक भूचाल अब ठहरने का नाम नहीं ले रहा है। विधानसभा और विधान परिषद की समितियों के सामने केवल विशेष सचिव स्तर के अधिकारी ही उपस्थित हों–मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सहमति से लिया गया यह बड़ा निर्णय अब सत्तारूढ़ दल के भीतर ही खुला विरोध झेल रहा है। भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर के बाद अब पार्टी के ही विधान परिषद सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह भी इस फैसले के खिलाफ खुलकर मैदान में आ गए हैं।

### देवेंद्र प्रताप सिंह ने सभापति को भेजा विरोध-पत्र

विधान परिषद सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह ने सभापति को भेजे पत्र में स्पष्ट लिखा है कि नौकरशाही में विधायिका के प्रति उपेक्षा और अनादर की प्रवृत्ति लगातार बढ़ रही है। उनका कहना है कि समितियों के समक्ष शीर्ष अधिकारियों की अनुपस्थिति न सिर्फ़ परंपराओं के विपरीत है, बल्कि यह जनता के प्रति विधायिका की जवाबदेही पर सीधा प्रहार है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब योजनाओं से लेकर निर्णय और क्रियान्वयन तक की पूरी बागडोर शीर्ष अधिकारियों के हाथ में है, तो



देवेन्द्र प्रताप सिंह
सदस्य
विधान परिषद

विधान भवन, लखनऊ
कक्ष संख्या-35,
दिनांक 20.11.2025

वे विधायी समितियों के सामने उपस्थित होने से क्यों बच रहे हैं?

### नौकरशाही को मिली 'ढाल', जनप्रतिनिधि नाराज़

नए प्रावधान के अनुसार अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव स्तर के अधिकारी अब विधानसभा या परिषद की किसी भी समिति के सामने प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित नहीं होंगे। वे केवल अपने कार्यालयों से वीडियो माध्यम से जुड़ेंगे। 'टॉप सीक्रेट' ने इसी आदेश का पर्दाफाश किया था, जिसके बाद जनप्रतिनिधियों की नाराज़गी तेजी से बढ़ी है। विधायकों का कहना है कि विभागीय कार्यों, योजनाओं और ज़मीनी समस्याओं पर सवालों के जवाब देने के लिए शीर्ष अधिकारी का सीधे सामने होना आवश्यक है। वीडियो माध्यम से जुड़ने पर वे न तो गंभीर प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दे पाएंगे और न ही वास्तविक जवाबदेही तय हो सकेगी।

### सत्तारूढ़ दल के भीतर बढ़ती बेचैनी

नंदकिशोर गुर्जर पहले ही इस आदेश को विधायिका का अपमान बता चुके हैं। अब देवेंद्र प्रताप सिंह के विरोध खुलकर सामने आने के बाद यह साफ़ हो गया है कि मामला अब केवल असंतोष तक सीमित नहीं–बल्कि यह आंतरिक असहमति का बड़ा रूप ले रहा है। सूत्रों के अनुसार भाजपा के कई और विधायक भी इस निर्णय से नाराज़ हैं, लेकिन सरकारी दबाव और राजनीतिक समीकरणों के चलते खुलकर सामने नहीं आ रहे। जनप्रतिनिधियों की शिकायत है कि बेकाबू नौकरशाही के कारण सरकारी योजनाओं की निगरानी लगातार कमजोर हो रही है।

### राजनीति में खलबली, आगे और टकराव की आशंका

विधानसभा समितियों के अधिकार सीमित होने से विधायी व्यवस्था पर दूरगामी असर पड़ सकता है। यही कारण है कि सत्ता दल के भीतर ही विरोध की आवाज़ें तेज़ होती जा रही हैं। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में यह मुद्दा और बड़ा राजनीतिक विवाद बन सकता है।

# सियासी घमासान: क्षत्रिय महासभा की शिकायत पर सपा प्रवक्ता मनोज यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ में राजनीतिक तापमान एक बार फिर चढ़ गया है। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की शिकायत पर समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता मनोज यादव के खिलाफ हज़रतगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ है। मामला एक टीवी डिबेट में दिए गए कथित विवादित बयान से जुड़ा है, जिसमें मनोज यादव पर आरोप है कि उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित ठाकुर एवं क्षत्रिय समाज के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि लाइव डिबेट के दौरान मनोज यादव ने न केवल बीजेपी प्रवक्ता सत्यनारायण सिंह पर व्यक्तिगत टिप्पणी की, बल्कि पूरे क्षत्रिय समाज का अपमान किया। इसको लेकर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा में गहरा रोष व्याप्त है। महासभा के वरिष्ठ महामंत्री राघवेन्द्र सिंह राजू ने हज़रतगंज कोतवाली पहुंचकर विस्तृत प्रार्थनापत्र देते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की। शिकायती पत्र में लिखा गया। माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी सहित, ठाकुर-क्षत्रिय समाज के खिलाफ गालीबाज प्रवक्ता मनोज यादव के खिलाफ कार्रवाई की जाए। टीवी डिबेट में इस तरह की भाषा समाज को बांटने और वातावरण बिगाड़ने वाली है। प्रार्थनापत्र की जांच के बाद हज़रतगंज कोतवाली के इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर ली। उन्होंने बताया कि मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है और आगे की कानूनी कार्रवाई निर्धारित प्रक्रिया के तहत होगी। इस घटना के बाद राजधानी के राजनीतिक गलियारों में सरगर्मी बढ़ गई है। बीजेपी प्रवक्ताओं ने इसे समाजवादी पार्टी की ÷नफरत की राजनीति÷ करार दिया, जबकि सपा नेताओं का कहना है कि बीजेपी अनावश्यक रूप से सामाजिक विभाजन को हवा दे रही है। उधर, मनोज यादव की ओर से अभी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। मामले के तूल पकड़ने से आने वाले दिनों में बयानबाज़ी और तेज़ होने की पूरी उम्मीद है। पुलिस भी अब डिबेट की वीडियो फुटेज और रिकॉर्डिंग की बारीकी से जांच में जुट गई है।



N.C.R.B (एन.सी.आर.बी)
I.I.F.-I (एकीकृत जाँच फार्म -I)

| S.No. Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Present Address (वर्तमान पता) |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |

8.Reasons for delay in reporting by the complainant/informant
9.Particulars of properties of interest
10.Total value of property (In Rs/-)
11.Inquest Report / U.D. case No., if any
12.First information contents

## केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है: जिलाध्यक्ष



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

**मलिहाबाद।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत गुरुवार को विकासखंड के सभागार में विधानसभा मंडल द्वारा महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम में पहुंचकर विधायक जयदेवी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और रोजगार से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।भाजपा जिला अध्यक्ष विजय मौर्य ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। आज की महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं, और सरकार उन्हें आगे बढ़ाने के लिए सभी जरूरी सुविधाएं एवं अवसर उपलब्ध करा रही है। कार्यक्रम की संयोजक पिंकी शर्मा, जिला मंत्री महिला मोर्चा रहीं। इस दौरान रामबिलास रावत जिला उपाध्यक्ष, निर्मल वर्मा ब्लॉक प्रमुख, प्रधान संघ अध्यक्ष प्र अखिलेश सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं।

# यूपी में 7.34 करोड़ गणना प्रपत्रों का हो चुका है डिजिटाइजेशन: रिणवा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर अंतर्गत गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का कार्य तेज गति से प्रगति पर है। अब तक प्रदेश में 7.34 करोड़ लगभग 48 प्रतिशत मतदाताओं के गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा किया जा चुका है। प्राप्त गणना प्रपत्रों का बूथ लेवल अधिकारी निरंतर डिजिटाइजेशन कर रहे है। मतदाताओं से अपील है कि यथाशीघ्र गणना प्रपत्र भरकर नवीनतम पासपोर्ट आकार की फोटो चस्पाकर बीएलओ को उपलब्ध कराएं। सीईओ ने बताया कि औरैया, अम्बेडकरनगर, चित्रकूट, बाराबंकी, पीलीभीत, सहारनपुर, अमरोहा, मुरादाबाद, बस्ती, रामपुर, चंदौली, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, बरेली, आजमगढ़, फिरोजाबाद एवं एटा में 50 प्रतिशत से अधिक डिजिटाइजेशन हो चुका है, जो सराहनीय है। जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिन बूथों पर प्रगति अपेक्षाकृत कम है, वहां बीएलओ को प्रोत्साहित करते हुए अतिरिक्त दक्ष कार्मिकों की तैनाती की जाए।

## एक्सप्रेस खबरें...

### पशु चिकित्सालयों, सेवा केन्द्रों के सुदृढ़ीकरण हेतु 1082.173 लाख स्वीकृत

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में एसएनए स्पर्श के अंतर्गत अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना के तहत पशु चिकित्सालय,पशु सेवा केन्द्र सुदृढ़ीकरण हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में 10 करोड़ 82 लाख 17 हजार 3 सौ मात्र रूपये की धनराशि स्वीकृत की है। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर दिया गया है स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय राज्य सरकार तथा भारत सरकार अनुमोदित कार्ययोजना के अनुसार योजना की गाइडलाइन्स का अनुपालन किया जाएगा।

### 8 मार्गों के चालू कार्यों हेतु 1 करोड़ 11 लाख 46 हजार अवमुक्त

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। राज्य सरकार द्वारा राज्य सड़क निधि योजना के अन्तर्गत मेरठ मण्डल के विभिन्न जनपदों के 8 मार्गों के स्वीकृत एवं चालू कार्यों हेतु 1 करोड़ 11 लाख 46 हजार रूपए की अवशेष धनराशि अवमुक्त की गयी है। जारी शासनादेश में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि आवंटित धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च 2026 तक कर लिया जाय एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को 30 अप्रैल 2026 तक उपलब्ध कराया जाय।

### 37 मार्गों हेतु 9 करोड़ 69 लाख 57 हजार अवमुक्त

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। राज्य सरकार द्वारा राज्य सड़क निधि योजना के अन्तर्गत लखनऊ मण्डल के विभिन्न जनपदों के 37 मार्गों के स्वीकृत एवं चालू कार्यों हेतु 9 करोड़ 69 लाख 57 हजार रूपए की अवशेष धनराशि अवमुक्त की गयी है। जारी शासनादेश में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि आवंटित धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च 2026 तक कर लिया जाय एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को 30 अप्रैल 2026 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

### एसआईआर में बीएलओ का सहयोग करेंगे सपा कार्यकर्ता

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। गाजीपुर के समाजवादी पार्टी के नेता व सबुआ और सौरम सेक्टर के क्षेत्रीय प्रभारी सुजीत यादव साइकिल आज ग्रामसभा सबुआ ग्रामसभा मेंहरौली के अन्तर्गरत आने वाले बूथों का दौरा करके बीएलओ और बूथ अध्यक्ष से मिलकर कर एसआईआर फॉर्म की जानकारी प्राप्त की। सबुआ के सेक्टर प्रभारी खुर्रम अली, सपा नेता नारद यादव ,बूथ अध्यक्ष लल्लन राम व सरफुद्दीन अली विशेष रूप से थे। उन्होंने सपा पार्टी कार्यकर्ताओ से कहा कि बीएलओ का सहयोग करे कोई घर बचे नही सबका वोट बनवाना हम सबका कर्त्तव्य है।सपा नेता सुजीत साइकिल ने कहा,अखिलेश यादव 2027 में मुख्यमंत्री बनेंगे तो सबको रोटी कपड़ा मकान मिलेगा। अगर वोट से वंचित रह गए तो पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक के लोगो का हक छिन जाएगा,इसलिए वोट जरूर बनवाये।

### फुटबॉल मैदान पर बढ़ेगा यूपी विधानसभा का परचम

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। वर्ष 2025-26 में होने वाली अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज फुटबॉल पुरुष प्रतियोगिता के लिए उत्तर प्रदेश की 22 सदस्यीय फुटबॉल टीम घोषित कर दी गई है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 8 से 15 दिसंबर तक गोवा के कैम्पाल फुटबॉल ग्राउंड में आयोजित की जाएगी।टीम में विधानसभा सचिवालय उत्तर प्रदेश के तीन खिलाड़ियों का चयन होना राज्य के लिए गर्व का विषय माना जा रहा है। चयनित खिलाड़ियों के नाम श्रीकांत कानौजिया,संजय कुमार, तथा प्रवीण मिश्र हैं।इन खिलाड़ियों ने चयन ट्रायल के दौरान बेहतरीन कौशल, अनुशासन और फिटनेस का प्रदर्शन करते हुए टीम में स्थान प्राप्त किया। प्रस्थान से पूर्व खिलाड़ियों ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से शिष्टाचार भेंट की। अध्यक्ष ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर उत्तर प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। विधानसभा सचिवालय परिवार एवं सहकर्मियों ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे विधानसभा सचिवालय के लिए गौरव की बात है।

# राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्माणाधीन भवन में निर्माण कार्य 31 दिसम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी हृषिकेश भास्कर याशोद ने गुरूवार को प्राधिकरण के लिए गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ के सेक्टर-7 में बन रहे निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। याशोद ने कार्यदायी संस्था के अभियन्ताओं तथा ठेकेदार को प्रत्येक दशा में भवन का कार्य मानक के अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण 31 दिसम्बर तक पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इस दौरान भवन में आपातकालीन संचालन केन्द्र, पुस्तकालय, ऑडिटोरियम, मीटिंग हाल, लेक्चर हाल, क्लासरूम, डायनिंग एरिया, किचेन, मेस इत्यादि में हो रहे कार्यों को देखा।अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने प्राधिकरण में कार्यरत विशेष कार्याधिकारी मान्धाता, लोक निर्माण विभाग की अभियन्ता अंशू मालिनी साहू को अपनी निगरानी में भवन का निर्माण तय समयसीमा में कराने के निर्देश दिए। सुरक्षा के दृष्टिगत रैम्प तथा सीढ़ियों पर तत्काल रेलिंग लगाने के निर्देश दिए तथा भवन के सामने निर्मित डिवाइडर को ठीक करवाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। भवन के अंदर वेंटिलेशन तथा सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। भवन के सुरक्षा के लिए सुरक्षा गार्ड को तत्काल तैनात करने का निर्देश दिया। कमरों के सामने संख्या तथा संबंधित कार्मिकों का नाम लिखा जाए। प्रत्येक तल पर चाबी का स्टेशन स्थापित करने के निर्देश दिये।अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि भवन निर्माण में उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। निर्माण में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होनी चाहिए तथा पूरा कार्य नियमित पर्यवेक्षण के साथ होना चाहिए। उन्होंने निर्माण स्थल पर काम कर रहे कार्यदायी संस्था के ठेकेदार तथा अभियंता से बातचीत की और कार्य की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने भवन की साफ-सफाई तथा रख-रखाव हेतु निर्देशित किया।

# विकसित उत्तर प्रदेश 2047 विजन: पशुपालन डेयरी एवं मत्स्य क्षेत्र परामर्श का आयोजन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में ''विकसित उत्तर प्रदेश 2047 विजन'' स्टेकहोल्डर्स परामर्श के अंतर्गत पशुपालन डेयरी एवं मत्स्य क्षेत्र परामर्श का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों, शिक्षाविदो, उद्योग प्रतिनिधियों एवं नीति निर्माताओं ने प्रतिभाग करते हुए उत्तर प्रदेश के पशुपालन डेयरी एवं मत्स्य क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए नीतिगत सुधारों, निवेश अवसरों तथा नवाचारों पर विचार-विमर्श करते हुए आवश्यक सुझाव दिए। कार्यक्रम में श्याम बिहारी गुप्ता अध्यक्ष उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग ने पशुधन एवं डेयरी क्षेत्र में पशुपालन की महत्ता पर बल दिया। उन्होंने गोबर से बायोगैस व स्लरी को खाद के रूप में उपयोग करने, गोबर-गोमूत्र सहकारी समितियों की स्थापना करने, मल्टी-लेयर फार्मिंग तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने संबंधी विचार व्यक्त किया।इस अवसर पर प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के विजन के अनुरूप पशुपालन एवं मत्स्य क्षेत्र की भावी दिशा पर तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण आय में वृद्धि, रोजगार सृजन और कृषि-जीएसवीए में तेज़ी लाई जा सके। पशु स्वास्थ्य को मजबूत करना, मानव स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने के लिए अत्यन्त आवश्यक है। राज्य सरकार का लक्ष्य 2047 तक यूपी को एक प्रमुख लाइवस्टॉक हब के रूप में स्थापित करना है। उन्होंने वैल्यूचेन व मार्केटिंग सशक्तीकरण, उच्च उत्पादकता वाली स्थानीय नस्लों पर बल एवं महिला नेतृत्व वाली पशुपालन इकाइयों, शत पीपीआर टीकाकरण, डेयरी क्लस्टर, फोडर बैंक तथा पीपीपी मॉडल को बढ़ावा दिये जाने को कहा।

# परिवहन मंत्री ने किया यूपी की कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक्स क्षमता को अनलॉक करना विषय पर कांफ्रेंस का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

■ विकसित भारत को साकार करने में परिवहन विभाग का महत्वपूर्ण योगदान: दयाशंकर

उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने आज लखनऊ के अंसल स्थित सेंट्रम होटल में उत्तर प्रदेश की कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक्स क्षमता को अनलॉक करना विषय पर आयोजित कांफ्रेंस का दीप प्रज्ज्वलन कर शुरूआत की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में देश को एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रूप में प्रदेश को बेहतर नेतृत्व मिला है,ऐसे में 2047 तक विकसित भारत का सपना जरूर साकार होगा। परिवहन विभाग इस कार्य में महत्वपूर्ण योगदान देने को तैयार है। परिवहन निगम ने अपने बेड़े में आमूल चूल परिवर्तन किया है। सभी स्टेकहोल्डर विभाग जैसे पी डब्ल्यू डी, रेलवे, सिविल एविएशन, ट्रैफिक जो परिवहन से संबंधित हैं आज एक महत्वपूर्ण परिचर्चा करने को आज एक मंच साझा कर रहे हैं। जिसमें 2047 में उस समय परिवहन कैसा हो सड़के कैसी हो, भारत के विकास में उत्तर प्रदेश का योगदान क्या हो इत्यादि विषयों पर चर्चा हो रही है। परिवहन निगम द्वारा आज एयरपोर्ट की तर्ज पर बस अड्डे का विकास पी मॉडल पर किया जा रहा है, जहां लोगों को विश्व स्तरीय सुविधाएं मुहैया होगी।इन स्टेशनों पर होटल, दुकान,माल बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। परिवहन सेवाएं और कैसे बेहतर हो लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी दे सके इस विषय पर चर्चा हो रही है। एयरपोर्ट, रेलवे, रोडवेज सब आपस में लिंक हो, ट्रैफिक व्यवस्था भी सुचारू रूप से गतिमान रहे इत्यादि विषय पर चर्चा हो रही है। जहां भी कमियां है उसको दूर करते हुए 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने में परिवहन विभाग अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा।

# जम्बूरी में आये अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों ने देखा लखनऊ शहर

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी के डायमंड जुबली ग्रैंड फिनाले में भाग लेने आए अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों ने लखनऊ शहर का विस्तृत भ्रमण किया। इस दल में मालदीव, नेपाल, सऊदी अरब समेत कई देशों के प्रतिनिधि शामिल थे, जो भारत की सांस्कृतिक विविधता और परंपराओं को निकट से जानने के उद्देश्य से विशेष रूप से लखनऊ पहुंचे।आयोजकों द्वारा प्रतिभागियों के लिए एक सुव्यवस्थित पर्यटन कार्यक्रम तैयार किया गया, उन्हें लखनऊ के प्रमुख ऐतिहासिक और आधुनिक स्थलों का अवलोकन कराया गया। अतिथियों ने बड़ा इमामबाड़ा, घड़ीघर लुलु मॉल तथा शहर के अन्य प्रसिद्ध स्थलों का भ्रमण किया। बड़ा इमामबाड़ा की भव्यता और घड़ीघर की ऐतिहासिक संरचना ने विदेशी मेहमानों को विशेष रूप से आकर्षित किया। भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों ने लखनऊ की नवाबी तहज़ीब, यहां की कला, स्थापत्य शैली और सांस्कृतिक माहौल का प्रत्यक्ष अनुभव किया। शहर के खानपान का स्वाद चखने के लिए उन्हें विशेष रूप से लखनऊ के पारंपरिक व्यंजन परोसे गए, जिनमें टुंडे कबाबी, दही-चाट, कुल्फी और अन्य प्रसिद्ध पकवान शामिल थे। विदेशी अतिथियों ने व्यंजनों की स्वादिष्टता और विशिष्टता की सराहना की।प्रतिभागियों ने कहा कि लखनऊ की मेहमाननवाज़ी, यहां का सहज वातावरण और सांस्कृतिक समृद्धि उनके लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा। कई प्रतिभागियों ने शहर की सुंदरता और लोगों की सौहार्दपूर्ण भावना की प्रशंसा की।आयोजकों का कहना है कि भ्रमण का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों को भारत की गंगा-जमुनी तहज़ीब और समृद्ध विरासत से परिचित कराना था, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# पर्यटन विजन डॉक्युमेंट पर कार्यशाला में विशेषज्ञों ने दिए सुझाव

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

■ विजन डाक्यूमेंट में पर्यटन को वैश्विक मंच पर स्थापित करने के लिए गहन विचार मंथन

उत्तर प्रदेश के पर्यटन को वैश्विक मानचित्र पर स्थापित करने, अधिक से अधिक पूंजी निवेश आकर्षित करने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के लिए विकसित उत्तर प्रदेश-2047 विषय पर आज योजना भवन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में पर्यटन से जुड़े विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारी एवं अन्य विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। पर्यटन के विस्तार के लिए दीर्घकालिक रणनीति तैयार करने के लिए विभिन्न सत्रों में गहन विचार विमर्श किया गया। कार्यशाला में मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति अमृत अभिजात, महानिदेशक पर्यटन राजेश कुमार एवं पूर्व मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने अपने विचार एवं सुझाव तथा निवेश की संभावनाओं पर मंथन किया। विभागीय प्राथमिकताओं एवं नीतिगत सुधारों पर चर्चा की गयी। कार्यशाला में योजना विभाग, आयुष, संस्कृति विभाग तथा राज्य परिवर्तन आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी अपने विचार रखे। इसके अलावा विभिन्न सत्रों में नीति आयोग के प्रतिनिधियों तथा राष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थानों के विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने अपने विशेष संबोधन में कहा कि पर्यटन सदैव और सर्वदा रहने वाला क्षेत्र है। उत्तर प्रदेश घरेलू पर्यटन में पहले पायदान पर है, जबकि विदेशी पर्यटन में चौथे पायदान पर है। मौजूदा वर्ष 2025 में जबकि अभी एक महीना शेष है, पर्यटकों का आगमन नए रिकॉर्ड की ओर बढ़ रहा है। बीते सात वर्षों के दौरान 2019 का कुंभ और 2025 का महाकुंभ हमारी पर्यटन प्रगति को दर्शाता है। अयोध्या, काशी की तरह ही मथुरा में भी आधारभूत संरचना के विकास पर जोर दिया। मुख्यमंत्री के सलाहकार ने वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी में पर्यटन की भूमिका को अहम बताया। सफाई पर विशेष ध्यान देते हुए इस क्षेत्र में कुशल और प्रशिक्षित युवा पीढ़ी को लाने को प्राथमिकता सूची में रखने को कहा है। पर्यटन में कॉरपोरेट की भूमिका, हाइवे और एक्सप्रेस-वे के किनारे वे-साइड एमिनिटीज के विकास और सस्टेनेबल टूरिज्म जैसे प्रमुख बिंदुओं पर भविष्य के लिए सुझाव दिए।

# मिड डे मील में 11 करोड़ का घोटाला, 5 गिरफ्तार शेष की तलाश जारी

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर पुलिस द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत सरकारी दस्तावेजों में कूटरचना कर मध्यान्ह भोजन योजना का ग्यारह करोड़ से अधिक सरकारी धन का गबन करने की घटना के संबंध में अभियोग पंजिकृत कर 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने 27 नवंबर को बताया कि 26 नवंबर को शुभम शुक्ला जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जनपद बलरामपुर की जांचोपरान्त तहरीर दिया गया कि आरोपी द्वारा मध्यान्ह भोजन योजना (डीसी एमडीएम) द्वारा कई व्यक्तियों के साथ मिलीभगत कर सरकारी दस्तावेजों में हेराफेरी करते हुये प्रथम दृष्टया ग्यारह करोड़ से अधिक सरकारी धन का गबन करने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर डीसी एमडीएम फिरोज अहमद खान सहित 45 लोगों पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करके विवेचनात्मक कार्यवाही की जा रही है । उन्होंने बताया कि 27 नवंबर को थाना कोतवाली नगर पर पंजिकृत मुकदमा से संबंधित अभियुक्तों के गिरफ्तारी हेतु थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा मिलने के संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही थी । गोपनीय सूचना पर अभियुक्त मलिक मुन्नवर पुत्र मलिक भिखुल्लाह निवासी धुसवा पो0 इटईरामपुर थाना गैड़ास बुजुर्ग जनपद बलरामपुर को सैफ कालोनी निमकौनी बलुआ व फिरोज अहमद पुत्र जहीउद्दीन निवासी बरगदवा सैफ थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर, अशोक कुमार गुप्ता पुत्र बाबूलाल गुप्ता निवासी बलुआ बलुई थाना को0 देहात जनपद बलरामपुर, नसीम अहमद पुत्र लाल मोहम्मद निवासी चयपुरवा थाना गैसड़ी जनपद बलरामपुर, मो0 अहमदुल कादरी पुत्र मो0 हफीजुल्ला नईमी निवासी मध्यनगर थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर को नार्मल तिराहा निकट बड़ा परेड ग्राउंड से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त फिरोज अहमद खां जिला समन्वयक, मध्यान्ह भोजन योजना (डीसी एनडीएम) बलरामपुर से पूछताछ की तो बता रहे है कि बेसिक शिक्षा विभाग के आई0वी0आर0एस0 पोर्टल से विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या को ज्ञात करके छात्रों की संख्या के सापेक्ष शासन द्वारा निर्धारित कन्वर्जन कास्ट के गुणान्क में धनराशि की गणना कर एक्सल सीट तैयार की जाती थी तथा बी0एस0ए0 से अग्रसारित कराकर वित्त लेखा अधिकारी बेसिक शिक्षा से परीक्षित कराकर स्वीकृति हेतु जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जाती थी। एक्सल सीट को जिलाधिकारी द्वारा अनुमोदित कर दिये जाने के उपरान्त उस एक्सल सीट को पी0एफ0एम0एस0 पोर्टल पर अपलोड कर दिया जाना चाहिए, ताकि एक्सल सीट पर अंकित धनराशि विद्यालयों के खाते में पहुँच जाय, परन्तु इस स्तर पर मूल एक्सल सीट को अपलोड न करके अपने सहयोगी विद्यालयों के खातों में अंकित धनराशि को बढ़ाकर उसी बढ़ायी हुयी धनराशि के सापेक्ष धनराशि अन्य विद्यालयों के खातों से कम कर दी जाती थी, जिससे जिलाधिकारी द्वारा अनुमोदित धनराशि में कोई अंतर नहीं आता था। इस प्रकार कूट रचना के फलस्वरूप जिन विद्यालयों में धनराशि बढ़ाकर भेजी जाती थी, उन विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, ग्राम प्रधान व अभिभावक समिति के अध्यक्ष द्वारा धनराशि को निकालकर आपस में बांट लिया जाता था। गिरफ्तारी करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह, उ0नि0 सन्तोष कुमार, उ0नि0 रमन कुमार वर्मा, उ0नि0 नन्दकेश तिवारी, हे0का0 बीरन प्रसाद, हे0का0 सिद्धनाथ, का0 नितीश मौर्या, का0 विनय प्रताप सिंह, का0 सुनील कुमार, का0 मनोज कुमार यादव तथा का0 रवि दूबे शामिल थे।

# गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली थाना परिसर के सामने पलटी, तीन युवक घायल

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



गुरुवार सुबह इन्हौना थाना क्षेत्र में उस समय अफरातफरी मच गई जब थाना परिसर के ठीक सामने गन्ना लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई।और पलट गई।हादसा सुबह करीब सात बजे हुआ,जिसमें ट्रॉली में सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।मिली जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार कोरारी निवासी सूरज और अनुराग बाराबंकी के हैदरगढ़ स्थित चीनी मिल में गन्ना उतारकर वापस घर लौट रहे थे।बताया जा रहा है कि लौटते समय ड्राइवर को अचानक झपकी आ गई,जिसके चलते वह वाहन से नियंत्रण खो बैठा और ट्रैक्टर तेज रफ्तार में डिवाइडर से जा टकराया।तेज आवाज और दुर्घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए।सूचना पर तुरंत इन्हौना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची।एवं एम्बुलेंस बुलाकर घायलों को सिंहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया गया।थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटना में घायल सभी व्यक्तियों का उपचार कराया जा रहा है।और उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।हालांकि हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई,लेकिन वाहन क्षतिग्रस्त हो गया है।स्थानीय लोगों का कहना है,कि इस सड़क पर तेज़ रफ्तार में भारी वाहन अक्सर गुजरते हैं,जिससे दुर्घटना का जोखिम बढ़ा रहता है। लोगों ने प्रशासन से इस मार्ग पर स्पीड कंट्रोल और सुरक्षा उपाय बढ़ाने की मांग की है।

# भव्य कलश यात्रा के साथ 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के संरक्षण में चल रहे विराट गायत्री महायज्ञ आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी सजल श्रद्धा-प्रखर प्रज्ञा का लोकार्पण समारोह के आयोजन में बुधवार को गायत्री शक्तिपीठ से एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई । कलश यात्रा में कई प्रकार की प्रेरणाप्रद झांकियां भी थीं ।

जानकारी के अनुसार 26 नवंबर को कलश यात्रा का शुभारंभ भाजपा नेत्री और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कोमल शेरावाली शुक्ला द्वारा आरती पूजन और स्वागत के साथ किया । आदर्श नगर पालिका अध्यक्ष बलरामपुर डाक्टर धीरेंद्र प्रताप सिंह ने कलश यात्रा का पूजन और स्वागत किया । वीर अभिनंदन, नशा मुक्ति नाटिका, जय महालक्ष्मी मां, भारत माता सहित मां सरस्वतीकी झाकियां आकर्षण का केंद्र रहीं । महिला मंडल प्रभारी राम दुलारी गुप्ता और नीलम वर्मा के साथ कल्पना शुक्ला, चेतना कुंड, रानी मिश्रा, पूनम श्रीवास्तव, मंजू जायसवाल सहित अन्य बहनों के अथक प्रयासों से कलश यात्रा अपने भव्य रूप में संपन्न हुई. नशा मुक्ति नाटिका सिद्धार्थ नगर के रमेश गुप्ता और पचपेड़वा के बलवान जी ने मुख्य भूमिका निभाई. वीर अभिनंदन के रूप में गुड्डू सिंह, सरस्वती भूमिका में अंजली श्रीवास्तव, नारद हरिओम कश्यप, महालक्ष्मी के रूप में अनन्या सिंह, राधा की भूमिका में प्रेमांशी और यमराज की भूमिका में परिव्राजक ने निभाई.

झांकी में शामिल लोगों का सम्मान वरिष्ठ ट्रस्टी अशोक गुप्ता, डी ए वी के प्रवक्ता दिलीप श्रीवास्तव, डॉ के के राणा, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रभारी गुलाब चंद भारती जी ने किया और कलश यात्रा में शामिल बहनों और आए सभी परिजनों का आभार प्रकट किया.

इस अवसर पर तुलसीपुर से गायत्री परिवार के जनपद समन्वयक सत्य प्रकाश शुक्ला, पचपेड़वा से परिवराजक रामकुमार जी, बालेश्वर चौरसिया, महिला मंडल की सुनीता, मंजू, कृष्णावती जायसवाल , बलरामपुर महिला मंडल की बबीता सिंह व सविता सिंह सहित अन्य बहनों की उपस्थिति सराहनीय रही।

## सशस्त्र सीमा बल द्वारा नि:शुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के इंडो नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल 50 वीं वाहिनी द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में निःशुल्क ओपीडी पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया । शिविर में 196 जानवरों का इलाज किया गया। जानकारी के अनुसार 27 नवंबर को संजय कुमार कमांडेंट, 50वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल बलरामपुर के निर्देशन में नगारिक कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत निःशुल्क ओपीडी पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन ष्क्ष समवाय नरिहवा के अंतर्गत ग्राम नरिहवा में डॉ. चंदन तालुकदार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी (एसजी) क्षेत्रक मुख्यालय गोरखपुर और निरीक्षक सामान्य जगदीश प्रसाद समवाय प्रभारी नरीहवा एवं मुख्य आरक्षी पशु चिकित्सा मुकेश कुमार सैनी के उपस्थिति में किया गया, जिसमें 11 सीमावर्ती लोगों के 196 जानवरों का निःशुल्क ईलाज तथा जांच किया गया एवं दवाइयों का वितरण किया गया।

# इग्नू के परीक्षा प्रभारियों का ऑनलाइन प्रशिक्षण आयोजित, 1 दिसंबर से होंगी परीक्षाएं

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कालेज में संचालित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ द्वारा गुरुवार को ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया । बैठक में बलरामपुर के प्रभारी डॉ आलोक शुक्ला ने प्रतिभाग किया ।

जानकारी के अनुसार 27 नवंबर को इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) की दिसम्बर 2025 की सत्रांत परीक्षा को सकुशल परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न करने को लेकर परीक्षा केन्द्रों के प्रभारियों हेतु ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय केन्द्र, लखनऊ की ओर से वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ0 अनिल कुमार मिश्र, उपनिदेशक डॉ0 रीना कुमारी, कुलसचिव डॉ0 निशिथ नागर एवं परीक्षा केन्द्रों के प्रभारी प्रो0 विवेक सिंह, प्रो0 नवीन सैमुअल सिंह, प्रो0 नवनीत मिश्रा, डॉ0 शैलजा गुप्ता, डॉ0 पर्वत सिंह, डॉ0 के0के0 श्रीवास्तव, प्रो0 नीलांशु सिंह, प्रो0 ओ0 पी0 त्रिपाठी, प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह, प्रो0 एस0पी0 सिंह, डॉ0 आलोक शुक्ला, प्रो0 वन्दना शर्मा, प्रो0 प्रभात शुक्ला, डॉ0 कुश कुमार, डॉ0 जयदीप सिंह, डॉ0 अरूण कुमार सिंह, डॉ0 नीरज गुप्ता व डॉ0 राम नरेश उपस्थित थे। वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ0 अनिल कुमार मिश्र ने बताया कि यह परीक्षायें, क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले बत्तीस (32) जिलों के अठारह परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेंगी। डॉ0 मिश्र ने बताया कि परीक्षा केन्द्रों पर विकलांगता सम्बन्धी दिशा निर्देशों का पालन भी किया जायेगा, ताकि विकलांग परीक्षार्थियों को नियमानुसार सुविधा प्रदान की जा सके। इग्नू के द्वारा परीक्षार्थियों के लिए हॉल टिकट एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया है, जिसे परीक्षार्थी समर्थ पोर्टल के लिंक https://ignou.samarth.edu.in/ पर जाकर डाऊनलोड कर सकते हैं। परीक्षार्थियों को हॉल टिकट एडमिट कार्ड और परिचय-पत्र के साथ ही परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश दिया जायेगा। परीक्षा केन्द्र में किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाईस जैसे मोबाइल, स्मार्टवॉच, लैपटॉप या टैबलेट जाना पूर्णतया प्रतिबन्धित है। उपनिदेशक डॉ0 रीना कुमारी ने परीक्षा सम्बन्धित दिशा-निर्देशों पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि इग्नू सत्रांत परीक्षाओं का आयोजन सुचिता पूर्ण किया जा सके, इसलिए सतर्कता के साथ गोपनीय सामग्री को सुरक्षित रखें । साथ ही स्वच्छता को कायम रखने हेतु निर्देशित किया। यदि किसी छात्रध्छात्रा को समर्थ पोर्टल से हॉल टिकट निकालने में कोई असुविधा हो तो वे इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र, लखनऊ के वृन्दावन योजना, तेलीबाग स्थित कार्यालय या दूरभाष सं0 0522-2442832 या ई-मेल rclucknow@ignou.ac.in पर सम्पर्क करें। डॉ0 रीना ने बताया कि सत्रांत परीक्षायें 1 दिसम्बर 2025 से प्रारम्भ होकर 14 जनवरी 2025 तक चलेंगी।

## उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने बीएसए रायबरेली से शिक्षक समस्याओं पर की विस्तृत वार्ता

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, शाखा-रायबरेली के प्रतिनिधिमंडल ने आज जिलाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, रायबरेली से मुलाकात कर शिक्षकों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में संगठन ने कहा कि स्ढ्ढक्रके नाम पर अवकाश के दिनों में विद्यालय खोलकर कार्य कराए जा रहे हैं, जो शिक्षकों पर अतिरिक्त दबाव डालता है। इसलिए इन तिथियों के लिए प्रतिकर अवकाश स्वीकृत किया जाए। संगठन ने यह भी मांग रखी कि समायोजन के कारण एकल/बंद हुए विद्यालयों से भेजे गए इच्छुक शिक्षकों को पुन: उनके मूल विद्यालयों में वापस भेजा जाए।

साथ ही यह स्पष्ट किया कि स्ढ्ढक्रके क्रम में ष्टरुया अन्य वैध अवकाशों में किसी प्रकार की बाधा न उत्पन्न की जाए।

# जिला पर्यावरण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को जज सदस्य एनजीटी डॉ अफ़रोज़ अहमद की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन की उपस्थिति में जिला पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित की गई । बैठक में पर्यावरण संरक्षण जनभागीदारी की भूमिका, ग्राम पंचायतों, शैक्षणिक संस्थानों एवं सामाजिक संगठनों को भी इस अभियान से जोड़ने का निर्देश अध्यक्ष द्वारा दिया गया । जानकारी के अनुसार 27 नवंबर को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण समिति की बैठक न्यायाधीश एवं सदस्य, राष्ट्रीय हरित अधिकरण (ह्लत्नञ्ज) डॉ. अफ़रोज़ अहमद की अध्यक्षता एवं डीएम विपिन कुमार जैन की उपस्थिति में आयोजित की गई । बैठक में जनपद के पर्यावरणीय संतुलन, नदी संरक्षण, जल संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन एवं प्रदूषण निवारण से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की गई ।बैठक में सुआव नदी के संरक्षण एवं पुनर्जीवन पर विस्तृत चर्चा की गई। सदस्य ह्लत्नञ्ज डॉ. अफ़रोज़ अहमद ने कहा कि सुआव नदी के जीर्णोद्धार हेतु समन्वित योजनाएं तैयार कर प्रभावी रूप से क्रियान्वित की जाएं। उन्होंने कहा कि नदी क्षेत्र में अतिक्रमण न हो, ताकि नदी का प्राकृतिक स्वरूप पुनर्स्थापित हो सके। बैठक में जिले में प्रदूषण स्तर की निगरानी, औद्योगिक इकाइयों द्वारा पर्यावरणीय मानकों के अनुपालन, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, वृक्षारोपण अभियान एवं भू-जल संरक्षण के कार्यों की भी समीक्षा की गई। जज ने सभी संबंधित विभागों को निर्धारित समय सीमा में प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण सामूहिक जिम्मेदारी है तथा जनभागीदारी से संभव है। इसलिए ग्राम पंचायतों, शैक्षणिक संस्थानों एवं सामाजिक संगठनों को भी इस अभियान से जोड़ने की आवश्यकता है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, सदस्य अल्पसंख्यक आयोग सम्मान अफरोज, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, एडीएम वित्त एवं राजस्व ज्योति राय, प्रभारी डीएफओ व अन्य संबंधित अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह सामाजिक न्याय के जीवंत पुरोधा थे- गोविंद सिंह एडवोकेट

**रायबरेली।** आजाद शक्ति सेवा संगठन की ओर से रायबरेली सिविल कोर्ट में सामाजिक न्याय के पितामह,उसके संरक्षक रहे देश के पूर्व प्रधानमंत्री,पूर्व वित्तमंत्री पूर्व रक्षामंत्री एवम पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश स्वर्गीय विश्वनाथ प्रताप सिंह उर्फ वीपी सिंह जिन्हें स्नेह से लोग राजा मांडा भी कहते हैं उनकी पुण्यतिथि पर उनके चित्र को माल्यार्पण करके मनाई गई ।इस अवसर पर आजाद शक्ति सेवा संगठन के अध्यक्ष सेंट्रल बार के संयुक्त मंत्री, समाजवादी अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव, सेंट्रल बार एसोसिएशन रायबरेली के संयुक्त मंत्री प्रशासन गोविंद सिंह एडवोकेट ने कहा कि विश्वनाथ प्रताप सिंह जी ने आजाद भारत में सामाजिक न्याय को मूर्त रूप देने का काम किया। वीपी सिंह जी ने राजनैतिकता को दिशा देने का कार्य किया,और उन्होंने डा.बाबा साहब अम्बेडकर को भारत रत्न देने का काम किया।

# कविता विषय पर आयोजित आशु कविता प्रतियोगिता अतुल मिश्रा अव्वल

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कॉलेज में गुरुवार को ÷कविता÷ विषय पर आशु कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । अतुल मिश्रा ने प्रथम तथा पार्थेश्वर दुबे ने दूसरा स्थान प्राप्त किया ।

जानकारी के अनुसार 27 नवंबर को एमएलके पीजी कॉलेज में ÷कविता÷ विषय पर आशु कविता प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य प्रो. जे. पी. पाण्डेय के निर्देशन में किया गया। प्रतियोगिता में डॉ. स्वदेश भट्ट, डॉ. ऋषि रंजन पाण्डेय और डॉ. बी. एल. गुप्ता ने निर्णायक की भूमिका के रूप में सहयोग किया। आयोजन समिति में डॉ. ऋषि रंजन पाण्डेय, डॉ. अभिषेक कुशवाहा, डॉ. रिंकू, डॉ. कमलेश शाक्य व डॉ. अमित कुमार वर्मा, का विशेष सहयोग रहा ।कार्यक्रम का संचालन संयोजक डॉ. राम रहीस ने किया। इस अवसर पर प्रो. वीना सिंह (चीफ प्रॉक्टर), प्रो. रेखा विश्वकर्मा (सांस्कृतिक निदेशिका), डॉ. बी. एल. गुप्ता, डॉ. स्वदेश भट्ट, डॉ. प्रमोद यादव, डॉ . दिनेश कुमार, डॉ. अभय नाथ ठाकुर, डॉ. राज ऋषि मणि त्रिपाठी सहित अनेक शिक्षकों ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अतुल कुमार मिश्र (बी.एड. द्वितीय वर्ष), द्वितीय स्थान पर पार्थेश्वर दुबे (बी.एड. द्वितीय वर्ष), तृतीय स्थान पर रंजना चौधरी (बी एड द्वितीय वर्ष) तथा रमा पाठक (बीएससी तृतीय वर्ष) को संयुक्त रूप से मिला। प्राचार्य प्रो. जे. पी. पाण्डेय ने सभी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं । कार्यक्रम के अंत में डॉ. राम रहीस ने सभी अतिथियों, निर्णायकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आशु कविता विद्यार्थियों को सजग, संवेदनशील व अपनी बात कहने की ताकत देती है।

# अपमान का बदला लेने के लिए की थी विनीत की हत्या, चार गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



हमेशा साथ रहकर खाने-पीने वाला दोस्त ही जान का दुश्मन बन गया। गांजा पिलाने से मना करने पर अपने ही दोस्त ने साथियों संग मिलकर फंटी से पीटपीटकर हत्या कर दी। इसका राजफाश पुलिस के गिरफ्त में आने के बाद आरोपियों ने किया।पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।गुरुवार दोपहर हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने बताया कि चंदापुर थाना क्षेत्र के ओया गांव में ट्यूबवेल पर एक युवक की हत्या करने वाले मुख्य आरोपी सहित चार को गिरफ्तार कर लिया गया है।मृतक के भाई अमरदीप सिंह की तहरीर पर चार आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के आधार पर चंदापुर के ग्राम देवरी मजरे ओया निवासी प्रांजुल को अशरफाबाद मोड़ के पास से, मिल एरिया के पूरे ठकुराइन मजरे अमावां निवासी सूरज उर्फ अन्नू, जितेंद्र यादव व कुनाल यादव को महराजगंज रोड पर नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया है।

जिसमें मुख्य आरोपी प्रांजुल है।पूछताछ में मुख्य आरोपी प्रांजुल ने बताया कि वह मृतक विनीत के यहां अक्सर गांजा पीने जाया करता था। 22 नवम्बर को वह विनीत के साथ उसके ट्यूबवेल पर शाम के समय गांजा पी रहा था तभी विनीत न उसे गांजा पिलाने से मना कर दिया और उसे गालियां देना लगा,कहा कि आज के बाद मुझे दिखाई मत पड़ना नहीं तो यहीं पर खोदकर गाड़ दूंगा।और वहां से भगा दिया।यह अपमान प्रांजुल सह नहीं पाया और विनीत को सबक सिखाने के लिए ठान लिया।24 नवम्बर को विनीत ने अपने दोस्त कुनाल,सूरज,जितेंद्र व शुभम को शराब पीने के लिए पहरेमऊ बाजार बुलाया।सभी ने एक साथ शराब पी उसके बाद प्रांजुल अपने चारों साथियों को लेकर विनीत के ट्यूबवेल पर गया।वहां विनीत चारपाई पर बैठकर गांजा पी रहा था।तभी विनीत ने प्रांजुल को गांजा पीने के लिए कहा इस दौरान वहां पर मौजूद प्रांजुल के साथियों ने उसके सिर पर लकड़ी के फंटी से ताबड़तोड़ वार कर दिया।जिससे उसकी मौत हो गई।घटना के बाद प्रांजुल साथियों संग वहां से भाग निकला।

## आयुष्मान कार्ड कैम्प आयोजन 25 दिसंबर तक

**रायबरेली।** नोडल अधिकारी आयुष्मान डॉ अशोक कुमार रावत ने बताया है कि पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु आयुष्मान कार्ड कैंप का आयोजन प्रदेश भर में दिनांक 25 नवम्बर 2025 से 25 दिसम्बर 2025 तक चलाया जायेगा। इस विशेष अभियान के तहत जिले में 5,88,382 आयुष्मान बनाने के लक्ष्य है।जिला स्तर पर मुख्य विकास अधिकारी इस अभियान के नोडल बनांये गये है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रदिदिन अभियान की मोनिटरिंग एवं अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन कर आयुष्मान कार्ड प्रगति को बढाया जाना प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त ब्लाक स्तर पर बीडीओ और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक को तथा ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम प्रधान को अभियान का नोडल बनाया गया है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नवीन चंद्रा द्वारा अवगत कराया गया कि जिला चिकित्सालय (पुरुष एवं महिला ), सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिर,स्वास्थ्य केन्द्रों,पंचायत भवन, कोटेदार की दुकानों पर आशा, ए.एन.एम, सी.एच.ओ, आयुष्मान मित्रों एवं पंचायत सहायकों के माध्यम से कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाये।

# गोवंश आश्रय स्थल का सीडीओ ने किया औचक निरीक्षण, कई खामियां हुईं उजागर

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह ने गुरुवार को गौरीगंज क्षेत्र स्थित अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल सराय हृदयशाह का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान कई खामियां सामने आईं, जिन पर सीडीओ ने तत्काल सुधार के निर्देश दिए।इस दौरान परियोजना निदेशक,मुख्य पशु चिकित्साधिकारी उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, पंचायत सचिव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।निरीक्षण में आश्रय स्थल पर कुल 132 गोवंश संरक्षित मिले,जिनमें 34 मादा और 98 नर थे।वहीं करीब 73 क्विंटल भूसा और 6 क्विंटल पशु आहार उपलब्ध पाया गया। लेकिन भूसा भंडारण कक्ष अपूर्ण होने पर सीडीओ ने तुरंत निर्माण पूर्ण कराने को कहा।परिसर की स्वच्छता अपेक्षा के अनुरूप न मिलने पर सीडीओ ने नाराजगी जाहिर की।और साफ-सफाई व्यवस्था को तत्काल बेहतर करने के निर्देश दिए।सीडीओ ने गोवंश शेड, जल निकासी व्यवस्था और आहार क्षेत्र में तत्काल सुधार करने पर जोर दिया।निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि गोवंश पात्र लाभार्थियों को सुपुर्द नहीं किया गया है।इस पर उन्होंने निर्देशित किया कि अधिक से अधिक गोवंश पात्र पशु पालकों व किसानों को सुपुर्द किए जाएं,ताकि आश्रय स्थल पर भीड़ न बढ़े और पशुपालन को बढ़ावा मिल सके।अभिलेख परीक्षण में पाया गया,कि पच्चीस नवम्बर को उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने भ्रमण कर दो कमजोर गोवंशों का उपचार दर्ज किया था।सीडीओ ने निर्देश दिया कि सभी आश्रय स्थलों का नियमित निरीक्षण हो तथा उपचार,औषधि वितरण एवं अभिलेख अद्यतन की प्रक्रिया सख्ती से पालन हो।शीत कालीन सुरक्षा व्यवस्था के तहत त्रिपाल उपलब्ध होने के बावजूद पुआल और काऊ-कोट की कमी पर भी निर्देश जारी किए गए। सीडीओ ने कहा कि ठंड से बचाव के लिए सभी आवश्यक संसाधन तुरंत उपलब्ध कराए जाएं।साथ ही गौशाला के पास की भूमि पर हरा चारा उगाने और स्थानीय स्तर पर चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने को भी कहा गया।

## प्रदेश महामंत्री संजय राय ने एसआईआर व स्नातक शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर की बैठक

**रायबरेली।** जिला कार्यालय अटल भवन में स्नातक शिक्षक एमएलसी चुनाव एवं एस.आई.आर. (विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण) को लेकर बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं अवध क्षेत्र प्रभारी संजय राय उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी ने की।

बैठक को संबोधित करते हुए संजय राय ने बताया कि पार्टी द्वारा बूथ स्तर पर बीएलए-1 और बीएलए-2 की टीम गठित की गई है, जो बीएलओ के साथ मिलकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कोर कमेटियां लगातार समीक्षा बैठकें कर रही हैं और समस्याओं के समाधान पर कार्य किया जा रहा है। उनका कहना था कि भाजपा का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे तथा फर्जी मतदाताओं को सूची से बाहर किया जाए।

बैठक को भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष (अवध क्षेत्र) जितेंद्र सिंह, अमित गुप्ता और राजीव मिश्रा ने भी संबोधित किया। संचालन जिला उपाध्यक्ष जनमेजय सिंह ने किया।



**भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ की बड़ी...**

दक्षिण बंगाल सीमांत में भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात बीएसएफ की 119वीं वाहिनी के अंतर्गत सीमा चौकी एमएसपुर के जवानों ने मालदा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में खुफिया सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में सोने के सात बिस्कुट बरामद किए... पढ़ें पेज 12 पर...

# एआई मिशन 2025 : उत्तराखंड ने एआई और डेटा शेयरिंग नीति का ड्राफ्ट लांच किया

जन एक्सप्रेस । देहरादून

उत्तराखंड ने भविष्य की तकनीक को अपनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए बुधवार को एआई मिशन 2025 के तहत दो महत्वपूर्ण नीतियों–एआई पॉलिसी और डाटा शेयरिंग पॉलिसी–का ड्राफ्ट जारी किया। राजभवन स्थित सभागार में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने इन नीतियों के साथ एआई मिशन की आधिकारिक वेबसाइट और लोगो का भी शुभारंभ किया।

राज्यपाल ने कहा कि 21वीं सदी में तकनीक विकास का प्रमुख आधार बन चुकी है और बिना तकनीकी समावेश के सतत विकास की परिकल्पना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र व राज्य सरकारें इमर्जिंग तकनीक को अपनाने के लिए लगातार काम कर रही हैं। इसी कड़ी में उत्तराखंड भी एआई और डाटा प्रबंधन को अपनाकर जनता की आकांक्षाओं को पूरा करना चाहता है। उन्होंने, कहा कि आधुनिक एआई पॉलिसी प्रधानमंत्री के उस सपने को साकार करने में मदद करेगी, जिसमें 21वीं सदी का तीसरा दशक



**हैकॉथन 'उद्भव' और स्टार्टअप को मिला सम्मान**

कार्यक्रम के दौरान पहली बार आईटीडीए की ओर से आयोजित हैकॉथन उद्भव के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता राज्य के 25 शिक्षण संस्थानों में आयोजित की गई, जिसमें कुल 846 छात्रों ने भाग लिया। चयनित शीर्ष पांच टीमें–टीएचडीसी इंस्टीट्यूट की हैश क्रू, आईआईटी रुड़की की डिजिटल ट्विन टीम, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम संस्थान की अनलॉक एड, यूपीईएस की कार्बन एज, और ग्राफिक एरा विवि की ग्रिड स्फेयर–को राज्यपाल ने 50-50 हजार रुपये, मेडल, सर्टिफिकेट और टैबलेट देकर सम्मानित किया। इसके अलावा राज्य के शीर्ष पांच स्टार्टअप–ब्रिजिट, भूमिकैम, रिविज लैब्स, आई-रेजोनेट और विजी इंफोटेक–को भी 50-50 हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया।

'उत्तराखंड का दशक' होने की बात कही गई है। राज्यपाल ने एआई तकनीक से जुड़ी कुछ गंभीर चुनौतियों का भी उल्लेख किया। उन्होंने डिजिटल डिवाइड, स्वास्थ्य से जुड़े जोखिम, और एथिकल मुद्दों को प्रमुख चुनौतियां बताया। उन्होंने कहा कि इन चुनौतियों के समाधान के लिए शोध और अनुसंधान तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और यह प्रयास 2047 के विकसित भारत लक्ष्य को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव रीना जोशी, आईटीडीए के निदेशक व अपर सचिव आलोक कुमार पांडेय, यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय समेत टेक इंडस्ट्री और शिक्षण संस्थानों के मेंटर और विद्यार्थी मौजूद रहे।

**पहाड़ की जरूरतों के अनुरूप तैयार की गई नीति**

सचिव सूचना प्रौद्योगिकी नितेश झा ने कहा कि एआई पॉलिसी को केंद्र सरकार की नीति का अनुसरण करते हुए उत्तराखंड की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप ढाला गया है। उन्होंने बताया कि पर्वतीय क्षेत्रों की विशिष्ट जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कई प्रावधान शामिल किए गए हैं, ताकि एआई तकनीक स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन, पर्यटन और कृषि जैसे क्षेत्रों में अधिक प्रभावी साबित हो सके।

उन्होंने, कहा कि उत्तराखंड जिम्मेदार एआई उपयोग, नवाचार, कौशल विकास और अनुसंधान में देश में अग्रणी राज्य बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस दौरान टोनी ब्लेयर इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल चेंज के विशेषज्ञों ने 'ग्लोबल डेवलपमेंट्स इन एआई एंड देयर इंपैक्ट ऑन उत्तराखंड' विषय पर प्रस्तुति दी।

## डीएम सविन बंसल ने सरकारी अतिक्रमण हटाने में विलंब पर अफसरों को फटकारा

जन एक्सप्रेस । देहरादून

डीएम सविन बंसल ने राजधानी में सरकारी संपत्तियों को अतिक्रमण मुक्त कराने में देरी पर नाराजगी जताई है। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभाग समयबद्ध रूप से सरकारी भवन, भूमि, मार्ग, नहर और कार्यालय परिसम्पत्तियों से अवैध अतिक्रमण हटाएं जिन विभागों की भूमि पर कोई अतिक्रमण नहीं है, उन्हें प्रमाण पत्र जमा करना होगा उन्होंने कहा कि निर्धारित समयसीमा में कार्रवाई न होने पर संबंधित अधिकारियों का वेतन रोकने और निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। ऋषिपर्णा सभागार में हुई 5वीं अन्तरविभागीय समीक्षा में डीएम ने अधिकारियों से अतिक्रमण हटाने की समयसीमा मांगी और प्रक्रिया में वीडियोग्राफी, साइट मैपिंग और सुरक्षा व्यवस्था अनिवार्य करने के निर्देश दिए। बैठक के बाद ईओ हरबर्टपुर को चिट्ठी देर से भेजने पर फटकार लगाई गई और 2 दिन में कार्यवाही न होने पर निलंबन की चेतावनी दी गई। जानकारी के अनुसार, देहरादून में लगभग 80 प्रतिशत सरकारी संपत्तियां अतिक्रमणमुक्त हो चुकी हैं। लोनिवि, सिंचाई विभाग, निगम देहरादून और तहसील क्षेत्रों में कई चिन्हित अतिक्रमण हटाए जा चुके हैं।

# एपीओ के पद बढ़ने से अदालतों में मजबूत होगा सरकार का पक्ष, दून-हरिद्वार में सबसे अधिक मुकदमे

जन एक्सप्रेस । देहरादून



उत्तराखंड में सहायक अभियोजन अधिकारी (एपीओ) के 46 नए पदों के सृजन से अब अदालतों में सरकार का पक्ष और अधिक मजबूत होने जा रहा है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद अभियोजन विभाग का ढांचा बढ़कर 188 पदों का हो गया है, जिनमें से 137 पद अब सृजित हो चुके हैं। यह निर्णय उन जिलों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जहां मुकदमों की संख्या सबसे अधिक है।

नए पदों का सृजन प्रदेश के चार प्रमुख और भीड़भाड़ वाले जिलों–देहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंहनगर और नैनीताल–के लिए किया गया है। राज्य गठन के बाद अभियोजन संवर्ग के कुल 142 पद थे, जिनमें समय-समय पर 91 पद जोड़े गए। अब ढांचे के पुनर्गठन के साथ 46 और पदों की वृद्धि से विभाग की क्षमता में उल्लेखनीय मजबूती आई है।

अभियोजन विभाग के संयुक्त निदेशक गिरीश पंचोली के अनुसार, नए पदों से विभाग की कार्यक्षमता बढ़ेगी और अदालतों में सरकारी पक्ष अधिक प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि रिक्त पदों को भरने में भी यह निर्णय महत्वपूर्ण साबित होगा। साथ ही, विधि साक्षरता, जनजागरण और कानूनी प्रचार-प्रसार को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे आम जनता तक कानूनी जागरूकता पहुंचाने के प्रयास मजबूत होंगे।

गौरतलब है कि वर्ष 2021 में लोक सेवा आयोग के माध्यम से एपीओ के 63 पदों के लिए भर्ती निकाली गई थी, जिनमें से परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद प्रदेश को 53 एपीओ प्राप्त हुए थे। नई पद वृद्धि से अभियोजन विभाग की मानव संसाधन क्षमता और मजबूत होगी।

नए आपराधिक कानूनों में भी अभियोजन विभाग को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया गया है। ऐसे में कुछ विशेष अदालतों–जैसे देहरादून स्थित बड्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट की अदालतों–में सरकार की पैरवी के लिए अभियोजन संवर्ग के अधिकारियों को ही तैनात किया गया है। नए एपीओ पदों से इन कोर्टों में भी पैरवी की गति और गुणवत्ता पर सकारात्मक असर पड़ेगा। यह निर्णय राज्य में न्यायिक प्रक्रियाओं की दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# बंगाल चुनाव से पहले भाजपा का बड़ा प्लान, उत्तराखंड के इस ताकतवर नेता को मिली अहम जिम्मेदारी

जन एक्सप्रेस । देहरादून

भाजपा ने बिहार में बंपर जीत के बाद अब अपना पूरा फोकस पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव पर केंद्रित कर दिया है। इसके लिए पार्टी हाईकमान ने राष्ट्रीय स्तर पर कई बड़े नेताओं को जिम्मेदारियाँ सौंपी हैं, जिनमें उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत का नाम भी शामिल है। पार्टी नेतृत्व ने उन्हें बंगाल में संगठन मजबूत करने और चुनावी जमीन तैयार करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है।

**डॉ. धन सिंह रावत को मिली बड़ी भूमिका**

डॉ. रावत को छत्तीसगढ़ के संगठन मंत्री पवन साई के साथ मिलकर राजबंगा क्षेत्र में संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने का कार्य सौंपा गया है। इस क्षेत्र में शामिल पुरुलिया और वर्धमान जैसे महत्वपूर्ण जिलों में भाजपा कैडर को सक्रिय करना, बूथ स्तर पर संगठन तैयार करना और चुनावी रणनीति को मजबूत बनाने की जिम्मेदारी डॉ. रावत संभालेंगे।



**संगठन को मजबूत करेंगे रावत**

डॉ. धन सिंह रावत की जिम्मेदारी है कि वे अपने क्षेत्र में
- पार्टी कैडर को प्रशिक्षित करें
- बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करें
- स्थानीय मुद्दों पर कार्यकर्ताओं को दिशा दें
- चुनावी रणनीति बनाने में सहयोग करें

भाजपा प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक उनके संगठनात्मक अनुभव का लाभ बंगाल चुनाव में लेना चाहती है।

**बंगाल मिशन के लिए चुने गए राष्ट्रीय स्तर के छह नेता**

भाजपा ने आगामी चुनावों को देखते हुए राष्ट्रीय स्तर पर छह नेताओं की एक टीम बनाई है, जिसका लक्ष्य बंगाल में पार्टी की पकड़ को मजबूत करना है। इस टीम में उत्तराखंड के डॉ. धन सिंह रावत को स्थान दिया जाना भाजपा नेतृत्व के उनके प्रति विश्वास को दर्शाता है।

**बिहार जीत के बाद अब बंगाल पर फोकस**

बिहार विधानसभा चुनाव में जीत के बाद भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का पूरा ध्यान अब बंगाल पर है। पार्टी चाहती है कि इस बार बंगाल में संगठन और कैडर पहले से ज्यादा मजबूत होकर मैदान में उतरे। इसी रणनीति के तहत डॉ. रावत को जिम्मेदारी सौंपते हुए उन्हें बंगाल में पार्टी की तैयारी का अहम चेहरा बनाया गया है।

# हरीश रावत ने गन्ना खरीद मूल्य में विलंब पर सरकार को चेतावनी दी

- गन्ना खरीद मूल्य में देरी पर हरीश रावत का तंज, किसानों को पुराने मूल्य पर बेचने को मजबूर

जन एक्सप्रेस । देहरादून



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने गन्ना खरीद मूल्य में लगातार विलंब को लेकर सरकार पर तीखा तंज कसा है। उन्होंने कहा कि गन्ना चूसना तो ठीक है, लेकिन किसानों की मेहनत को चूसना सही नहीं है। उनके अनुसार, गन्ना किसानों की मेहनत को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। हरीश रावत ने बताया कि पिछले वर्ष भी गन्ने का खरीद मूल्य समय पर घोषित नहीं हुआ था। इस साल भी किसान पुराने मूल्य पर गन्ना बेचने को मजबूर हैं और नए खरीद मूल्य की घोषणा का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश की तुलना करते हुए कहा कि वहां गन्ना का खरीद मूल्य घोषित कर दिया गया है, जबकि उत्तराखंड के किसानों को अभी तक इंतजार करना पड़ रहा है। पूर्व सीएम ने सुझाव दिया कि गन्ने का उचित मूल्य प्रति क्विंटल 450 रुपये होना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्दी निर्णय नहीं लिया, तो वे 27 नवंबर को अपने आवास पर मौन उपवास रखकर विरोध जताएंगे। हरीश रावत के बयान से यह स्पष्ट है कि गन्ना किसानों की मुश्किलों और उनके उचित हक को लेकर राज-नीतिक दबाव बढ़ता जा रहा है। उनके अनुसार, समय पर गन्ना मूल्य घोषित करना न केवल किसानों के हित में है, बल्कि राज्य की कृषि और आर्थिक स्थिरता के लिए भी आवश्यक है। सरकार पर अब जल्द निर्णय लेने का दबाव बढ़ गया है, ताकि किसानों की आय सुरक्षित रहे और उनके संघर्ष को उचित सम्मान मिल सके।

# उपनल कर्मियों को सीएम धामी की सौगात, 12 साल की सेवा पर मिलेगा समान काम का समान वेतन, आदेश जारी

जन एक्सप्रेस । देहरादून



लंबे समय से समान काम के लिए समान वेतन और नियमितीकरण की मांग कर रहे उपनल कर्मियों को राज्य सरकार ने बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर शासन ने आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि 12 वर्ष या इससे अधिक की निरंतर सेवा पूरी कर चुके उपनल कर्मियों को अब समान कार्यङ्कसमान वेतन के सिद्धांत पर वेतनमान का न्यूनतम वेतन और महंगाई भत्ता दिया जाएगा।

प्रदेश के विभिन्न विभागों में उपनल के माध्यम से तैनात करीब 22 हजार कर्मचारी पिछले 16 दिनों से हड़ताल पर थे। उनकी मुख्य मांग थी कि उन्हें नियमित किया जाए और स्थायी कर्मचारियों की तरह समान वेतन दिया जाए। मंगलवार शाम कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री धामी से भेंट की, जहां सीएम ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद शासन ने देर रात ही आदेश जारी कर दिया। जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य सरकार के अधीन विभागों और संस्थानों में उपनल के माध्यम से कार्यरत ऐसे कार्मिक, जिन्होंने 12 वर्ष या उससे अधिक की निरंतर सेवा पूर्ण की है, उन्हें समान कार्य-समान वेतन के अनुरूप वेतनमान का न्यूनतम वेतन तथा महंगाई भत्ता उपलब्ध कराया जाएगा। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि वे कर्मचारी जिन्होंने चरणबद्ध रूप से निरंतर सेवाएं पूरी की हैं, उन्हें भी जल्द समान कार्य-समान वेतन के आधार पर लाभ दिया जाएगा। इसके लिए अलग से औपचारिक आदेश जारी किए जाएंगे, ताकि सभी पात्र कर्म -चारियों को समयबद्ध रूप से लाभ मिल सके। शासन के निर्णय के बाद उपनल कर्मियों ने अपनी हड़ताल स्थगित कर दी है और इसे एक बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। कर्मचारियों ने सरकार का आभार जताते हुए कहा कि यह कदम वर्षों से लंबित उनकी समस्याओं को हल करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।

> सरकार उपनल कार्मिकों के हितों के प्रति प्रतिबद्ध है, उनके दीर्घकालिक हितों की रक्षा के लिए लगातार आवश्यक निर्णय लिए जा रहे हैं।
> (पुष्कर सिंह धामी- मुख्यमंत्री)

> समान काम के लिए समान वेतन के आदेश के बाद कर्मचारियों ने अपना पिछले 16 दिन से चल रहा आंदोलन स्थगित कर दिया।
> (विनोद गोदियाल- संयोजक उपनल कर्मचारी संयुक्त मोर्चा)

## शिवालिक रसायन कंपनी में अमोनिया गैस रिसाव पर एसडीआरएफ ने मॉक ड्रिल आयोजित

जन एक्सप्रेस/देहरादून। नंदा की चौकी क्षेत्र स्थित शिवालिक रसायन कंपनी में अमोनिया गैस रिसाव की स्थिति पर एसडीआरएफ ने बुधवार को मॉक ड्रिल आयोजित की। इस दौरान आपदा प्रबंधन टीम ने आकस्मिक परिस्थितियों में बचाव कार्य की तैयारी और चुनौतियों का परीक्षण किया। ड्रिल में राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और परमाणु प्रशिक्षक टीम ने मोर्चा संभाला। एसआई अनिल आर्य के नेतृत्व में टीम ने अमोनिया गैस रिसाव की स्थिति में बचाव कार्य की विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया। मौके पर एनडीआरएफ, फायर सर्विस और स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौजूद रही। एसडीआरएफ के आईजी अरुण मोहन जोशी ने कहा कि इस अभ्यास से टीम की प्रतिक्रिया क्षमता और बचाव कार्य में तेजी लाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

# उत्तराखंड में बढ़ता भालुओं का आतंक : सांसद अनिल बलूनी ने केंद्र सरकार से तुरंत हस्तक्षेप की मांग

जन एक्सप्रेस । देहरादून



उत्तराखंड में भालुओं और गुलदारों का आतंक तेजी से बढ़ रहा है। हाल में हुए हमलों में कई लोग घायल हुए, जबकि टिहरी में एक कर्मचारी की मौत हो गई। हालात गंभीर होते देख भाजपा सांसद अनिल बलूनी ने दिल्ली में केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव से मुलाकात कर तत्काल मदद की मांग की है। उत्तराखंड के गढ़वाल क्षेत्र में इन दिनों जंगली जानवरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। टिहरी, रुद्रप्रयाग और पौड़ी जिलों में भालू व गुलदार के हमले लोगों की जान के लिए खतरा बने हुए हैं। टिहरी के स्वाडी, चाह गडोलिया क्षेत्र में भालू के हमले में गंभीर रूप से घायल एक संस्था कर्मचारी की हायर सेंटर ले जाते समय मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हमले के बाद उसे सदमा लगा और रास्ते में ही उसकी हालत बिगड़ती चली गई। मृतक चमोली जिले का रहने वाला था।

उधर रुद्रप्रयाग जिले के एक युवक पर भी भालू ने हमला कर दिया, जिसे गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। पौड़ी जिले में गुलदार के लगातार हमलों से गुस्साए स्थानीय लोगों ने पौड़ी-श्रीनगर हाईवे पर करीब एक घंटे तक जाम लगाकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन जंगली जानवरों पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम नहीं उठा रहा है।


जंगली जानवरों के बढ़ते खौफ को देखते हुए राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी ने दिल्ली में केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों से मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं खतरनाक रूप से बढ़ी हैं। गढ़वाल के पहाड़ी क्षेत्रों में पहली बार भालुओं के हमलों में इतनी बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिसे अत्यंत गंभीर विषय बताते हुए उन्होंने केंद्र से विशेष सहायता की मांग की।

**गुस्साए ग्रामीणों ने लगाया हाईवे पर जाम**

गढ़वाल वन प्रभाग की पौड़ी नागदेव रेंज के डोभाल ढांढरी क्षेत्र में गुलदार को मारने के आदेश जारी न होने से ग्रामीण आक्रोशित हो गए। उन्होंने पौड़ीङ्कश्रीनगर हाईवे जाम कर दिया, जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई। प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को 24 घंटे के भीतर आवश्यक आदेश जारी करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम खोला गया।

# देहरादून को केंद्र से बड़ा झटका : मेट्रो और नियो मेट्रो दोनों प्रोजेक्ट खारिज, अब एलिवेटेड बस कॉरिडोर पर फोकस

जन एक्सप्रेस । देहरादून



देहरादूनवासियों को केंद्र सरकार ने एक बड़ा झटका दिया है। राजधानी में मेट्रो का सपना पहले ही टूट चुका था और अब नियो मेट्रो प्रोजेक्ट को भी तकनीकी आधार पर खारिज कर दिया गया है। इसकी आधिकारिक जानकारी आवास विकास विभाग ने राज्य कैबिनेट की बैठक में दी। इसके बाद दून, हरिद्वार और ऋषिकेश के लिए अब एलिवेटेड बस कॉरिडोर को नए विकल्प के तौर पर आगे बढ़ाया जा रहा है।

**क्यों खारिज हुए दोनों प्रोजेक्ट?**

दरअसल दून में मेट्रो का प्रस्ताव जन संख्या मानकों पर खरा नहीं उतरा। इसी वजह से पहले मेट्रो योजना बंद हुई। इसके बाद मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने नियो मेट्रो का नया प्रस्ताव भेजा, लेकिन केंद्र सरकार ने इसे भी तकनीकी रूप से अस्वीकृत कर दिया। केंद्र ने स्पष्ट कहा है कि राज्य सरकार इन दोनों योजनाओं के अलावा अन्य विकल्पों पर कार्य करे और यदि जरूरी हो तो पीपीपी मोड या राज्य के संसाधनों से नई योजना तैयार की जाए। अब एलिवेटेड बस कॉरिडोर पर तेजी बैठक में प्रमुख सचिव डॉ. आर. मीनाक्षी सुंदरम ने बताया कि अब एलिवेटेड बस कॉरिडोर की योजना पर काम आगे बढ़ाया जा रहा है। जल्द ही प्रस्ताव वित्त विभाग के पास भेजा जाएगा, जिसके बाद मुख्य सचिव स्तर से मंजूरी लेकर इसे कैबिनेट में पेश किया जाएगा।

**नक्शे की अनिवार्यता वाला प्रस्ताव स्थगित**

कैबिनेट बैठक में विकास प्राधिकरणों के दायरे से बाहर के क्षेत्रों में नक्शे पास कराने की अनिवार्यता संबंधी प्रस्ताव को स्थगित कर दिया गया। इस प्रस्ताव पर दोबारा परीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं।

**ग्रीन बिल्डिंग का काम भी अटका**

हरिद्वार रोड स्थित पुराने रोडवेज वर्कशॉप परिसर में बनने वाली ग्रीन बिल्डिंग का काम भी बेहद धीमी गति से चल रहा है।
- 75 सरकारी विभागों को द्वएक ही परिसर में लाने के उद्देश्य से यह परियोजना नवंबर 2022 में मंजूर हुई थी।
- 30 अगस्त 2023 तक पूरा होना था, लेकिन अब तक केवल 35त्न काम ही पूरा हो पाया है।
- शुरुआती बजट 150 करोड़ था, जो अब बढ़कर लगभग 206 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

काम की रफ्तार ऐसी ही रही तो यह परियोजना 2028 से पहले पूरी होती नहीं दिख रही। देहरादून की मेट्रो का सपना भले ही टूट गया हो, लेकिन अब उम्मीदें एलिवेटेड बस कॉरिडोर परियोजना पर टिक गई हैं।

# शिक्षकों के चयन और वेतन सुधार प्रस्ताव पर कैबिनेट ने परीक्षण के लिए रोक लगा दी

जन एक्सप्रेस । देहरादून



उत्तराखंड कैबिनेट ने शिक्षकों के चयन और प्रोन्नत वेतनमान से जुड़े प्रस्ताव को परीक्षण के लिए लौटा दिया है। अधिकारियों ने बताया कि प्रस्ताव का परीक्षण करने के बाद इसे फिर से कैबिनेट में प्रस्तुत किया जाएगा। यह प्रस्ताव चतुर्थ, पंचम और छठवें वेतनमान के शिक्षकों को नियमित सेवा अवधि के आधार पर चयन और प्रोन्नत वेतनमान देने की व्यवस्था से संबंधित है।

वर्तमान प्रणाली के अनुसार, शिक्षकों का वेतन साधारण वेतनमान से चयन वेतनमान और प्रोन्नत वेतनमान में संक्रमण के समय अगले प्रक्रम में तय किया जाता है। इसमें अतिरिक्त वेतन वृद्धि देने का कोई प्रावधान नहीं है। 13 सितंबर 2019 के शासनादेश में स्पष्ट कर दिया गया था कि चयन और प्रोन्नत वेतनमान के समय अतिरिक्त वेतनवृद्धि नहीं दी जाएगी। इसके अलावा, उत्तराखंड सरकारी सेवक वेतन नियम 2016 के नियम 13 में संशोधन की आवश्यकता है ताकि इस व्यवस्था की स्पष्टता बनी रहे।


कैबिनेट ने इस बार उदयराज हिंदू इंटर कालेज, काशीपुर और बीएसवी इंटर कॉलेज, जसपुर (ऊधमसिंह नगर) में चतुर्थ श्रेणी के सात-सा सात पदों पर चयन प्रक्रिया पूरी करने की सहमति नहीं दी। इसके बजाय समूह-घ के पदों को आउटसोर्स के रूप में नियत मानदेय पर सृजित करने के मामले को भी परीक्षण के लिए लौटाया गया।

शिक्षकों के चयन और वेतन सुधार से जुड़े इस प्रस्ताव पर परीक्षण के बाद ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा। इससे शिक्षा विभाग के वेतनमान और चयन प्रक्रिया में सुधार के प्रयासों को सुनिश्चित करने का रास्ता साफ होगा। इस कदम से यह स्पष्ट होता है कि सरकार शिक्षकों के वेतन और चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता और सही व्यवस्था को प्राथमिकता दे रही है।

# उत्तराखंड में डिजिटल क्रांति की शुरुआत : पहली एआई पॉलिसी ड्राफ्ट जारी, 2047 तक गांव-गांव तकनीक पहुंचाने का रोडमैप तैयार

जन एक्सप्रेस । देहरादून

- सात सिद्धांतों पर आधारित एआई मिशन 2025-2047, शिक्षा-स्वास्थ्य से लेकर आपदा प्रबंधन तक व्यापक बदलाव का खाका तैयार



उत्तराखंड में डिजिटल परिवर्तन की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए राज्य सरकार ने पहली एआई पॉलिसी का ड्राफ्ट जारी कर दिया है। इस नीति का उद्देश्य गांव-गांव तक तकनीकी बदलाव पहुंचाना है। नीति को सात मूल सिद्धांतों पर तैयार किया गया है, जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, जलवायु और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में बड़े सुधार शामिल हैं। सूचना प्रौद्योगिकी विभाग ने ड्राफ्ट पर जनता से सुझाव भी मांगे हैं। सरकार ने एआई मिशन में इंफ्रास्ट्रक्चर, डेटा और कंप्यूट क्षमता बढ़ाने, एआई आधारित एप्लिकेशन विकास और स्वच्छ ऊर्जा को प्रमुख फोकस बनाया है। इसके तहत राज्य के डिजिटल ढांचे को आगामी दो दशकों में अंतरराष्ट्रीय मानक स्तर तक ले जाने की योजना है। 2030 और 2047 के लिए दो चरणों में लक्ष्य तय किए गए हैं। इंटरनेट उपलब्धता को 2030 तक 78 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत और 2047 तक 130 प्रतिशत करने का लक्ष्य है। स्मार्टफोन उपयोग को 65 से 90 प्रतिशत और डिजिटल साक्षरता को 40 से बढ़ाकर 80 प्रतिशत किया जाएगा। सभी ग्राम पंचायतों तक भारतनेट पहुंचाने और पहाड़ी क्षेत्रों में पीपीपी मॉडल से नेटवर्क विस्तार की योजना है। गरीब परिवारों के लिए सस्ते स्मार्टफोन और डेटा उपलब्ध कराने के साथ डिजिटल साक्षरता अभियान भी चलेगा।

कंप्यूट क्षमता 2030 तक 775 TFLOPS और 2047 तक 7500 TFLOPS की जाएगी। डाटा सेंटर क्षमता 5 MW से बढ़ाकर 45 MW करने की योजना है। इसके लिए परम गंगा सुपरकंप्यूटर, राज्य डेटा सेंटर विस्तार और विश्वविद्यालयों में कम लागत वाले एआई हार्डवेयर की व्यवस्था की जाएगी।

2030 तक तीन और 2047 तक सात एआई इनोवेशन सेंटर स्थापित होंगे। दून और रुड़की में एआई इनोवेशन लैब बनेगी, जबकि आईआईटी रुड़की में बड़ा स्टार्टअप इंक्यूबेशन सेंटर विकसित होगा। गढ़वाली-कुमाऊंनी भाषा पहचान और स्पीच मॉडल भी तैयार किए जाएंगे।

पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

## चार श्रम संहिता : आत्मनिर्भर भारत व नारी सशक्तीकरण की दिशा में एक और चरण

**विशेषज्ञों का मत है कि यह कानून साल 2047 तक विकसित भारत के नए लक्ष्य को गति प्रदान करेंगे। श्रम सुधारों का उद्योग जगत ने व्यापक स्वागत किया है। इन सुधारों से श्रमिकों की दशा बदलेगी और उनके जीवन में भी व्यापक बदलाव आएगा। महिलाओं को रात की पाली मे काम करने की अनुमति मिलना सरकार का कानून व्यवस्था पर आत्मविश्वास दर्शाता है। नए सुधारों से अब औद्योगिक क्षेत्रों के साथ ही लघु उद्योगों में भी वृद्धि होगी। नए श्रम कानूनों के कारण अब पुराने के साथ ही नए उद्योगों का भी विकास होगा।**

*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार श्रम सुधारों की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। नयी श्रम संहिताएँ इन्हीं सुधारों का अगला चरण हैं जिनका श्रमिक संगठनों की ओर से व्यापक स्वागत किया जा रहा है। यह चार नए श्रम सुधार व्यापक और सर्वहितकारी हैं। श्रमेव जयते की भावना से कार्य करने वाली मोदी सरकार आने के बाद से श्रमिक वर्ग का सम्मान और उनके लिए सुविधाएं दोनों लगातार बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री स्वयं हर महत्वपूर्ण समारोह में श्रमिकों का सम्मान करते हैं, फिर चाहे वो अयोध्या में दिव्य- भव्य राम मंदिर का उद्घाटन हो या नए संसद भवन या फिर दिल्ली स्थित भारत मंडपम का उद्घाटन। मोदी सरकार द्वारा लागू चार नई श्रम संहिताओं के माध्यम से श्रमिक वर्ग के लिए सामाजिक सुरक्षा, समय पर वेतन और सुरक्षित कार्यस्थल की व्यवस्था सुनिश्चित होगी। यह नई संहिताएं श्रमिक वर्ग के लिए बेहतर और लाभकारी अवसरों के लिए एक सशक्त नींव बनाएंगी। श्रमिकों के लिए पहली बार वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020 व व्यावसायिक सुरक्षा स्वास्थ्य और कार्य स्थितियां संहिता 2020 लागू करने की महती घोषणा की गई है। महिला कर्मचारियों के लिए पहली बार व्यापक संहिताः चार नई श्रम संहिताओं में पहली बार महिलाओं के हितों का विशेष ध्यान रखा गया है। भारत के श्रम इतिहास में पहली बार महिला कर्मचारियों के लिए सुरक्षा के साथ सभी क्षेत्रों में रात्रि पाली में काम की छूट तथा परिवार की परिभाषा में उन्हें अपने सास-ससुर को भी जोड़ने का अवसर दिया गया है। नई श्रम संहिता के अनुसार महिलाएं खनन सहित सभी उद्योगो में काम कर सकेंगी। इस कदम से महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे यद्यपि ऐसे कार्यों में उनकी नियुक्ति उनकी इच्छा से ही कि जाएगी। नए कानून में महिला श्रमिको को बराबरी का दर्जा दिया जा रहा है। सहमति से और अनिवार्यतः सुरक्षा के साथ वह रात की पाली में भी काम कर सकेगी।पहली बार समान काम समान वेतन सहित 26 सप्ताह का वेतन सहित मातृत्व लाभ तथा शिशु पालन संहिता के अंतर्गत घर से काम करने की सुविधा भी दी जा रही है। गिग वर्कर्स के लिए पहलः नई श्रम संहिता में गिग और प्लेटफार्म यानी रैपिडो, जोमैटो, स्विगी, ओला, उबर से जुड़े कामगारों को भी पारिभाषित किया गया है। चार श्रम संहिता में वर्तमान 29 कानून को भी समाहित कर लिया गया है। युवा श्रमिकों को अवकाश के दिनों का भी वेतनः नए श्रम कानूनों में पहली बार युवा श्रमिकों को अवकाश के दिनों का भी वेतन मिलेगा तथा सभी श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी की गारंटी दी जा रही है। नए श्रम कानूनों से अब नियोक्ता मजदूरों का शोषण नहीं कर सकेंगे। नए श्रम कानूनों में निश्चित अवधि वाले कर्मचारियों को स्थायी जैसे लाभ जिसमें सामाजिक सुरक्षा कवर, चिकित्सा सवेतन अवकाश सहित समस्त लाभ मिलेंगे। इलेक्ट्रानिक मीडिया, डिजिटल कामगारों को भी इन कानूनों का लाभ मिलेगा। नई श्रम संहिताएं 45 दिनों के अंदर ही लागू हो जाएंगी। नयी श्रम संहिता, श्रम कानूनों के इतिहास का सबसे बड़ा सुधार होने के साथ साथ बदलती श्रम आवश्यकता को भी संबोधित करती है। श्रमिकों को न्यूनतम वेतन, समाजिक सुरक्षा, महिला श्रमिकों के लिए समान अवसर और गिग व संगठित कामगारों के लिए कानूनी पहचान सुनिश्चित करने वाली ये चारों संहिताएं उनके जीवन स्तर में सुधार लाएंगी।*

### एक्सप्रेस आलेख

भाग्य ने उन्हें साल 1960 में वह क्षण दिया, जब निर्देशक अर्जुन हिंगोरानी ने उन्हें फिल्म 'दिल भी तेरा हम भी तेरे' में मौका दिया। मेहनताना सिर्फ 51 रुपये, पर इस मामूली रकम ने भारतीय फिल्मों को वह धरोहर दी, जिसकी कीमत किसी मुद्रा में आंकी नहीं जा सकती। यह शुरुआत थी पर यात्रा लंबी और संघर्षपूर्ण होने वाली थी। शुरुआत में उन्होंने साधारण, आम आदमी के किरदार निभाए, अनपढ़, बंदिनी, अनुपमा, आया सावन झूम के- इन फिल्मों में उनकी मासूमियत, उनकी आंखों की भाषा और उनके संवादों की सरलता इतनी वास्तविक थी कि दर्शकों को लगा, वे किसी काल्पनिक नायक को नहीं बल्कि अपने जैसे इंसान को पर्दे पर देख रहे हों।

## धर्मेंद्र : वह सूरज, जो ढल कर भी पीढ़ियों को रोशन करता रहेगा



योगेश कुमार गोयल

**धर्मेंद्र में किसी तरह का दिखावा नहीं था, वे अभिनय नहीं करते थे, वे जीते थे। शायद यही कारण था कि जनता ने उन्हें अभिनेता नहीं, अपने दिल का हिस्सा मान लिया। साल 1960 के दशक के अंत में जब हिन्दी सिनेमा बड़े परिवर्तन की ओर बढ़ रहा था, धर्मेंद्र ने उसी दौर में अपने भीतर छिपे 'ही-मैन' को पहचाना। वे एक्शन फिल्मों के सबसे बड़े सितारे बने पर इस चमक के साथ भी उनकी विनम्रता कभी नहीं बदली।**

हिन्दी फिल्म उद्योग का वह चमकता सूरज, जिसने पीढ़ियों के सपनों को रोशन किया, जिसने कठिनाई में हिम्मत दी और जिसने अपने सहज व्यक्तित्व से अभिनय को जन-जन के जीवन से जोड़ दिया, वह धर्मेंद्र हमसे सदा के लिए विदा हो गए। यह क्षति केवल एक परिवार, एक पीढ़ी या एक उद्योग की नहीं बल्कि उस युग की विदाई है, जिसने भारतीय सिनेमा को स्वर्णकाल दिया। धर्मेंद्र सिर्फ अभिनेता नहीं थे, वे एक भावनात्मक धड़कन, एक सांस्कृतिक अनुभूति और करोड़ों भारतीयों की यादों में दर्ज वह ताकत थे, जो पर्दे पर आते ही कहानी को सजीव बना देती थी। पंजाब के साहनेवाल गांव में 8 दिसंबर 1935 को जन्मा यह बालक शायद स्वयं भी नहीं जानता था कि एक दिन उसका नाम भारतीय सिनेमा के इतिहास में अमिट अक्षरों में दर्ज होने वाला है। गांव की मिट्टी, खेती की महक और सादगी से भरे जीवन ने उन्हें वह सहजता दी, जो आगे चलकर उनके अभिनय की सबसे बड़ी ताकत बनी। उनके भीतर का कलाकार किसी कोने में सोया हुआ था पर दिल में एक स्वप्न जलता था कुछ कर दिखाने का, कुछ बनने का, कुछ ऐसा छोड़ जाने का जिसे पीढ़ियां याद रखें। साल 1954 में जब मात्र 19 वर्ष की उम्र में उन्होंने प्रकाश कौर से विवाह किया, उस समय उन्हें यह कल्पना भी नहीं थी कि दुनिया का सबसे बड़ा फिल्म उद्योग एक दिन उनके कदमों में होगा। जीवन संघर्षों से भरा था पर भीतर ऐसी ईमानदारी और अनुशासन था, जो किसी भी कलाकार को महान बना देता है। भाग्य ने उन्हें साल 1960 में वह क्षण दिया, जब निर्देशक अर्जुन हिंगोरानी ने उन्हें फिल्म 'दिल भी तेरा हम भी तेरे' में मौका दिया। मेहनताना सिर्फ 51 रुपये, पर इस मामूली रकम ने भारतीय फिल्मों को वह धरोहर दी, जिसकी कीमत किसी मुद्रा में आंकी नहीं जा सकती। यह शुरुआत थी पर यात्रा लंबी और संघर्षपूर्ण होने वाली थी। शुरुआत में उन्होंने साधारण, आम आदमी के किरदार निभाए, अनपढ़, बंदिनी, अनुपमा, आया सावन झूम के- इन फिल्मों में उनकी मासूमियत, उनकी आंखों की भाषा और उनके संवादों की सरलता इतनी वास्तविक थी कि दर्शकों को लगा, वे किसी काल्पनिक नायक को नहीं बल्कि अपने जैसे इंसान को पर्दे पर देख रहे हों। धर्मेंद्र में किसी तरह का दिखावा नहीं था, वे अभिनय नहीं करते थे, वे जीते थे। शायद यही कारण था कि जनता ने उन्हें अभिनेता नहीं, अपने दिल का हिस्सा मान लिया। साल 1960 के दशक के अंत में जब हिन्दी सिनेमा बड़े परिवर्तन की ओर बढ़ रहा था, धर्मेंद्र ने उसी दौर में अपने भीतर छिपे 'ही-मैन' को पहचाना। वे एक्शन फिल्मों के सबसे बड़े सितारे बने पर इस चमक के साथ भी उनकी विनम्रता कभी नहीं बदली। फूल और पत्थर, आई मिलन की बेला, आए दिन बहार के, इन फिल्मों ने उन्हें रातों-रात स्टार बनाया, पर असल चमत्कार अभी बाकी था। जब साल 1975 में शोले आई



**धर्मेंद्र वह अध्याय हैं, जिसे समय कभी बंद नहीं कर सकेगा। उनकी फिल्में, उनका व्यक्तित्व, उनका विनम्र स्वभाव और उनका अटूट मानवीयपन सिनेमा के इतिहास में अमर रहेगा। वह जमीन से उठकर आकाश तक पहुंचने की वह कहानी हैं, जिसे हर माता-पिता अपने बच्चे को सुनाता रहेगा।**

तो धर्मेंद्र का 'वीरू' सिर्फ एक किरदार नहीं रहा, वह भारतीय संस्कृति का प्रतीक बन गया। वीरू की दोस्ती, उसका हास्य, उसका गुस्सा, उसका प्रेम, धर्मेंद्र की सहज अदाकारी ने उसे अमर कर दिया। उनका प्रतिभा-क्षेत्र केवल एक्शन और रोमांस तक सीमित नहीं था। चुपके-चुपके जैसी फिल्में, जो हिंदी सिनेमा में हास्य की उत्कृष्ट कृति मानी जाती हैं, यह सिद्ध करती हैं कि धर्मेंद्र का अभिनय केवल मांसपेशियों नहीं बल्कि दिमाग, दिल और संवेदना से भी जन्म लेता था। वे जितने सशक्त एक्शन हीरो थे, उतने ही बेहतरीन कॉमेडियन और उतने ही भावपूर्ण रोमांटिक कलाकार थे। दिलचस्प बात यह है कि धर्मेंद्र ने तीन पीढ़ियों का मनोरंजन किया। जहां वे बलराज साहनी, राज कपूर, संजीव कुमार और अमिताभ बच्चन जैसे दिग्गजों के साथ काम कर चुके थे, वहीं वे रणवीर सिंह, शाहिद कपूर और आलिया भट्ट जैसे आज के सितारों के साथ भी पर्दे पर दिखे। 65 साल का करियर किसी कलाकार को किंवदंती बना देता है पर धर्मेंद्र की निरंतर सक्रियता उन्हें उससे भी कहीं ऊपर ले जाती है। वह एक जीवित विश्वविद्यालय थे अभिनय का, सहजता का, विनम्रता का। अपने परिवार के प्रति उनका प्रेम भी असाधारण था। सनी देओल और बॉबी देओल के प्रति उनका भावनात्मक रिश्ता, हेमा मालिनी के साथ उनके जीवन का अध्याय, उनकी बेटियां ईशा और अहाना, उनकी व्यक्तिगत कहानी किसी उपन्यास से कम नहीं। 13 नाती-पोते, बड़ी विरासत, जीवन के आखिरी दिन उन्होंने अपने फार्म हाउस में बिताई। लाखों लोगों द्वारा पूजा जाने वाला यह कलाकार अंत में लौट गया अपने मूल की ओर, धरती, सादगी, प्रकृति। साल 2025 में उनकी आंख की कॉर्निया ट्रांसप्लांट सर्जरी हुई थी। कमजोर होते शरीर, टूटती ताकत, उम्र की थकान, इन सबके बावजूद वह कैमरे से दूर नहीं हुए। तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया और रॉकी और रानी की प्रेम कहानी जैसी नई पीढ़ी की फिल्मों में भी उनका वही पुराना करिश्मा दिखा, वही मुस्कान, वही गर्मजोशी। किसी भी महान कलाकार की पहचान यही होती है कि समय बदल जाए पर उसकी चमक न बदले, धर्मेंद्र इस कसौटी पर हमेशा खरे उतरे। 31 अक्टूबर 2025 को जब उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया तो पूरे देश की धड़कनें मानो थम गई। 12 नवंबर को जब उन्हें घर भेजा गया तो उम्मीदों की किरण जग उठी थी। वे अपने घर में इलाज के बीच जीवन जी रहे थे पर नियति ने शायद फैसला कर लिया था। 24 नवंबर को वह खबर आई, जिसने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया 'भारतीय सिनेमा का 'ही-मैन' अब हमारे बीच नहीं है।' लाखों लोगों ने रोकर उन्हें याद किया। फिल्मी दुनिया, राजनीति, खेल, साहित्य, हर क्षेत्र से श्रद्धांजलि की बाढ़ आ गई। सोशल मीडिया पर उनके संवाद, उनके वीडियो, उनकी पुरानी तस्वीरें उमड़ पड़ी। प्रधानमंत्री से लेकर सामान्य नागरिक तक, हर किसी ने स्वीकार किया कि धर्मेंद्र का जाना एक युग का अंत है। क्या महान लोग वास्तव में मर जाते हैं? शायद नहीं। धर्मेंद्र केवल चले गए हैं पर वे रहेंगे हर उस दिल में, जिसने कभी उनकी फिल्म देखी हो। धर्मेंद्र वह अध्याय हैं, जिसे समय कभी बंद नहीं कर सकेगा। उनकी फिल्में, उनका व्यक्तित्व, उनका विनम्र स्वभाव और उनका अटूट मानवीयपन सिनेमा के इतिहास में अमर रहेगा। वह जमीन से उठकर आकाश तक पहुंचने की वह कहानी हैं, जिसे हर माता-पिता अपने बच्चे को सुनाता रहेगा। हम, उनके चाहने वाले, उनकी फिल्मों, उनकी यादों और उनके संवादों में उन्हें सदा जीवित रखेंगे। सदाबहार, अद्वितीय, विलक्षण अभिनेता धर्मेंद्र को शत-शत नमन।

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | अष्टमी 24:10 तक |
| नक्षत्रः | शतभिषा 12:24 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | व्याघात, 10:57 |
| सूर्योदयः | 06:53 |
| सूर्यास्तः | 17:17 |
| चंद्रमाः | कुंभ राशि में |
| राहुकालः | 10:47-12:05 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्तः | 11:44-12:26 |

## जन एक्सप्रेस

**है मचा बवाल !**

*लेकर के सुरक्षा को ।*
*है मचा बवाल ।।*
*मौसम है चुनावी ।*
*मचा है बवाल ।।*
*रस्साकस्सी चल रही ।*
*कौन जिम्मेदार ?*
*हर तरफ से हो रहे ।*
*शब्दों के प्रहार ।।*
*ना दो मुझे सुरक्षा ।*
*बात निकल कर आई ।।*
*हरकतों से ऐसी ।*
*होती जगहँसाई ।।*
*रहें सब महफ़ूज़ ।*
*हो काम इस प्रकार ।।*
*रहें सब सुरक्षित ।*
*जो सबका अधिकार ।।*



\- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## दालचीनी में मिलाकर पिएं कर्क्यूमिन से भरपूर दालचीनी और हल्दी मसाला, शरीर होगा डिटॉक्स

**सुबह** की शुरुआत हम में से ज्यादातर लोग एक कप चाय के साथ करते हैं। बिना चाय पिएं कई लोगों के दिन की शुरुआत नहीं होती है। हालांकि, किसी भी व्यक्ति को अपने दिन की शुरुआत हेल्दी ड्रिंक के साथ करना चाहिए, जो न सिर्फ आपके सेहत के लिए फायदेमंद हो, बल्कि दिन की शुरुआत करने का भी एक बेहतरीन तरीका होता है। ऐसे में दालचीनी और हल्दी दोनों ही हमारी किचन में मौजूद ऐसे मसाले हैं, जिन्हें हम अपने खाने में कई तरीकों से करते हैं। ऐसे में इन दोनों मसालों का डिटॉक्स ड्रिंक आपकी सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है।

**शरीर को अंदर से साफ करता है:** दालचीनी और हल्दी दोनों में शरीर को डिटॉक्स करने वाले गुण होते हैं। हल्दी में करक्यूमिन गुण शरीर से हानिकारक टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मदद करते हैं। जबकि दालचीनी पाचन तंत्र को बेहतर बनाकर शरीर में जमा टॉक्सिक पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। इस डिटॉक्स पानी को नियमित पीने से लिवर बेहतर तरीके



से काम करता है, जिससे शरीर ज्यादा एक्टिव रहता है।

**सूजन और दर्द से राहतः** हल्दी में मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण, जोड़ों के दर्द, मांसपेशियों में सूजन और आर्थराइटिस जैसी समस्याओं से राहत दिलाती है। दालचीनी में भी सूजन को कम करने वाले गुण होते हैं। ऐसे में इन दोनों का मिश्रण शरीर के अंदर की सूजन को कम करने में काफी प्रभावी मानी जाती है। अगर आप रोजाना हल्दी-दालचीनी डिटॉक्स वॉटर को पीते हैं तो शरीर हल्का और दर्द कम महसूस होगा।

**वजन कम करने में मददगारः** दालचीनी ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करके भूख को कम करने में मदद करता है और क्रेविंग्स को कंट्रोल करता है। जबकि हल्दी का सेवन आपके मेटाबॉलिज्म को तेज करके फैट बर्निंग प्रक्रिया में सुधार करता है। ऐसे में जब आप दालचीनी और हल्दी के पानी का सेवन करते हैं तो यह शरीर में जमे फैट को कम करने में मदद करता है। इसे सुबह खाली पेट पीने से वजन कम करने में ज्यादा फायदा मिल सकता है।

**पाचन को मजबूत बनाता है:** दालचीनी में मौजूद गुण पेट में पाचक रसों के उत्पादन को बनाकर पाचन क्रिया को बेहतर बनाने में मदद करता है। इसके सेवन से गैस, अपच, ब्लोटिंग और एसिडिटी आदि समस्याओं से राहत मिलती है। हल्दी का सेवन भी पेट को शांत रखने और आंतों की सूजन को कम करने में मदद करती है। इस डिटॉक्स ड्रिंक को पीने से पाचन तंत्र को मजबूत बनाने और नियमित रूप से पेट को साफ करने में मदद करता है।

**ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करें:** दालचीनी में नेचुरल रूप से ब्लड शुगर कंट्रोल करने वाले गुण होते हैं। यह इंसुलिन सेंसिटिविटी को बढ़ाती है।

### एक्सप्रेस विशेष

## गीता जयंती : कॉरपोरेट क्षेत्र और बेहतर जीवन प्रबंधन के लिए भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षाएँ



पंकज जयसवाल

**अपनी नौकरी में कर्म योग का उपयोग कैसे करें? आधुनिक कंपनियों को कर्म योग को लागू करने के लिए यथार्थवादी रणनीतियों की आवश्यकता होती है। पुरस्कारों से ज़्यादा उत्कृष्ट कार्य को प्राथमिकता दें।**

1997 के आसपास पश्चिम में किए गए एक अध्ययन में पता चला कि फॉर्च्यून 500 कंपनियों का औसत जीवनकाल 40-50 वर्ष से कम है। 1970 में सूचीबद्ध फॉर्च्यून 500 कंपनियों में से एक-तिहाई 1983 तक लुप्त हो चुकी थीं और सभी नवगठित कंपनियों में से 40त्न दस वर्ष से भी कम समय तक चलीं। आईआईएम बैंगलोर द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, इन व्यवसायों में प्रबंधकों को अत्यधिक तनाव, प्रभुत्व और नियंत्रण के लिए संघर्ष, निराशावाद और ऐसे कार्य वातावरण का सामना करना पड़ता है जो मानवीय कल्पना/रचनात्मकता, जीवन शक्ति और प्रतिबद्धता को दबा देता है। जीवन की समग्र गुणवत्ता और कार्य जीवन के बीच एक महत्वपूर्ण अंतर है। संगठनात्मक स्थिरता और पर्यावरण पर इसका प्रभाव एक प्रमुख चिंता का विषय बना हुआ है। प्रबंधक और अधिकारी अक्सर इस बात से सहमत होते हैं कि हाल के दशकों में प्रबंधन में उल्लेखनीय प्रगति नहीं हुई है। कार्य और जीवन को एक साथ लाने के लिए,

**अर्जुन के लक्षण आधुनिक मनोविज्ञान में तीव्र तनाव प्रतिक्रियाओं से मेल खाते हैं- मेरे शरीर के अंग काँप रहे हैं और मुँह सूख रहा है, पूरा शरीर काँप रहा है, रोंगटे खड़े हो रहे हैं, और त्वचा पूरी तरह जल रही है। अधिकारी उच्च-दांव वाले निर्णय लेते समय समान शारीरिक लक्षणों की रिपोर्ट करते हैं- मनोवैज्ञानिक तनाव के प्रति शारीरिक प्रतिक्रियाएँ जो निर्णय लेने की क्षमता को कमज़ोर कर देती हैं।**

व्यक्ति की आंतरिक स्वतंत्रता और स्थिति बाहरी दुनिया के साथ सामंजस्य में होनी चाहिए। शरीर के सामंजस्य और स्वस्थ स्वास्थ्य के लिए, तीनों गुणों (सत्व, रज और तम) का समन्वय आवश्यक है, क्योंकि असंतुलन व्यक्ति को शारीरिक या मानसिक रूप से अस्वस्थ कर सकता है। परिणामस्वरूप, व्यक्तित्वों के बीच आंतरिक संतुलन की आवश्यकता होती है, जिसे बाहरी स्वास्थ्य के संदर्भ में देखा जा सकता है। हालाँकि, आंतरिक शांति तभी प्राप्त हो सकती है जब हमारे बाहरी संबंध संतुलित हों। किसी व्यक्ति के बाह्य वातावरण में प्रकृति (अग्नि, पृथ्वी, जल, वायु और आकाश), जलवायु परिस्थितियाँ, दूसरों के साथ संबंध और श्रम जैसे तत्व शामिल होते हैं। भगवद्गीता के अनुसार, जीवन ब्रह्मांडीय और व्यक्तिगत ऊर्जाओं के बीच सतत संघर्ष है। सत्व गुण की उच्च मात्रा आंतरिक और बाह्य संतुलन को बढ़ावा देती है, जिसके परिणामस्वरूप आनंद, हर्ष और खुशी की अनुभूति होती है। तमस गुण का उच्च स्तर व्यक्ति के बाहरी दुनिया के साथ संबंधों को बिगाड़ सकता है। और इसके परिणामस्वरूप आनंद की कमी, पीड़ा और दुःख हो सकता है। तीसरा गुण, तमस, उदासीनता का प्रतिनिधित्व करता है। कर्म के प्रति प्रतिरोध मृत्यु, विनाश और हानि जैसे नकारात्मक परिणामों की ओर ले जाता है। भगवद्गीता और अन्य शास्त्र उन लोगों के लिए उपलब्ध हैं जिनके पास तर्क और अंतर्दृष्टि है। ये प्राचीन शास्त्र प्रबंधकों को कार्य और गृहस्थ जीवन के संतुलन के लिए आसान और प्रभावी समाधान प्रदान करते हैं, जिन्हें अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। भगवद् गीता को कर्मचारी की कार्यकुशलता और प्रभावशीलता में सुधार लाने के लिए एक व्यापक मार्गदर्शिका माना जाता है, जो व्यक्ति की कमजोरियों को ताकत में बदलने, जिम्मेदारियों को साझा करने, टीम में सही व्यक्ति का चयन करने, नौकरी के माहौल में चुनौतियों के बारे में जागरूक होने, दुविधाओं में प्रेरित करने, ऊर्जा देने और परामर्श देने वाले करिश्माई नेताओं की आवश्यकता और जमीनी हकीकत का ज्ञान शुरू करने जैसे विचारों का प्रसार करती है। भगवद् गीता विचारों और कार्यों, लक्ष्यों और सफलता, योजनाओं और उपलब्धियों, उत्पादों और बाजारों के माध्यम से कार्य संतुलन में सामाजिक समझौता प्राप्त करती है। इस पवित्र ग्रंथ में भगवान कृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए उपदेश शामिल हैं, जो एक महत्वपूर्ण वास्तविकता को उजागर करते हैं जो आधुनिक कार्यस्थल संबंधों के लिए प्रासंगिक है। आजकल कई पेशेवर महत्वपूर्ण परिस्थितियों में ठिठक जाते हैं, जैसे अर्जुन अपने कर्तव्य के आगे ठिठक गए थे। उनका युद्धक्षेत्र केवल एक भौतिक स्थल नहीं था; यह कार्यस्थल की अंतिम दुविधा का प्रतिनिधित्व करता था।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# जनता की वर्षों पुरानी मांग पूरी

## गोरखपुर-पीलीभीत एक्सप्रेस अब इज्जतनगर (बरेली) तक

■ केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से ट्रेन विस्तार का किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



लोगों की लंबे समय से प्रतीक्षित रेल सेवा की मांग को पूरा करते हुए आज गोरखपुर-पीलीभीत एक्सप्रेस को इज्जतनगर (बरेली) तक बढ़ाया गया। यह शुभारंभ केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी एवं वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया।पहले यह ट्रेन लखीमपुर से गोरखपुर तक चलती थी, फिर कुछ महीने पहले इसे पीलीभीत तक बढ़ाया गया था। अब इस सेवा का विस्तार इज्जतनगर (बरेली) तक कर दिया गया है। इससे उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी मजबूत होगी और स्थानीय विकास की मुख्यधारा से यह क्षेत्र जुड़ पाएगा। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि राज्य में वर्तमान में 34 वंदे भारत एक्सप्रेस और 26 अमृत भारत एक्सप्रेस सेवाएं चल रही हैं, जिससे यात्रियों को उच्च गुणवत्ता वाली यात्रा सुविधाएं मिल रही हैं। पिछले 11 वर्षों में लम्बे समय से लंबित 48 परियोजनाएं पूरी की गई हैं, जिनमें लखनऊ-दू-पीलीभीत गेज कन्वर्जन, पीलीभीत-दू-शाहजहांपुर गेज कन्वर्जन और बरेली-दू-टनकपुर गेज कन्वर्जन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे निवेश में भी भारी वृद्धि हुई है। 2014 से पहले उत्तर प्रदेश को 1,109 करोड़ का बजट मिलता था, जो अब बढ़कर 19,858 करोड़ रुपये हो गया है, यानी 18 गुना वृद्धि।

### यात्रियों और क्षेत्र के विकास के लिए बड़ा कदम

ट्रेन विस्तार से न केवल स्थानीय लोगों की यात्रा सुविधाएं बढ़ेंगी, बल्कि कृषि एवं वन उत्पादों को बाजार तक पहुंचाना आसान होगा। इसके साथ ही पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर भी बनेंगे। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 2014 के बाद उत्तर प्रदेश में रेल विकास अभूतपूर्व स्तर पर हुआ है। उन्होंने बताया कि राज्य में अब तक 5,272 किलोमीटर नई रेल पटरियां बिछाई गई हैं, जो स्विट्ज़रलैंड के पूरे रेल नेटवर्क से भी अधिक है। साथ ही राज्य के सभी रेल मार्गों का 100% विद्युतीकरण पूरा हो चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि इस दौरान प्रदेश में 1,660 फ्लाईओवर और रोड अंडरब्रिज बनाए गए हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए भारतीय रेल ने 154 लिफ्ट, 156 एस्केलेटर और 771 स्टेशनों पर अप-ग्रेड सुविधा उपलब्ध कराई है।

### अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों का कायाकल्प

राज्य के 157 रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत किया जा रहा है। इनमें पश्चिमी और उत्तरी यूपी के 48 स्टेशनों को प्राथमिकता दी गई है, जैसे मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली, बुलंदशहर, गढ़मुक्तेश्वर, गाजियाबाद, मेरठ सिटी, मोदीनगर, रामघाट, बिजनौर, धामपुर, मुरादाबाद, नजीबाबाद, पीलीभीत और बरेली।10 स्टेशनों का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर चुके हैं, जबकि बाकी स्टेशनों पर कार्य तेजी से जारी है। यह अभियान पूरे राज्य में आधुनिक, सुविधाजनक और यात्री-हितैषी स्टेशन विकसित कर रहा है।

### क्षेत्र के सांसद और विधायक भी मौजूद

इस अवसर पर बरेली से सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, विधान परिषद सदस्य डॉ. सुधीर गुप्ता और पूरनपुर से विधायक बाबूराम, भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने जनता की ओर से रेल मंत्री का आभार व्यक्त किया। गोरखपुर-पीलीभीत एक्सप्रेस को इज्जतनगर (बरेली) तक बढ़ाकर भारतीय रेल ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह यात्रियों को बेहतर सुविधाएं, अधिक परिवहन विकल्प और तराई क्षेत्र में विश्वसनीय एवं सतत रेल सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# सिकंदराबाद पुलिस चौकी के सामने फर्राटा भर रही मिट्टी की ओवरलोड ट्रालियां

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी



थाना नीमगांव क्षेत्र के अंतर्गत सिकंदराबाद क्षेत्र के गावो में धड़ल्ले से चल रहा अवैध मिट्टी का खनन। जबकि कुछ दिन पहले लखीमपुर खीरी के खनन माफियाओं के द्वारा अवैध खनन कर रहे लोगो की ट्रालियो को पकडे के लिये गये हुये थे, वहां पर मौजूद खनन माफियाओ ने अधिकारियो पर जानलेवा हमला कर दिया गया था। इससे भी नीमगांव थाना पुलिस सीख नही ले रही है। वही देख जाए तो खनन माफियाओं के हौसले इतने बुलंद है जो कि दिन भर ट्रेक्टर ट्राली पीली बालू भरकर रोड पर सरराह फर्राटे भरते नज़र आ रहे है। नीमगाँव थाना क्षेत्र की चौकी सिकंदराबाद क्षेत्र के गांव रायपुर,घुसाी, पिपरा,सेहरा,रोशन नगर,अमेठी के सहित लगभग ऐक दर्जन गावो के उजाले मे खनन माफिया अवैध रूप मिट्टी खनन कर ओवर लोड कर वाहनो से सिकंदराबाद पुलिस चौकी के सामने से गुजरती रहती है।लेकिन सिकंदराबाद पुलिस चौकी भी जानकर अन्जाम बनी रहती है क्यो कि मिट्टी खनन से पुलिस को मोटी कमाई होती है। प्रवीर गौतम नवागत थानाध्यक्ष नीमगांव ने बताया कि हमने कल ही तो चार्ज लिया है हमे किसी भी प्रकार की मिट्टी खनन की जानकारी है। कैसी भी प्रकार का मिट्टी खनन बिना परमीशन होने नही दिया जायेगा।

## सड़क हादसा, युवक की मौत

जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी

जिले में पलिया-निघासन स्टेट हाईवे पर एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। यह घटना मझगई थाना क्षेत्र के धनीराम पूर्वा के पास हुई। जानकारी के अनुसार, सड़क किनारे गन्ना भरी दो ट्रॉलियां खड़ी थीं। पलिया थाना क्षेत्र के बड़ा पतवारा निवासी 29 वर्षीय अजय राठौर पुत्र छत्रपाल की बाइक इन ट्रॉलियों से जा टकराई।टक्कर इतनी भीषण थी कि अजय राठौर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही मझगई पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल सीएचसी पलिया भिजवाया।सीएचसी पलिया में डॉक्टरों ने अजय राठौर को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है और मामले की जांच जारी है।

## नए थाना प्रभारी ने पत्रकारों के साथ की बैठक, क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा

जन एक्सप्रेस। सिंगाही खीरी



।थाना सिंगाही में मनीष कुमार सिंह ने नए थाना प्रभारी के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने स्थानीय पत्रकारों के साथ बैठक कर परिचय प्राप्त किया।बैठक के दौरान थाना प्रभारी ने अपना परिचय देते हुए बताया कि मै प्रतापगढ़ गढ़ का मूल निवासी हूँ पुलिस मे आने से पहले मै प्राइमरी और इंटरमीडिएट का शिक्षक रहा हूं। थाना प्रभारी ने क्षेत्र की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए पत्रकारों को आश्वस्त किया कि वे अपने क्षेत्र में होने वाली किसी भी घटना की जानकारी सीधे साझा कर सकते हैं।थाना प्रभारी ने कहा कि जनता की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है। पुलिस हर समस्या के समाधान के लिए तत्पर रहेगी। उन्होंने अपराध नियंत्रण को विशेष महत्व देने की बात कही। साथ ही स्पष्ट किया कि किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। थानाध्यक्ष ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए मीडिया के साथ समन्वय बनाकर काम करने की बात कही पत्रकारों से सहयोग की अपील की। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र में होने वाली किसी भी घटना पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर पत्रकार मनोज गोस्वामी,आनन्द शुक्ला, प्रेम प्रकाश बाजपेई,मसरूर खान,जमीर अहमद,पुनीत शर्मा, सुग्रीव त्रिवेदी, इजहार हाशमी, नवीन दीक्षित आदि पत्रकार गण मौजूद रहे।

# पूरनपुर में खेत में काम कर रहे ग्रामीण पर जंगली जानवर का हमला, गंभीर घायल

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

■ ग्रामीणों ने समय रहते मदद कर घायल को अस्पताल पहुंचाया,वन विभाग की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की शुरू

तहसील क्षेत्र पूरनपुर के गजरौला खास गांव में गुरुवार दोपहर एक गंभीर घटना सामने आई, जब मनरेगा के तहत खेत में काम करके लौट रहे ग्रामीण राजा राम पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया। हमले में राजा राम गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की तत्परता के चलते उन्हें तत्काल स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी स्थिति को स्थिर बताया।घटना दोपहर 12 से 1 बजे के बीच की है। राजा राम खेत से घर लौट रहे थे और रास्ते में शौच करने के लिए पास के गन्ने के खेत में गए। इसी दौरान गन्ने के बीच छिपे जंगली जानवर ने अचानक उन पर हमला कर दिया। हमले में राजा राम को कई गंभीर चोटें आईं। उनकी चीख सुनकर आसपास के लोग तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और उन्हें सुरक्षित बाहर निकालकर परिजनों को सूचना दी।ग्रामीणों ने बताया कि हमला बाघ द्वारा किए जाने की संभावना है। इस हमले के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल फैल गया। स्थानीय प्रशासन को भी घटना की जानकारी दी गई। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। टाइगर रिजर्व की डिप्टी डायरेक्टर ने कहा कि पंजों के निशान और हमले के तरीकों से जंगली जानवर की सटीक पहचान की जाएगी। ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र में वन्यजीवों की गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं, जिससे लोगों की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने प्रशासन से इलाके में सुरक्षा बढ़ाने और समय-समय पर पेट्रोलिंग व चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की हैं। इस घटना से यह स्पष्ट होता है कि मानव-वन्यजीव संघर्ष बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों की सुरक्षा और वन्यजीव संरक्षण के बीच संतुलन बनाए रखना प्रशासन के लिए चुनौती बन गया है। समय रहते सुरक्षा उपाय न किए गए तो भविष्य में ऐसे हादसे गंभीर रूप ले सकते हैं।

# साढ़े 4 करोड़ की लागत से संवरेगी 127 विधानसभा क्षेत्र की सड़कें

■ राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के प्रस्तावों को शासन से मिली मंजूरी, लोक निर्माण विभाग करेगा विशेष मरम्मत कार्य

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



127 विधानसभा क्षेत्र में सड़कें अब बेहतर और सुरक्षित होंगी। गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के प्रयासों से लगभग 4.5 करोड़ रुपये की लागत से कई प्रमुख मार्गों के पुनर्निर्माण और विशेष मरम्मत के प्रस्ताव को शासन से मंजूरी मिल गई है। यह कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जाएगा।सड़कों के निर्माण से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा, जिससे आमजन, व्यापारियों और किसानों को सीधे लाभ की उम्मीद है। जिन मार्गों के पुनर्निर्माण को मंजूरी मिली है उनमें एनएच-74 से जमघैन से फरीदपुर हसन संपर्क मार्ग,ग्राम आसपुर से जगदीशपुर संपर्क मार्ग, मझोला-सितारगंज मार्ग से कटैया पण्डरी संपर्क मार्ग,नकटापुरा माइनर नहर सेवा मार्ग का चैनेंज संपर्क मार्ग, पीजेएएस मार्ग से हैदराबाद-भगवतीपुरधुरा होते हुए जिठनिया संपर्क मार्ग शामिल हैं। राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि बेहतर और व्यवस्थित सड़कें ही क्षेत्र के समावेशी एवं संतुलित विकास की आधारशिला होती हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र की अवसंरचना को मजबूत बनाने के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं, और मंजूरी मिले ये प्रस्ताव उसी दिशा में बड़ा कदम हैं।

# नागरिक कल्याण कार्यक्रम 2025-26 के अंतर्गत 70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा ग्राम-भरतापुर में कृषि उपकरण का वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

गुरुवार को नागरिक कल्याण कार्यक्रम 2025-26 के तहत 70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, लखीमपुर खीरी के ÷सी÷ समवाय के ग्राम-भरतपुर में ग्रामीणों के हित में एक महत्वपूर्ण कृषि उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को खेती-बाड़ी के कार्यों में आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराकर उन्हें सशक्त बनाना तथा कृषि उत्पादन को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर कुल 50 ग्रामीणों को फावड़ा, तसला, खुर्पी एवं दरांती जैसे उपयोगी कृषि उपकरण वितरित किए गए। उपकरण प्राप्त कर ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त की और इसे खेती-किसानी में अत्यंत सहायक बताया।कार्यक्रम का नेतृत्व मुकेश कुमार गौतम, द्वितीय कमान अधिकारी के दिशा निर्देश एवं विश्वनाथ मिश्र, उप कमांडेंट के उपस्थिति में हुआ।महोदय द्वारा ग्रामीणों को आधुनिक कृषि तकनीकों, आत्मनिर्भर खेती तथा विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के प्रति जागरूक किया।इस दौरान समवाय के अधीनस्थ अधिकारी एवं बलकर्मी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ग्रामीणों ने 70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल लखीमपुर खीरी के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम सीमावर्ती गांवों के विकास और जनसहभागिता को मजबूती प्रदान करते हैं।70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा समय-समय पर नागरिक कल्याण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों के जीवन स्तर को सुधारने और समाज में जागरूकता बढ़ाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम पूर्णतः सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

# तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर सीधे गौहनिया तालाब में गिरी, बड़ा हादसा होते-होते टला

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



गुरुवार सुबह शहर के लिंक रोड पर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। लिंक रोड से टनकपुर हाईवे की ओर जा रही एक कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सीधे गौहनिया तालाब में समा गई। हादसे के समय कार तालाब के गहरे पानी में पूरी तरह डूबने लगी थी, लेकिन मौके पर मौजूद दो मछुआरों ने साहसिक कदम उठाते हुए चालक की जान बचा ली।घटना की समय-सारणी के अनुसार, बृहस्पतिवार सुबह लगभग 10 बजे कार लिंक रोड से टनकपुर की ओर जा रही थी। कांशीराम बरातघर के पास चालक अचानक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। तेज रफ्तार कार कुछ ही पलों में तालाब की ओर बढ़ गई और पानी में गिरकर तेजी से डूबने लगी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार सीधे तालाब के गहरे हिस्से में चली गई, जिससे चालक स्वयं बाहर नहीं निकल सका।तालाब में मछली पकड़ रहे दो ग्रामीणों ने बिना समय गंवाए पानी में छलांग लगा दी। उनके साथ एक अन्य ग्रामीण भी उतरा। तीनों ने मिलकर डूबती कार तक पहुंचकर चालक को बाहर निकाला। ग्रामीणों ने बताया कि चालक सीट बेल्ट में फंसा हुआ था, जिसे खोलने में उन्हें काफी मशक्कत करनी पड़ी। उनके बहादुरीपूर्ण प्रयास से चालक की जान बच गई। इसके कुछ ही पलों बाद कार पूरी तरह तालाब में डूब गई। घटना की सूचना मिलते ही सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, इंस्पेक्टर नरेश त्यागी और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया और डूब चुकी कार से संबंधित जानकारी जुटाई। चालक को तुरंत जिला अस्पताल भेजकर प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया।पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए आसपास के ग्रामीणों से जानकारी हासिल की। प्रारंभिक जांच में किसी तकनीकी खराबी या अचानक संतुलन बिगड़ने की आशंका जताई गई है। प्रशासन ने कार को बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने तालाब के किनारे सुरक्षा व्यवस्था न होने की शिकायत की और कहा कि भविष्य में ऐसे हादसों से बचने के लिए तालाब के चारों ओर बैरिकेडिंग और चेतावनी बोर्ड की व्यवस्था की जानी चाहिए।

यह घटना स्थानीय प्रशासन और नागरिकों के बीच सुरक्षा पर नई बहस को जन्म दे सकती है। तेज रफ्तार और सड़क किनारे सुरक्षा उपायों की कमी ऐसे हादसों को आम बना सकती है। वहीं, ग्रामीणों की बहादुरी ने दिखा दिया कि मानवता और साहस कभी-कभी तकनीक और नियमन से भी बढ़कर होता है।

# पराली जलाने पर प्रशासन सख्त, 11 ग्राम प्रधानों को डीएम ने थमाया नोटिस

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

जिले में पराली जलाने की बढ़ती घटनाओं पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने 11 ग्राम प्रधानों को उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 95(1)(छ) के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया है।डीएम ने नोटिस में उल्लेख किया है कि मुख्य सचिव, उ.प्र. शासन के निर्देशों के अनुपालन में फसल अवशेष जलाने से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम हेतु समय-समय पर निर्देश जारी किए गए। डीएम, एसडीएम, डीपीआरओ, एडीओ (पं0) से लेकर बीडीओ स्तर तक पराली प्रबंधन, रोकथाम व जागरूकता पर लगातार बैठकें और अभियान चलाए गए।इसके बावजूद इन ग्राम पंचायतों में पराली जलाने की घटनाएँ लगातार सामने आती रहीं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में धुआँ बढ़ा और बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों सहित आमजन के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ा। नोटिस में कहा गया है कि इसके बावजूद ग्राम प्रधानों द्वारा जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जो उनकी लापरवाही एवं कर्तव्यहीनता को दर्शाता है।नोटिस में यह भी स्पष्ट है कि उप्र पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 15(23) (स्वच्छता एवं चिकित्सा) तथा धारा 15(26) (प्रसूति एवं बाल विकास) के अंतर्गत ग्राम पंचायत की जिम्मेदारी है, जिसका समुचित निर्वहन नहीं किया गया। इस आधार पर ग्राम प्रधानों को निरंतर कर्तव्यहीनता का दोषी मानते हुए नोटिस भेजा गया है। डीएम ने सभी ग्राम प्रधानों से सात दिन के भीतर साक्ष्यों सहित जवाब मांगा गया है। निर्धारित समय में जवाब न देने की स्थिति में उक्त अधिनियम की धारा 95(1)(छ) के तहत कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। वहीं, प्रशासन ने पराली जलाने वाले किसानों को भी अनुदानित बीज से वंचित करने का निर्देश दिया है।

# पूर्व छात्र परिषद द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

विद्या भारती विद्यालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज यू0पी0 बोर्ड में विद्यालय के पूर्व छात्र परिषद द्वारा एक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यालय के भैया-बहनों को उनके स्वास्थ्य के प्रति सजग एवं जागरूक करना तथा उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क प्राथमिक स्वास्थ्य जाँच एवं परामर्श उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व छात्र डा0 आनन्द गुप्त जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन तथा डा0 विमल वर्मा नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ ने विद्यार्थियों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया। डॉक्टरों द्वारा बच्चों के सामान्य स्वास्थ्य, विकास, पोषण, दृष्टि, हृदय गति, बीपी आदि की जाँच की गई। साथ ही विद्यार्थियों को स्वास्थ्यवर्धक खान-पान, स्वच्छता, दिनचर्या एवं छोटे-छोटे रोगों से बचाव के उपायों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की गई।शिविर में बड़ी संख्या में भैया/बहन उपस्थित रहे तथा सभी ने उत्साहपूर्वक अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। भैया/ बहनों को यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि विद्यालय के पूर्व छात्र आज भी अपने विद्यालय से भावनात्मक रूप से जुड़े हुए हैं और लगातार समाज सेवा एवं विद्यालय विकास में योगदान दे रहे हैं। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने पूर्व छात्र परिषद के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के समग्र विकास में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ तथा सभी उपस्थित विद्यार्थियों और शिक्षकों ने कार्यक्रम के लिए पूर्व छात्रों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# पंसड़ी हत्याकांड के सभी आठ आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने दिखाया सख्त रवैया

■ पुरानी रंजिश में युवक की गोली मारकर हत्या, अवैध असलहा के साथ आरोपी न्यायालय भेजे गए

जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार



**पीलीभीत।** दियूरिया कोतवाली क्षेत्र के पंसड़ी गांव में मंगलवार शाम को हुई युवक प्रदीप कुमार पुत्र सुरेश चंद्र की हत्या का मामला चौथे दिन पुलिस की कार्रवाई के बाद पूरी तरह सुलझ गया। पुलिस ने पुरानी रंजिश के चलते हत्याकांड में शामिल सभी आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला तब सामने आया था जब आठ दबंगों ने पूर्व रंजिश को लेकर घर में घुसकर प्रदीप कुमार पर गोली चला दी थी, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस घटना के तुरंत बाद पुलिस पर पिछले मुकदमों में लापरवाही बरतने का आरोप लगा और पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने तत्काल थानाध्यक्ष दिगंबर सिंह, पुलिस उपनिरीक्षक अभिषेक यादव और बीट आरक्षी अखिलेश यादव को निलंबित कर दिया। साथ ही कंबोज नगर के चौकी प्रभारी गौतम सिंह को दियूरिया कोतवाली की कमान सौंपते हुए मृतक के अंतिम संस्कार से पहले सभी आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। नवागत थानाध्यक्ष गौतम सिंह की नेतृत्व में पुलिस टीम ने सक्रिय अभियान चलाया। टीम ने मानपुर चौराहे से तीन और मनपुरा चौराहे से पांच आरोपियों को अवैध असलहा और राइफल सहित गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में मुरारी लाल, मेवाराम, बादशाह, राम औतार, अमन, शिवम, सूरज पाल एवं आशीष की मां शामिल हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी आरोपी मेडिकल परीक्षण के बाद न्यायालय में पेश किए गए। पुलिस ने स्पष्ट किया कि इस कार्रवाई से यह संदेश गया है कि कानून हाथ से नहीं जाने दिया जाएगा और किसी भी प्रकार के आपराधिक व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मामले में ग्रामीणों ने पुलिस की कार्रवाई की सराहना की और कहा कि लंबे समय से क्षेत्र में पुरानी रंजिश और अवैध हथियारों के चलते सुरक्षा की भावना कमजोर हो रही थी। पुलिस की इस तेज़ कार्रवाई से ग्रामीणों में राहत और विश्वास की भावना बढ़ी है।

### ‘कोई भी अपराधी कानून से ऊपर नहीं’

पंसड़ी हत्याकांड ने एक बार फिर यह याद दिलाया कि पुरानी रंजिश और अवैध हथियार ग्रामीण जीवन के लिए कितना खतरा बन सकते हैं। हालाँकि प्रारंभिक लापरवाही ने मामले को गंभीर रूप दे दिया था, लेकिन चौथे दिन पूरी टीम के संयुक्त प्रयास से आरोपियों की गिरफ्तारी ने कानून के हाथ की ताकत दिखाई। यह घटना स्पष्ट करती है कि स्थानीय प्रशासन और पुलिस की सक्रिय निगरानी, साथ ही तेज और सटीक कार्रवाई, अपराधियों को न्याय की चौखट तक पहुँचाने में निर्णायक साबित होती है। ग्रामीण सुरक्षा और कानून व्यवस्था के लिए यह कदम बेहद महत्वपूर्ण है।अब सवाल यह है कि क्षेत्र में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए पुलिस को सख्त निगरानी और हथियारों की जांच को नियमित करना होगा। साथ ही, लोगों को भी अपने गांव और मोहल्लों में शांति और कानून का पालन सुनिश्चित करने में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। पुलिस की इस कार्रवाई से एक स्पष्ट संदेश गया हैं। कोई भी अपराधी कानून से ऊपर नहीं।

# नो-पार्किंग उल्लंघन पर संयुक्त कार्रवाई, 21 वाहन चालान, दुकानदारों को कड़ी चेतावनी

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जनपद के विभिन्न मार्गों पर नो-पार्किंग क्षेत्रों और मुख्य सड़कों के किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों की बढ़ती शिकायतों को देखते हुए पुलिस और परिवहन विभाग ने संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया। अभियान में यातायात व्यवस्था बाधित करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई।संयुक्त टीम में क्षेत्राधिकारी यातायात विधि भूषण मौर्य, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी वीरेंद्र सिंह, थाना सुनगढ़ी के पुलिस कर्मी और यातायात पुलिस शामिल रहे। टीम ने असम चौराहे से टाइगर चौराहे तक सड़क किनारे खड़े अवैध वाहनों की जांच कर 12 वाहनों के विरुद्ध चालान जारी किया। इसके अलावा पीलीभीत-पूरनपुर मार्ग पर 03 वाहन,पीलीभीत बीसलपुर मार्ग पर नो-पार्किंग में खड़े 06 वाहन पाए गए, जिन पर नियमानुसार कार्रवाई की गई। कुल मिलाकर 21 वाहनों के विरुद्ध नो-पार्किंग उल्लंघन में चालान किया गया।अभियान के दौरान यातायात अधिकारी एवं एआरटीओ ने सड़क किनारे दुकानें और वर्कशॉप चलाने वाले दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी कि वे अपनी दुकानों के सामने किसी भी वाहन को खड़ा न होने दें। चेताया गया कि नियमों का उल्लंघन मिलने पर आगे और भी कठोर कार्रवाई की जाएगी तथा अतिक्रमण के मामलों में कानूनी कदम उठाए जाएंगे।

# डीएम ने की मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के सम्बन्ध मे बैठक

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



विगत दिवस जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अनुनय झा ने जनपद में हो रहे मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की प्रक्रिया को लेकर सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारियों के साथ इस कार्य मे लगे जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं विभिन्न कर्मचारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने एसआईआर के कार्यों मे तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ को प्रशिक्षित, प्रोत्साहित कर एवं उनका मनोबल बढ़ाते हुए कार्य कराया जाए। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पूर्णतया पालन कराने तथा एसआईआर की प्रक्रिया को समयबद्ध रुप से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य मे किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई क्षम्य नही होगी। उन्होंने कहा कि 04 दिसम्बर से पूर्व इस कार्य को पूर्ण किया जाये। उन्होंने कहा कि धीमी प्रगति वाले बीएलओं अपने जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी ईमानदारी से समयबद्व रूप से करे नही तो अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अपने क्षेत्रों में एसआईआर के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें। उन्होंने गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कम प्रगति वाले बूथों को डिजिटाइजेशन के कार्य में तेजी लाने के लिए बीएलओ के कार्यो की नियमित मॉनिटरिंग करने, साथ ही ÷बुक अ कॉल विद बीएलओ÷ ऐप के लंबित प्रकरणो को 48 घंटे से पहले निस्तारित करने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ सान्या छाबड़ा,एडीएम न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, पीडी एके मौर्य, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम, जिला पंचायत राज अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण



**जनएक्सप्रेस/हरदोई।** गुरुवार को डीएम अनुनय झा व एसपी अशोक कुमार मीणा के साथ जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बंदियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा उनकी शिकायतों को समय से निस्तारित कराने का आश्वासन दिया।निरीक्षण के दौरान डीएम ने कारागार के भोजनालय को देखा तथा जेल अधीक्षक को निर्देश दिये कि बंदियों को गुणवत्ता परक भोजन समय से दिया जाय।एसपी ने उपस्थित डाक्टरों को निर्देश दिये कि बीमार बंदियों की उचित जांच करायें और गंभीर बीमार बंदियों को जिला चिकित्सालय में भर्ती करायें। इस अवसर पर डिप्टी जेलर योगेश कुमार, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम सहित सभी सम्बन्धित उपस्थित रहें।

## डीएम ने एसआईआर कार्यो का लोगों से लिया फीडबैक, गणना प्रपत्र जल्द जमा करने की अपील

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने जनपद की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में चल रहे मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की स्थिति एवं प्रगति आदि से संबंधित अब्दुल पुरवा बूथ 177 एवं आजाद नगर हरदोई देहात बूथ 167 से 173 के विभिन्न बूथों का सघन स्थलीय निरीक्षण किया, तथा उपस्थित बीएलओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायक अध्यापक से प्रगति का जायजा लिया, तथा गणना प्रपत्रों के वितरण कार्य उसकी वापसी और डिजिटाइजेशन के कार्यो को देखा। और आस-पास के लोगों से गणना प्रपत्र के मिलने और फार्म भरकर जमा करने के बारे मे पूछा। उन्होंने आमजन से अपील की वे अपने गणना प्रपत्र जल्द से जल्द जमा करें।

निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एस आई आर) के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलिता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संपूर्ण प्रक्रिया के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करना सुनिश्चित किया जाए तथा निर्धारित समय सीमा में गणना प्रपत्रों का वितरण, संग्रहण बीएलओ द्वारा किया जाए, यह कार्य बीएलओ घर-घर जाकर करेंगे। गणना प्रपत्र भरवाने के बाद उसे अपने पास प्राप्त कर बीएलओ एप पर डिजिटाइज्ड करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर एसडीएम सदर सुशील कुमार मिश्रा, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम सहित उपस्थित रहें।

## मनुष्य को अपने जीवन में अच्छे स्वभाव, अच्छी सोच रखनी चाहिए: प्रकाश चन्द्र महाराज

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



पिहानी में माँ इच्छापूर्णी रामजानकी मंदिर में चल रहे श्री राम विवाह महोत्सव में विधि-विधान से श्री सीताराम जी का वैवाहिक संस्कार भक्तिभाव से किये जा रहे हैं। कलेवा संस्कार के माध्यम से मिथिला में भगवान के अद्भुत स्वरुप का वर्णन किया गया। महिलाओं ने बधाई गीत गाये। श्री मद्भागवत कथा प्रसंग के अंतर्गत पूज्य प्रकाश चंद्र महाराज ने भक्त ध्रुव चरित्र से जीवन का लक्ष्य दृढ़ होना चाहिए, जिससे भगवान की प्राप्ति सुलभ हो यह सीख दी। वहीं अजामिल उपाख्यान से भगवद दयालुता की महिमा गाई गई और प्रहलाद चरित्र में भगवान विष्णु की भक्ति में लीन रहने की प्रेरणा दी गई। उन्होंने कहा, कि जिसके पिता हिरण्यकश्यप भगवान विष्णु को अपना शत्रु मानते थे। पुत्र को भगवान विष्णु की भक्ति करते देख उन्होंने उसे ही जान से मारने की ठान ली। प्रभु पर सच्ची निष्ठा और आस्था की वजह से हिरण्यकश्यप प्रह्लाद का कुछ भी अनिष्ट नहीं कर पाए। गजेंद्र मोक्ष और समुद्र मंथन के प्रसंग का भाव पूर्ण वर्णन किया गया।आचार्य ने उपस्थित श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा, कि प्रत्येक मनुष्यों को अपने जीवन में अच्छे स्वभाव, अच्छी सोच रखनी चाहिए। यही वे सद्गुण हैं जो आदमी के वर्तमान को भी उज्ज्वल बनाते हैं। %आनंद और खुशियां÷ जिंदगी की सबसे बड़ी दौलत है। यह शरीर तो एक दिन मिट्टी में मिल जाता है। पत्थर को भी जब तराशकर प्रतिमा बनाया जा सकता है, ऐसे ही आदमी का अच्छा व्यवहार होता है, जो बाहर से डाला नहीं जाता, फालतू का कचरा जो आपने भीतर में इकट्ठा कर रखा है, उसे हटा दो तो आपको लगेगा कि मैं कितना बढ़िया इंसान बन गया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से महंत वैष्णव हरिशरण महाराज, अनिरुद्ध भईया, रामप्रकाश मिश्रा, रामचन्द्र गुप्ता, राममुकुंद रस्तोगी, श्यामाचरण, ओम रस्तोगी आदि रहे।

## डीएम ने जन सुनवाई मे सुनी 91जनशिकायतें

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान डीएम अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे कुल 91 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित को दिए। आज जन सुनवाई में 02 महिलाओं को निराश्रित महिला पेंशन योजना, 07 बच्चों को बालसेवा योजना, एक वृद्धावस्था पेशन तथा एक व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। जन सुनवाई में शिकायतों के निस्तारण के साथ ही लोगों को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी दिया जाता है। डीएम ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्व और गुणावत्तापूर्ण ढंग से हो। उन्होंने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व कर्मी एवं ग्राम प्रधानों के माध्यम से निगरानी रखकर पराली जलाने की घटनाओं पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि उत्तराधिकार का कोई भी प्रकरण लंबित न रखें तथा कृषक दुर्घटना बीमा योजना के किसी आवेदन को लंबित न रखा जाये। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट भूमिका यादव व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एसपी ने जनसुनवाई में शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



एसपी अशोक कुमार मीणा ने गुरुवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित कर आम जनता की शिकायतों को सुनते हुए उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे शिकायतकर्ताओं ने अपने-अपने मुद्दों को पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखा, जिन पर उन्होंने गंभीरता से सुनवाई करते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के आदेश दिए।एसपी ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य पुलिस-जन के बीच संवाद को मजबूत करना और पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाना है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में लापरवाही या देरी न होने पाए।कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने भी शिकायतों के समाधान के प्रति तत्परता का आश्वासन दिया।

## कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के साथ बैठक, SIR कार्य में तेजी लाने के निर्देश

**जन एक्सप्रेस । उरई**




जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (स्श्चद्गष्ड्डद्य द्धठ्ठह्लद्गठ्ठह्यद्ब1द्ग ऋद्ब1द्बह्यद्बश्ठ्ठ-स्ढ्ढक्र) कार्यक्रम को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराना अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बीएलओ द्वारा घर-घर वितरित किए गए फार्म यदि मतदाताओं द्वारा समय से जमा नहीं किए जाते, तो उनका नाम ड्राफ्ट सूची में सम्मिलित नहीं होगा, जिसके लिए मतदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे।जिलाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे अपने अपने बूथ लेवल एजेंट को सक्रिय करें और उन्हें बूथ लेवल अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने हेतु प्रेरित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि शत प्रतिशत पात्र मतदाताओं से फार्म भरवाकर 4 दिसंबर तक पूर्ण रूप से जमा कराए जाएँ। जिलाधिकारी ने कहा कि राजनीतिक दल निर्वाचन प्रक्रिया के प्रमुख भागीदार हैं और उनके सहयोग से ही मतदाता सूची का शत-प्रतिशत शुद्धिकरण संभव है। उन्होंने अपेक्षा की कि सभी दल लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में सक्रिय योगदान देंगे। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शान्ति स्वरूप महेश्वरी (भा.ज.पा.), राजीव शर्मा (सपा), भगवती शरण पांचाल (बसपा), विनोद कुमार नगरिया (भा.क.पा.), कमल दोहरे (कांग्रेस), विजय चौधरी (आप), महेंद्र (अपना दल एस), विनोद कुमार आदि उपस्थित रहे।

## हाईवे पर करते समय अज्ञात वाहन से कुचलकर युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस । कालपी**

कोतवाली क्षेत्र में बुंदेलखंड पार्क के सामने तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। नगर क्षेत्र के मोहल्ला गणेशगंज निवासी प्रकाश 35 वर्ष पुत्र प्रहलाद वुधवार रात में पास के एक होटल से खाना खाकर पैदल ही अपने घर लौट रहा था। बताया गया कि वह जैसे ही बुंदेलखंड पार्क के सामने हाईवे को पार कर रहा था। तभी तेज रफ्तार से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह कुछ दूरी तक घिसटता हुआ सड़क पर गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। इस दौरान वहां से निकल रहे राहगीरों ने जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जिन्होंने शव को कब्जे में लिया और पहचान होने के बाद खबर उसके परिजनों को दी। खबर मिलते ही परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए। मामले में प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हादसे वाले स्थान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि किस वाहन ने घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि फुटेज मिलने के बाद वाहन और उसके चालक की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम ने सदर तहसील का किया औचक निरीक्षण




**जन एक्सप्रेस । उरई**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने गुरुवार को सदर तहसील का औचक निरीक्षण करते हुए विभिन्न पटलों और न्यायालयों की कार्यप्रणाली की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक पटल पर उपलब्ध अभिलेखों, लंबित प्रकरणों और जनसुविधा से संबंधित कार्यों की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। वहीं न्यायालयों में चल रहे राजस्व प्रकरणों के निस्तारण की गति की भी जानकारी ली। निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के अंतर्गत चल रहे फार्म डिजिटाइजेशन कार्य को देखा और संबंधित कार्मिकों से प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि बीएलओ द्वारा 30 प्रतिशत या उससे कम फार्म डिजिटाइज किए गए हैं। इस पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने ऐसे बीएलओ को चेतावनी देते हुए निर्देश दिया कि कार्य में तत्काल तेजी लाई जाए और निर्धारित समयसीमा के भीतर शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कार्मिकों से कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, ऐसी स्थिति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल आदि अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## पांच दिन से लापता युवक का तालाब में शव मिलने से फैली सनसनी

**उरई।** एट थाना क्षेत्र के ग्राम खरुसा स्थिति तालाब में पांच दिन से लापता युवक का शव मिलने से इलाके में फैली सनसनी फ़ैल गई। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी।

एट थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह ग्राम खरुसा गांव में स्थित तालाब के पानी में उतराता शव देख इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला। पुलिस के प्रयासों के बाद मृतक की पहचान मनोज बाल्मीकि 37 वर्ष पुत्र मुन्नालाल निवासी टीहर, थाना रामपुरा के रूप में हुई। खबर मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि वह 21 नवंबर की रात अपने भांजे की शादी में शामिल होने खरूसा गांव आया था। विवाह समारोह पूर्व प्रधान भगवानदास बाल्मीकि के यहां हो रहा था और उसी रात वह अचानक लापता हो गया। काफी तलाश के बाद भी कोई सुराग न लगने पर 23 नवंबर को पिता मुन्ना लाल ने एट कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी, लेकिन बुधवार को उसका शव तालाब से बरामद किया गया है। घटना की जानकारी होते ही सीओ परमेश्वर प्रशाद कोतवाली प्रभारी पंकज कुमार पांडेय सहित फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और मामले को गंभीरता से लिया। सीओ ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, मौत का कारण पीएम रिपोर्ट से स्पष्ट होगा। फिलहाल घटना की हर पहलू पर जमीनी स्तर से जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।वहीं रहस्यमय परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाए चल रही हैं।

## पूरे भारत में आरसीएम की रूपांतरण यात्रा बनी जनआंदोलन, अब पहुँच रही है आगरा

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

आरसीएम की रूपांतरण यात्रा, जिसमें अब तक देश के कई शहरों में एक लाख से अधिक नागरिक जुड़ चुके हैं, 1 दिसम्बर को आगरा पहुँचेगी। 16 सितंबर 2025 को राजस्थान के भीलवाड़ा से आरसीएम के 25वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में शुरू हुई यह यात्रा सभी अपेक्षाओं से आगे निकल चुकी है और अब एक जन-आंदोलन का रूप ले चुकी है। अब तक की यात्रा के उत्साह को देखते हुए उम्मीद है कि आगरा में इस यात्रा को और भी ज़्यादा जनसमर्थन मिलेगा, जहाँ हर उम्र और वर्ग के नागरिक सक्रिय भागीदारी करेंगे। इस यात्रा के दौरान आम नागरिक - बच्चे, महिलाएं और परिवार - स्वास्थ्य, सेवा और संस्कार जैसे मुख्य सिद्धांतों को अपनाने का संकल्प ले रहे हैं। उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली, जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचाव और समाज सेवा के महत्व के बारे में सीखा है। अब तक 2,000 से अधिक लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान भी किया है, जो समाज के प्रति गहरी जिम्मेदारी और अपनत्व की भावना को दर्शाता है। यह संख्या दिसंबर 23, 2025 को यात्रा के समापन तक और बढ़ने की संभावना है। रूपांतरण यात्रा की सफलता का मूल कारण है आम जनता की सच्ची और स्वप्रेरित भागीदारी। स्वास्थ्य जागरूकता पर केंद्रित इस यात्रा में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, थायरॉइड और उच्च कोलेस्ट्रॉल जैसी जीवनशैली बीमारियों पर व्यावहारिक सत्रों और चिकित्सा शिविरों के माध्यम से जागरूकता फैलाई जा रही है। यह 100 दिनों की, 17,000 किलोमीटर लंबी राष्ट्रव्यापी यात्रा 75 शहरों का दौरा करेगी और 25 भव्य समारोहों का आयोजन करेगी। यह अभियान आरसीएम के उस दृष्टिकोण को सशक्त करता है।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने टीईटी छूट के लिए सांसद को दिया ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । उरई**



राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह चौहान के नेतृत्व में सांसद नारायणदास अहिरवार को ज्ञापन सौंपकर टीईटी के मुद्दे को संसद के शीतकालीन सत्र में रखने की माँग की है। ज्ञापन को देते हुए महासंघ के जिला महामंत्री इलयास मंसूरी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय में 2011 से पूर्व कार्यरत शिक्षकों को टीईटी पास करने का आदेश हो गया है, जबकि यह वाजिब नहीं है, केंद्र सरकार और एनसीटीई की अधिसूचना में पूर्व से कार्यरत शिक्षकों की सेवा शर्तों में टीईटी था ही नहीं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के आदेश में पूर्व से कार्यरत शिक्षकों पर लागू कर दिया गया है और दो वर्ष में टीईटी उत्तीर्ण न करने पर सेवा से पृथक करने की बात कही गई है जिससे शिक्षक समाज भय और असमंजस की स्थिति में हैं। प्रदेशीय मीडिया प्रमुख बृजेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेशीय नेतृत्व के निर्देश पर समूचे प्रदेश में माननीय सांसदों को यह ज्ञापन दिया जा रहा है जिसमें यह मांग है कि केंद्र सरकार विधाई हस्तक्षेप कर वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों की सेवा को सुरक्षा प्रदान करें जिससे हमारा शिक्षक भयमुक्त होकर नौनिहालों को शिक्षित कर सकें। जिला संगठन मंत्री तनवीर अहमद ने कहा कि सभी कार्यरत शिक्षकों के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य करने के निर्णय से देशभर के लगभग 20 लाख शिक्षकों की सेवा एवं आजीविका पर संकट उत्पन्न हो गया है। जिला महिला उपाध्यक्ष सरला कुशवाहा ने कहा कि आरटीई अधिनियम विभिन्न राज्यों में अलग-अलग वर्षों में लागू हुआ है। उत्तर प्रदेश में यह अधिनियम 27 जुलाई 2011 को लागू किया गया। इसलिए राज्यवार कट-ऑफ वर्ष निर्धारित किया जाना ही न्यायसंगत रहेगा। ज्ञापन कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष मु0 अय्यूब, जिला उपाध्यक्ष मनोज बाथम, जिला सदस्यता प्रभारी रियायत बेग, जिला संयुक्त मंत्री इनाम उल्ला अंसारी, रुचि, उमेश कुमार, शारिक अंसारी, अरविंद निरंजन, अमित यादव, दशरथ सिंह पाल, राजेंद्र सोनी, अवधेश श्रीवास्तव, शिवाजी गुर्जर, नीतेश श्रीवास्तव, पवन कुमार, प्रेमबाबू, अम्बरीष कुमार, कप्तान सिंह, जितेंद्र श्रीवास्तव, शैलेन्द्र सिंह चौहान, सौरभ सोनी, कन्हैया लाल कुशवाहा, शिवम श्रीवास्तव, हमीर सिंह पाल आदि पदाधिकारी व शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## एयरटेल एमडी का अलर्ट- मुख्य बैंक खाते से यूपीआई भुगतान करना बढ़ा रहा है डिजिटल फ्रॉड का जोखिम

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

डिजिटल फ्रॉड और ऑनलाइन स्कैम तेजी से बढ़ते हुए भारत के लिए एक बड़ी चिंता बन गए हैं। हर रोज कोई ना कोई डिजिटल धोखाधड़ी का मामला जगह जगह देखने को मिल रहा है, जिसका शिकार छोटे बड़े सभी लोग हो रहे हैं। ऐसे में डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव का एक तरीका सेकंड बैंक अकाउंट हो सकता है जिससे आप रोजमर्रा के लेनदेन कर सकते हैं और जिसमें आवश्यकता अनुसार थोड़ा धन सेविंग के रूप में रखा जा सकता है, और जिसमें ग्राहकों को ब्याज भी मिलेगा।

इसी का एक बेहतर विकल्प एयरटेल पेमेंट बैंक के रूप में एयरटेल ने ग्राहकों के लिए पेश किया है। जो ग्राहकों की वित्तीय सुरक्षा को और मजबूत करने के साथ ही पूरी तरह से सुरक्षित और आसान बैंकिंग सुविधा मुहैया कराएगा।

कंपनी ने ग्राहकों से अपील की है कि वे अपने डिजिटल भुगतान के लिए एक सुरक्षित सेकंड अकाउंट बनाएं, जिससे मुख्य बैंक खाते को किसी भी ऑनलाइन खतरे से बचाया जा सके।

एयरटेल के वाईस चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्री गोपाल विट्ठल ने अपने ग्राहकों को डिजिटल फ्रॉड से सजग रहने की अपील करते हुए एक चिट्ठी लिखी है जिसमें उन्होंने कहा कि डिजिटल ठगी आजकल फर्जी पार्सल डिलीवरी, पुरस्कार जीतने के नाम पर लिंक भेजने तथा डिजिटल गिरफ्तारी के डर जैसी नई-नई तरकीबों के सहारे बढ़ रही है। उन्होंने कहा, एयरटेल नेटवर्क पर होने वाला कोई भी धोखाधड़ी का मामला हमें दुख पहुंचाता है। इसलिए आपकी सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# नेटवर्क व सर्वर के कारण धीमी रही एसआईआर की रफ्तार, कार्य प्रभावित

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जनपद में मतदाता सूची का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) कार्य को लेकर प्रशासन जुटा हुआ है। इसको निर्धारित समय के अन्दर पूरा करने के लिए तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। उसी क्रम में नगर पंचायत कोहड़ौर के प्राथमिक विद्यालय रामापुर व कोहड़ौर में आने वाले लोगों का फार्म इकठ्ठा कर डेटा फीड करने में बीएलओ लगे रहे। अधिकारियों की अपील पर जनप्रतिनिधि व सक्रिय नागरिक भी इस अभियान में सहयोग कर रहे हैं। गुरुवार को नगर पंचायत कोहड़ौर के अधिशाषी अधिकारी स्वतंत्र प्रताप सिंह ने भी बीएलओ के सहयोग में लगे अपने कर्मचारियों को स्कूलों में जाकर निर्देशित किया। वहीं सभासद शम्भू कुमार, व सभासद प्रतिनिधि सन्तोष दुबे, सत्यप्रकाश पाठक ने बताया कि हम लोग अपने वार्डों में एसआईआर कार्य को लेकर पूरी तरह सक्रियता से लगे हुए हैं। देखा जाए तो पुराने अभिलेख से रिकॉर्ड का मिलान और सत्यापन के साथ साथ नेटवर्क और सर्वर की समस्या भी एसआईआर की रफ्तार को धीमा कर रही है। गुरुवार को विद्यालय में काम निपटा रहे बीएलओ दुर्गा प्रसाद ने बताया कि नेटवर्क व सर्वर की समस्या होने के कारण दोपहर दो बजे तक मात्र पांच फार्म सबमिट हो पाया। बीएलओ एजाज अहमद ने बताया कि नेटवर्क धीमा होने के कारण मात्र पन्द्रह फार्मों का डेटा ही अपलोड किया जा सका। जबकि नेटवर्क व सर्वर अगर सही होता तो ये संख्या लगभग सैकड़ों में होती। प्रभारी प्रधानाध्यापक दुर्गा प्रसाद ने बताया कि विद्यालय के अलावां भी अन्य विभाग के कर्मचारियों का सहयोग मिल रहा है। हमारे सहयोगी कर्मचारी क्षेत्र में मतदाताओं के घर-घर जाकर प्रपत्र एकत्र कर उन्हें भरने का काम कर रहे हैं। इस दौरान प्रधानाध्यापक दुर्गा प्रसाद, एजाज अहमद, सौरभि, सरला देवी, नगरपंचायत कर्मचारियों के साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकत्री भी उपस्थित रहीं। मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्य को लेकर मतदाताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। सक्रिय मतदाता स्वयं स्कूलों में जाकर बीएलओ से मिलकर अपना फार्म भर रहे हैं। प्रधानाध्यापक दुर्गा प्रसाद ने बताया कि सभी कर्मचारियों के सहयोग से मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य समय पर पूरा कर लिया जाएगा।

## पत्नी के हत्यारे पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जिले की थाना कोतवाली नगर पुलिस व स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में पत्नी की हत्या के आरोप में फरार पति महज चौबीस घण्टे में हुआ गिरफ़्तार। शक ने वैवाहिक जीवन को बर्बाद करने के साथ ही मासूम बच्चों के सिर से माँ का साया छीन लिया।

गौरतलब हो कि बीते बुधवार को नगर कोतवाली थाना इलाके के स्टेशन रोड पर एक महिला की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। सूचना पर पहुंची डायल-112 द्वारा जानकारी होते ही एसपी दीपक भूकर ने तत्काल मौके पर पहुँचक घटनास्थल का निरीक्षण किया था। उन्होंने घटना के शीघ्र अनावरण करने के साथ ही आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए निर्देशित किया था। फोरेंसिक टीम ने भी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य संकलन किया था। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही घटना के बाद से फरार पति की तलाश कर रही थी। प्रारम्भिक पूछताछ में मृतका के पुत्र द्वारा यह बताया गया कि माता-पिता के बीच प्रायः विवाद होता रहता था। जिसके बाद पुलिस का शक और गहरा गया।

# दोहरी नागरिकता वालों पर एसआईआर की सख़्त नजर

जन एक्सप्रेस । सोनौली/महराजगंज

भारत-नेपाल सीमा से लगे क्षेत्रों में दोहरी नागरिकता और अवैध तरीके से मतदाता सूची में दर्ज नामों की अब खैर नहीं है। विशेष पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के तहत प्रशासन ने मतदाता सूची को शुद्ध करने की दिशा में तेज़ी पकड़ ली है। अभियान की गंभीरता का अंदाज़ा इसी से लगाया जा सकता है कि अधिकारी स्वयं क्षेत्र में उतरकर सत्यापन करा रहे हैं, जबकि स्थानीय लोग भी अपने मताधिकार को सुरक्षित रखने के लिए सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं।

### कूटरचित और दोहरी नागरिकता वालों की बढ़ी मुश्किल

सीमावर्ती गांवों में कई नेपाली नागरिक लंबे समय से मतदाता सूची में अपना नाम बनाए रखने की कोशिश में जुटे हैं। इसके लिए वे अपने भारतीय रिश्तेदारों और परिचितों के यहां डेरा डाले हुए हैं। लेकिन प्रशासन के सख्त तेवर देखते हुए अब इनके नाम सूची से हटना लगभग तय माना जा रहा है, अधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि फर्जी तरीके से शामिल हुए नामों को बिना किसी दबाव के संशोधित सूची से बाहर कर दिया जाएगा। कार्रवाई की भनक लगते ही नेपाल में बसे कई प्रवासी मतदाता अचानक सक्रिय हो गए हैं।

### 2003 की निर्वाचक नामावली बनी कसौटी

चुनाव आयोग के तय मानकों के अनुसार, किसी व्यक्ति का या उसके माता-पिता का नाम 2003 की मतदाता सूची में दर्ज होना अनिवार्य है। इस मानक पर खरे न उतरने वालों का नाम हटना तय है। इस आधार पर सीमावर्ती इलाकों में बड़ी संख्या में फर्जी नागरिकता का सहारा लेकर बने मतदाताओं पर कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

### जिसकी रसोई भारत में नहीं, नाम भी नहीं

अभियान में लगे कर्मचारी अनुसार भारत नेपाल के सरहद पर जिसकी स्थायी रसोई भारत में नहीं है, उसका नाम मतदाता सूची में नहीं रहेगा। इस सख्ती का असर नेपाल मूल की उन महिलाओं पर भी पड़ा है, जिनका मायका नेपाल में है और शादी के बाद वे भारत आई हैं। हालांकि ऐसे मामलों के लिए आगे अलग प्रक्रिया से नाम दर्ज करने की व्यवस्था रहेगी।

### दशकों से सीमा पार रहने वाले मतदाता भी रडार पर

मतदाता सूची में दर्ज कई नेपाली नागरिक ऐसे हैं जिनका रहने-सहने का स्थान वर्षों से नेपाल के विभिन्न शहरों—बेलहिया, भैरहवा, बुटवल, पाल्पा, पोखरा और काठमांडू—में है। ये लोग अक्सर सिर्फ मतदान के दिन ही भारत में दिखाई देते थे। एसआईआर अभियान के चलते अब ऐसे प्रवासी मतदाताओं के नाम भी सूची से हटने लगभग तय माने जा रहे हैं। हालांकि सीमावर्ती क्षेत्रों में यह अभियान न केवल मतदाता सूची की शुचिता सुनिश्चित कर रहा है, बल्कि स्थानीय लोगों में भी अपने अधिकारों के प्रति नई जागरूकता पैदा कर रहा है।

# एसएसबी ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । सोनौली/महराजगंज



22वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, सोनौली द्वारा संचालित वाइब्रेंट विलेज श्यामकाट में 15 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। समापन अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि एसएसबी कमांडेंट शक्ति सिंह ठाकुर ने सभी 30 प्रतिभागी युवतियों व महिलाओं को सम्मानित किया तथा प्रमाण पत्र प्रदान किए।

कमांडेंट शक्ति सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को फेस क्लीनअप, स्किन केयर, हेयर कटिंग एवं स्टाइलिंग, मेकअप बेसिक्स, मेहंदी डिजाइन, ब्यूटी प्रोडक्ट्स के सुरक्षित उपयोग जैसी आधुनिक सौंदर्य तकनीकों का विस्तृत अभ्यास कराया गया। इंस्पेक्टर अरुण पांडेय ने कहा कि यह कार्यक्रम नागरिक कल्याण योजना (गृह मंत्रालय निधि) के तहत सीमावर्ती क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से चलाया गया था। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। इस कार्यक्रम में कस्टम अधीक्षक संजय मिश्रा, इंस्पेक्टर केसीएम त्रिपाठी, व्यापार मंडल अध्यक्ष सुभाष जायसवाल, विजय रौनियार, भाजपा नेता प्रेम जायसवाल, गौरी शंकर, गणेश मद्देशिया, जगदीश प्रसाद, आकाश कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस ने संविधान दिवस पर लिया कर्तव्यनिष्ठा का संकल्प

जन एक्सप्रेस । देवरिया

संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार को पुलिस लाइंस के अलावा सभी थानों पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार सिंह ने की।

पुलिस लाइंस में उन्होंने संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया तथा सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान में निहित मूल्यों, न्याय, समता, स्वतंत्रता एवं बंधुत्व को आत्मसात करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि भारत का संविधान राष्ट्र की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक ढांचे का आधार है। पुलिस विभाग का दायित्व है कि वह संविधान की ओर से प्रदत्त अधिकारों और कर्तव्यों का सम्मान करते हुए समाज में कानून-व्यवस्था की स्थापना में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

# एसआईआर अभियान को तेज करने के दृष्टिगत डीएम ने की बैठक

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले में गुरुवार को डीएम शिव सहाय अवस्थी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) को तीव्र गति देने हेतु कैम्प कार्यालय के सभागार में जिलास्तरीय व खण्ड शिक्षा अधिकारियों तथा बीआरसी के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित केते हुए कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के दौरान कम प्रगति वाले मतदेय स्थलों पर अतिरिक्त विभागीय कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है जिसमें स्वयं पहुंचकर कार्य की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण करें। डीएम ने कहा कि एसआईआर अभियान के तहत फीडिंग कार्य, आनलाइन व आफलाइन फार्म भरने, गणना प्रपत्रों के संकलन जैसे महत्वपूर्ण कार्यो में जो भी समस्या आ रही हो इसमें सहयोग कर प्रगति को बढ़ायें जिससे बूथों पर शत प्रतिशत फार्म भराये जा सके, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता न बरती जाये नहीं तो स्वयं की जिम्मेदारी तय की जायेगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी आदित्य प्रजापति ने अधिकारियों से कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के दौरान अभी तक 45 प्रतिशत ही फीडिंग का कार्य जनपद में किया गया है इसमें अभी और तेज गति से कार्य करने की आवश्यकता है जिससे शत प्रतिशत कार्य को निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत पूरा किया जा सके। अपर जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि मतदाताओं द्वारा गणना प्रपत्र नहीं भरे जायेगें तो वह मतदाता सूची से वंचित हो सकते है इसलिये विभागीय टीमों के माध्यम से प्रत्येक घर तक संदेश पहुँचाया जाये ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से बाहर न रह जाये। बैठक में जिला विकास अधिकारी सहित जनपद स्तरीय व खण्ड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

# एएसपी की अध्यक्षता में विशेष किशोर पुलिस इकाई की मासिक बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जनपद के पुलिस लाइन में स्थित सई काम्प्लेक्स में गुरुवार को एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृज नंदन राय की अध्यक्षता में विशेष किशोर पुलिस इकाई की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। जिसका मुख्य उद्देश्य बाल विवाह, बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति और मानव तस्करी जैसे बाल अपराधों की रोकथाम पर चर्चा करना था। बालश्रम और बाल भिक्षावृत्ति रोकने हेतु शिक्षा, जागरूकता, होटल व ढाबों की पहचान, सरकारी योजनाओं का लाभ और स्थानीय थाना स्तर पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर भी विचार-विमर्श हुआ। मानव तस्करी और अन्य बाल अपराधों की रोकथाम के लिए की जा रही कार्रवाइयों की समीक्षा की गई और आगे की रणनीति तैयार की गई। एएसपी बृज नंदन राय द्वारा प्रत्येक थाने में सक्रिय किशोर पुलिस इकाई को और मजबूत करने, बाल पीड़ितों से जुड़े प्रकरणों में त्वरित एवं पारदर्शी कार्यवाही करने तथा किशोरों से संबंधित मामलों में संवेदनशीलता, समन्वय एवं सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को अपने-अपने क्षेत्र में बाल सुरक्षा से जुड़ी गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखने व प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने बाल संरक्षण से जुड़ी संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कर संयुक्त अभियान चलाने और पीड़ितों को आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए विशेष योजनाएं बनाने पर बल दिया। साथ ही, बाल अधिकारों के संरक्षण हेतु विद्यालयों, ग्राम पंचायतों और शहरी बस्तियों में जागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया।

## बेकाबू ट्रैक्टर की चपेट में आने से वृद्ध की मौत, मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जिले के आसपुर देवसरा थाना इलाके के धनसार गांव निवासी पारस मिश्रा ( 65 वर्ष ) की तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार आसपुर देवसरा थाना इलाके के धनसार गांव निवासी पारस मिश्र गुरुवार को गांव के बाहर एक दुकान पर गये थे। तभी तेज रफ्तार से आते हुए एक ट्रैक्टर की चपेट में आ गए। ग्रामीणों के अनुसार ट्रैक्टर चालक घटना को अंजाम देने के बाद मौके से ट्रैक्टर समेत फरार हो गया। इस दौरान गांव के कुछ अन्य लोग भी ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाल-बाल बचे। घटना की सूचना मिलते ही आसपुर देवसरा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक पारस मिश्रा की छः बेटियां हैं जिनमें से पांच की शादी हो चुकी है जबकि 18 वर्षीय छोटी बेटी कामिनी की शादी अभी बाकी है।

# एसआईआर प्रक्रिया में अव्यवस्थाओं पर कांग्रेस का हल्ला

जन एक्सप्रेस । महराजगंज




गहन मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान जनता को हो रही परेशानियों को लेकर कांग्रेस पार्टी ने शनिवार को जिला मुख्यालय पर प्रेस वार्ता कर चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विजय सिंह ने की। उन्होंने कहा कि 4 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक एसआईआर फार्म जमा करने की एक माह की अवधि बेहद कम है, जबकि मांगे गए दस्तावेज ग्रामीण व अशिक्षित लोगों के लिए आसानी से उपलब्ध नहीं हो पाते। फार्म की जटिलता के कारण बीएलओ भी निर्धारित समय में कार्य पूरा करने में असमर्थ हैं। उन्होंने दावा किया कि दबाव बढ़ने के चलते कई राज्यों में 16 बीएलओ की मौत तक हो चुकी है।पूर्व जिलाध्यक्ष शरद सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 2027 में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं, ऐसे में बीएलओ को पर्याप्त समय देना आवश्यक है। झिनकू चौधरी ने आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया जल्दबाजी में कर सत्तारूढ़ दल को लाभ पहुंचाने की कोशिश की जा रही है, जो लोकतंत्र के लिए घातक है। अवनीश पाल ने कहा कि बिहार की तरह यूपी में भी एसआईआर को जल्द पूरा करने की मंशा समझ से परे है। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि चुनाव आयोग तुरंत प्रक्रिया की अवधि बढ़ाए। बैठक में कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# व्यापारी के साथ ठगी कर आभूषण लेकर फरार ठगों को पुलिस ने दबोचा

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले के कुण्डा कोतवाली थाना इलाके के कस्बा कुण्डा के मेन चौराहे पर स्थित सर्राफा व्यवसायी अखिलेश कुमार केसरवानी की दुकान पर बीते 18 नवम्बर को आये दो अज्ञात ठगों ने उनसे गहने खरीदने को लेकर बातचीत की। फिर थोड़ी देर बाद अखिलेश से बगल की दुकान पर गहने पसन्द कराने की बात कहकर उन्हें और उनके कर्मचारी को झांसे में लिया और गहने लेकर फरार हो गये। जिसके बाद अखिलेश की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस टप्पेबाजों की सरगर्मी से तलाश कर रही थी। एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर सीसीटीवी फुटेज एवं सर्विलांस के आधार पर दोनों अभियुक्तों की पहचान कर गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया। पुलिस ने सर्विलांस से प्राप्त लोकेशन के आधार पर दोनों अभियुक्तों को गुरुवार को मुरादाबाद से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त मो. इदरीस पुत्र अब्दुल हकीम व मो. इदरीस पुत्र बन्ने मिस्त्री मुरादाबाद जिले के रहने वाले हैं। पुलिस ने दोनों को चक्कर की मिलक, थाना सिविल लाइन जनपद मुरादाबाद से गिरफ्तार करने के साथ ही उनके कब्जे से दो मोबाइल फोन व 40 ग्राम पिघला हुआ पीली धातु भी बरामद किया। सीओ कुण्डा अमरनाथ गुप्ता ने बताया कि सर्राफा व्यवसायी अखिलेश कुमार के साथ दो व्यक्तियों ने ठगी करके इनसे सोने की अंगूठी व जंजीर लेकर फरार हो गये थे। दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें गठित की गई थी। मुरादाबाद के रहने वाले दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## सन्दिग्ध परिस्थितियों में व्यापारी का भाई गायब, जांच में जुटी पुलिस

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** रायबरेली के एक टेंट व्यवसायी का भाई प्रतापगढ़ से संदिग्ध परिस्थितियों में बुधवार को लापता हो गया। पुलिस ने उसकी कार और मोबाइल फोन बरामद किया है जबकि व्यापारी के भाई की तलाश जारी है। मिली जानकारी के अनुसार रायबरेली जिले के टेंट व्यवसायी संतोष जायसवाल के भाई सुनील जायसवाल बुधवार को लालगंज थाना कोतवाली इलाके के भटनी में टेंट बुकिंग के सिलसिले में आये थे जिसके बाद वह कार से संग्रामगढ़ की ओर निकले। और उसके बाद से ही गायब हैं। बताया जा रहा है कि सुनील ने अपने भाई सन्तोष को फोन पर बताया था कि कुछ संदिग्ध लोग उसका पीछा कर रहे हैं। जिसके कुछ देर बाद ही उसका मोबाइल ऑफ हो गया। घबराए संतोष ने तुरंत लालगंज और संग्रामगढ़ पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल सक्रिय हुई।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम को लेकर सीडीओ ने की बैठक

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले में गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी डा. दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत 30 नवम्बर एवं 04 दिसम्बर को राजकीय इण्टर कालेज ग्राउण्ड प्रतापगढ़ में आयोजित कार्यक्रम को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढंग से कराये जाने हेतु बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में बताया गया कि विवाह कार्यक्रम में 362 जोड़ो का विवाह होना प्रस्तावित है। सीडीओ ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु नामित नोडल अधिकारियों को अलग-अलग दिये गये दायित्वों यथा-साफ-सफाई, मोबाइल शौचालय, पानी, यातायात, सुरक्षा आदि की व्यवस्था के सम्बन्ध में सौंपे कार्यो एवं दायित्वों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया, जिससे निर्धारित तिथि को जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का सफलतापूर्वक कार्यक्रम सम्पन्न हो सके। सीडीओ ने निर्देशित किया कि जिन अधिकारियों को जो भी दायित्व सौपे गये है उसका शत् प्रतिशत निर्वहन करें, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरते। बैठक में जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, डीआरडीए, प्रतिनिधि एएसपी (यातायात निरीक्षक), सीएमओ, उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र, उपायुक्त मनरेगा, जिला पूर्ति अधिकारी, सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत व नगर पालिका एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी उपस्थित रहे।

# कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा की जाएगी: अजीत प्रजापति

- पार्टी ने नेता नहीं बल्कि एक कार्यकर्ता को आपके बीच में जिलाध्यक्ष घोषित कर भेजा है: सुशील उपाध्याय

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जौनपुर भारतीय जनता पार्टी ने जौनपुर जनपद में संगठनात्मक बदलाव करते हुए पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवं माटी कला बोर्ड के सदस्य श्री अजीत प्रजापति जी को नया जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति बिजेथुआ धाम का दर्शन करने के बाद वह शाहगंज पहुंचे जहां पर उनका भव्य स्वागत किया गया उसके उपरान्त वह बदलापुर पहुंचे जहां उनका भव्य स्वागत किया गया फिर नौपेड़वा में स्वागत किया गया इसके बाद वह सीधे सिहीपुर स्थित कार्यालय पर पहुंचे जहा उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया गया उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन्हें यह जिम्मेदारी संगठन में उनकी सक्रियता और जमीनी पकड़ को देखते हुए सौंपी है नियुक्ति के बाद जिले में कार्यकर्ताओं के बीच उत्साह का माहौल है। जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति ने राजनीति की शुरुआत पहले वो राष्ट्रीय सेवक संघ के स्वंसेवक के रूप में की उसके उपरान्त वह संघ के खंड कार्यवाह के रूप में कार्य किए उनकी संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए पार्टी ने पिछड़ा प्रकोष्ठ में जिला संयोजक बनाए गए उसके उपरान्त 2013 में पूर्व जिलाध्यक्ष हरिश्चन्द्र सिंह के टीम में जिला मंत्री बनाया गए यही से उनकी भाजपा में सक्रिय राजनीति की शुरुआत हुई 2015 में पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील उपाध्याय के टीम में जिला उपाध्यक्ष बनाए गए इस समय वर्तमान में सुल्तान पुर में जिला प्रवासी बनाए गए है. कार्य कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी और मिठाई वितरण के साथ नए जिलाध्यक्ष का स्वागत किया उन्हें शॉल और फूल माला से सम्मानित भी किया गया। स्वागत करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील उपाध्याय ने कहा कि ने कहा कि संगठन ने एक कर्मठ और जुझारू कार्यकर्ता को जिम्मेदारी सौंपी है वे पूरी निष्ठा से अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता की बात सुनी जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि पार्टी ने नेता नहीं बल्कि एक कार्यकर्ता को आपके बीच में जिलाध्यक्ष घोषित कर भेजा है उन्होंने आगे कहा कि हमको ये कहते हुए गर्व करते हुए कहा कि मैं ऐसी टीम घोषित किया था जो जौनपुर और मछली शहर के निवर्तमान और वर्तमान जिलाध्यक्ष हुए। निवर्तमान जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है उसका कार्यकर्ता प्रत्येक चुनाव में पूरी कर्मठ और ईमानदारी के साथ पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा लगाता है केवल संगठन के प्रति निष्ठा रखने वाले व्यक्ति को ही मौका मिले तब ही जिले का संगठन मजबूत होगा। जिला अध्यक्ष अजीत प्रजापति ने ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि उनके मान-सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा की जाएगी उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया संगठन को मजबूत करने और अंत्योदय के सपने को साकार करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता ने किया स्वागत करने वालो में सुशील मिश्र सुनील तिवारी संदीप तिवारी पंकज मिश्र कृष्ण कुमार जायसवाल मनोरमा मौर्य रामसूरत मौर्य संतोष सिंह सुधाकर उपाध्याय राजू दादा नरेंद्र उपाध्याय अनिल गुप्ता सुरेश धुरिया आमोद सिंह रोहन सिंह भूपेंद्र सिंह सुधांशु सिंह परविंदर चौहान इंद्रसेन सिंह घनश्याम यादव लवकुश सिंह सिद्धार्थ सिंह शनि शुक्ला अवनीश यादव जितेंद्र मिश्र आदि उपस्थित रहे।

### संगठन की मजबूती ही प्राथमिक लक्ष्य

नई जिम्मेदारी मिलने के बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में पार्टी नेतृत्व का आभार जताया कहा कि वे पार्टी की नीतियों और संगठन की मजबूती को प्राथमिकता देते हुए जनपद को संगठनात्मक रूप से शीर्ष पर ले जाने का प्रयास करुगा उन्होंने यह भी कहा कि संगठन की ओर से जिले के विकास को नई दिशा देना उनका मुख्य लक्ष्य रहेगा।

# विधायक ने शाहगंज महोत्सव स्थल की तैयारियों का किया निरीक्षण

- अधिकारियों सहित आयोजन टीम को दिया आवश्यक दिशा निर्देश

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



**शाहगंज।** विधायक शाहगंज रमेश सिंह ने गुरुवार को शाहगंज महोत्सव के आयोजन स्थल की तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आयोजन टीम सहित अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया। आने वाले चार व पांच दिसंबर को दो दिवसीय शाहगंज महोत्सव का आयोजन सुनिश्चित हुआ है। जिसमें लगभग आठ सौ कन्याओं के विवाह के साथ ही लोक संस्कृति, शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के अलावा सांस्कृतिक आयोजन होने हैं। विधायक श्री सिंह ने कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित उपजिलाधिकारी कुणाल गौरव, तहसीलदार आशीष सिंह से विचार विमर्श किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के बारे में कोतवाल से भी जानकारी ली। मौके पर उपस्थित एसडीएम कुणाल गौरव ने बताया कि सभी तैयारियों को समय के पहले ही पूरा करते है प्रशासन लगा हुआ है। सफाई आदि की व्यवस्था कर ली गई है। मैदान के समतलीकरण करने के साथ ही रोलर से मिट्टी दबाई जा रही है।

> शाहगंज महोत्सव जनपद का सबसे बड़ा आयोजन होने जा रहा है। इसे सफलता पूर्वक संपन्न करने के लिए जी-जान से हमारे सहयोगी लगे हुए हैं। महोत्सव हमारे शाहगंज की विरासत व विकास को दूर-दूर तक पहुंचाने का माध्यम है।
> - रमेश सिंह, विधायक शाहगंज।

# राष्ट्रीय बजरंग दल जिला संयोजक बने प्रभु दयाल वर्मा



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

गुरुवार को अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद जिलाध्यक्ष स्नेह पाण्डेय और राष्ट्रीय बजरंग दल जिलाध्यक्ष मनमोहन त्रिपाठी के नेतृत्व में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं की बैठक अमहट स्थित सिद्धेश्वर मंदिर के परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्व सम्मति से प्रभु दयाल वर्मा को अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल का जिला संयोजक मनोनीत किया गया। बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुये डा. संजय द्विवेदी ने कहा कि हिन्दुत्व की रक्षा के लिये पूरे समर्पण स आगे बढने की जरूरत है। कहा कि बहराइच जनपद का नाम बदलकर राजा सुहेलदेव नगर करने और मकसूद गाजी सालार का मजार 6 दिसम्बर से पूर्व हटाया जाय वरनाा हिन्दू संगठन बस्ती से बहराइच कूंच करेंगे। जिला संयोजक प्रभु दयाल वर्मा ने कहा कि उन्हे जो दायित्व सौंपा गया है पूरी निष्ठा से वे इसका पालन करेंगे।

स्नेह पाण्डेय और मनमोहन त्रिपाठी ने कहा कि हिन्दू आस्था के खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। कहा कि राजा सुहेलदेव को लुटेरा बताने वाले एएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली पर मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया जाय। बैठक में मुख्य रूप से वशिष्ठ मुनि दूबे, अनिल प्रजापति, रमेश कन्नौजिया, कृष्ण औतार चौधरी, विनोद निषाद, रमेश कुमार, राजकुमार शास्त्री, अंशुमान, हरेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र चौहान के साथ ही अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल के अनेक पदाधिकारी शामिल रहे।

# डीएनए फिंगरप्रिंट के जनक डॉ. लालजी सिंह की स्मृति में प्रणवम् स्कूल में किया गया विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर सुजानगंज में प्रसिद्ध वैज्ञानिक एवं डीएनए फिंगरप्रिंटिंग के जनक डॉ.लालजी सिंह की स्मृति में भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश मिश्र व विशिष्ट अतिथि राजीव सिंह,देवेश उपाध्याय, अरुणशुक्ला,सुशील मिश्रा व श्याम शंकर उपाध्याय ने प्रदर्शनी का शुभारंभ फीता काटकर किया।प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विविध वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुत किए। विशेष आकर्षण डीएनए फिंगरप्रिंटिंग,मानव जीन संरचना,पर्यावरण संरक्षण, नवीन ऊर्जा स्रोत,जल संरक्षण तथा रोबोटिक्स पर आधारित प्रोजेक्ट रहे। विद्यार्थियों ने विषय वस्तु को सरल और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर अपनी वैज्ञानिक समझ का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि राकेश मिश्र ने कहा कि डॉ लालजी सिंह का वैज्ञानिक योगदान भारत के लिए गौरव है। ऐसे कार्यक्रम बच्चों में शोध की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्रबंधक व जिला कॉंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ.प्रमोद कुमार सिंह ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी बच्चों की प्रतिभा को निखारने का उत्तम माध्यम है। विशिष्ट अतिथि राजीव सिंह ने कहा विद्यार्थियों ने डॉ.लालजी सिंह की प्रेरणादायी वैज्ञानिक यात्राओं से सीख लेकर अद्भुत मॉडल तैयार किए हैं। विज्ञान केवल पुस्तकों का विषय नहीं, बल्कि सीखने-समझने और समाज के लिए उपयोगी समाधान खोजने की प्रक्रिया है।बच्चों की रचनात्मकता और शिक्षकों का मार्गदर्शन सराहनीय है।विद्यालय आगे भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टि विकसित करता रहेगा। यह प्रदर्शनी विज्ञान विषय के अध्यापक पंकजमणि तिवारी,प्रतिभा यादव व शीतल मिश्रा की देखरेख में संपन्न हुआ, इस अवसर पर विजय शंकर दूबे,पंकज सिंह,दिव्या तिवारी,प्रियंका सिंह, अर्चना सिंह,आकांक्षा मिश्रा,साक्षी तिवारी,रेनू तिवारी,निशाबानो,किरन दूबे, निशा मौर्या,राहुल आजाद, पवनेश प्रजापति,सचीन्द्र गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे व आए हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रकट विद्यालय प्रधानाचार्य सिल्जा प्रमोद ने किया।

# मनाया गया राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**



**जैदपुर।** विकास खंड हरख स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र सतरिख में किया गया। मुख्य अतिथि अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रथम मधुमिता सिंह एवम विशिष्ट अतिथि डायट प्रवक्ता राहुल सिंह सूर्यवंशी द्वारा मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण एवम दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम में प्रत्येक उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालय के कक्षा 6 व 7 के साथ 8 से चयनित 3 उत्कृष्ठ बच्चों ने क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। जिसमें प्रारंभिक चरण से चयनित 25 बच्चों को टीमवार विभाजित करते हुए अंतिम चरण में कंपोजिट विद्यालय उद्यवापुर के छात्र कृष्णा कनौजिया, उच्च प्राथमिक विद्यालय करौंदी के छात्र सक्षम , उच्च प्राथमिक विद्यालय नींदनपुर के छात्र सत्येंद्र, कंपोजिट विद्यालय मौथरी के छात्र सूर्या,उच्च प्राथमिक विद्यालय पंडरा के छात्र अरुण सहित 5 बच्चों की टीम का चयन जनपदस्तरीय क्विज प्रतियोगिता, विज्ञान प्रदर्शनी के लिए किया गया। क्विज प्रतियोगिता में शीर्ष दस स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र,विजेता शील्ड,डिसेक्शन बॉक्स, ज्योमेट्री बॉक्स, स्टेशनरी, ज्ञानवर्धक पुस्तक एवम अन्य प्रतिभागी बच्चों को प्रमाणपत्र एवं सांत्वना पुरस्कार देकर मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी अश्विनी प्रताप सिंह दिया गया। डायट मेंटर,एआरपी एवं शिक्षकों द्वारा सम्मानित किया गया। डायट मेंटर राहुल सिंह सूर्यवंशी ने अपने उद्बोधन द्वारा बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण कैसे विकसित करे विषय पर विस्तार से चर्चा की। खंड शिक्षा अधिकारी अश्वनी प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। विकास खंड में कार्यरत समस्त एआरपी द्वारा स्कोरर एवं व्यवस्थापक के दायित्वों का निर्वाहन किया गया। क्विज प्रतियोगिता के सफल संचालन में विकास खंड हरख में कार्यरत शिक्षकों ने आवश्यक सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में शिक्षक,अभिभावक एवम सैकड़ों छात्र, छात्रा उपस्थित रहे।

# जान लेवा हमला मामले में डीआईजी से लगाया न्याय की गुहार

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**




सोनहा थाना क्षेत्र के गंधरिया नानकार निवासी बरकतुल्लाह चौधरी पुत्र कोदई हसन उर्फ बाकर हुसैन ने जान से मारने की नीयत से तलवार से किये गये हमला मामले में डीआईजी को पत्र देकर दोषियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराकर कार्रवाई और जान माल के रक्षा की गुहार लगाया है।

डीआईजी को दिये पत्र में बरकतुल्लाह ने गत 26 अक्टूबर 2025 ई0 को दिन के लगभग 3 बजे उसकी हत्या और जमीन जायदाद हड़पने की नीयत से इनामुल्ला उर्फ चिनकान पुत्र विनायत चौधरी, याकूब, युनुस पुत्रगण इनामुल्ला जन्नत पुत्री इनामुल्ला ने तलवार से हमला कर दिया।उसके गले पर इनामुल्ला ने हमला किया उसने हाथ से तलवार रोकने का प्रयास किया जिससे उसका दाहिना कट गया और लहुलूहान हो गया। उक्त लोग घर में घुस गये और वह जान बचाकर चिल्लाते हुए जान बचाने के लिए भागा तो गांव के पड़ोस के अतहर अली पुत्र अकबर अली ग्राम बरडिहा थाना सोनहा, कमरून्निशा पत्नी स्व0 रहमतुल्ला तथा गांव के कई लोग इकट्ठा हो गये, उसके चाचा लियाकतहसन भी मौके पर आ गये तथा बीच बचाव किया तब जाकर उसकी जान बची। घटना की सूचना असनहरा पुलिस चौकी पर दिया किन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई। सोनहा थाने पर तहरीर लिखवाकर दिया तब जाकर असनहरा चौकी के सिपाही उसके गाँव गंधरिया नानकार गये और इनामुल्ला उर्फ चिनकान के घर से घटना में प्रयुक्त तलवार को बरामद किया किन्तु मुकदमा दर्ज नहीं किया उल्टे उसके विरूद्ध 258/25 धारा-115(2), 351(3), 352 बी0एन0एस0 का मुकदमा दर्ज कर लिया । बरकतुल्लाह ने डीआईजी को पत्र देकर दोषियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराकर न्याय की गुहार लगाया है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### 55 प्रतिशत एसआईआर का कार्य पूरा: सुनील शुक्ला

**जन एक्सप्रेस। जैदपुर। बाराबंकी।** हर तरफ एसआईआर फार्म को भर कर जमा करने की चर्चा इस समय है। उसी कड़ी में जैदपुर नगर पंचायत कार्यालय में एसआईआर फार्म की ऑनलाइन फीडिंग के लिए राजस्व टीम के साथ नगर पंचायत के कर्मचारियों की टीम लगी हुई है। राजस्व निरीक्षक सुनील कुमार शुक्ला के अनुसार बृहस्पतिवार की शाम तक नगर पंचायत में 55 प्रतिशत से अधिक एसआईआर फार्म की फीडिंग हो गई है। ईओ रामजनक तिवारी ने बताया कि नगर पंचायत कार्यालय के 30 कर्मचारी घर घर जाकर एसआईआर के फार्म जमा कर रहे हैं। जिससे सभी लोगों के फार्म जमा हो जाए। ब्रहस्पतिवार को नगर पंचायत कार्यालय में राजस्व निरीक्षक सुनील कुमार शुक्ला,लेखपाल पंकज कुमार मिश्रा,लेखपाल फजल अंसारी,विपुल मिश्रा,लिपिक प्रदीप कुमार वर्मा,दिनेश कुमार आदि ऑनलाइन फीडिंग के लिए जमा फार्म की जांच पड़ताल कर रहे थे।

### डीएम और एसपी ने कारागार का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** गुरुवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा संयुक्त रुप से पुलिस बल के साथ जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बैरकों, मेस, जेल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे, वीडियो कान्फ्रेंसिंग रूम आदि की सघन चेकिंग की गई। तदोपरांत कैदियों की समस्याओं सुविधाओं के सम्बन्ध में सम्बन्धित से जानकारी ली गई तथा साफ-सफाई आदि के सम्बन्ध में कारागार कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये तथा बन्दियों से मिलने वाले व्यक्तियों के सम्बन्ध में जानकारी की गई।

### क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभागी बच्चों को मिले प्रशस्ति पत्र

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता दयानन्द महाविद्यालय शेरपुर में खण्ड शिक्षा अधिकारी जैनेंद्र कुमार के संयोजन में आयोजित की गई। जिसमें विकास खण्ड के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत क्लास 6,7,8 के कुल 120 छात्र छात्राओं ने लिखित परीक्षा में प्रतिभाग किया ।जिसमें अधिकतम अंक पाने वाले वरिष्ठता क्रम में 30 छात्रों का चयन किया गया। परीक्षा में चयनित प्रतिभागियों को समूह में बांटकर दो चक्रों में नामित एआरपी क्रमशः आशीष शुक्ल, उमेश कुमार वर्मा द्वारा मौखिक प्रशनावली की परीक्षाली गई। जिसमें लिखित एवं मौखिक परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले क्लास 6 के छात्र जिसमें यूपीएस न्योला करसंडा की दीपाली प्रथम,यूपीएस मसौली की निशा द्वितीय व यूपीएस मुबारकपुर की छात्र लाजो तृतीय स्थान पर रही। क्लास 7 के छात्र यूपीएस हाजीहार की रिया देवी प्रथम, पीएमश्री करपिया के अंकित द्वितीय रहे। क्लास 8 के छात्र यूपीएस चंदनपुर के करन प्रथम, यूपीएस भयारा की मोहनी द्वितीय व यूपीएस न्योला करसंडा की शालिनी ने तृतीय स्थान हासिल किया।

### पुल के ऊपर से रेलवे ट्रैक पर गिरा ट्रक, टला बड़ा हादसा

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** रामनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत फतेहपुर मार्ग स्थित बुढ़वल जंक्शन रेलवे क्रॉसिंग पुल पर बुधवार रात करीब सवा नौ बजे एक बहुत ही बड़ा हादसा होते होते टल गया। फतेहपुर मार्ग की तरफ से प्लाई लदा आ रहा अनियंत्रित 18 चक्का ट्रक ट्रेलर पुल से लगभग 25 फीट नीचे रेलवे ट्रैक पर गिर गया। गनीमत यह रही कि ट्रक सीधा जाकर रेलवे ट्रैक पर गिरा और बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रक चालक पंकज कुमार पुत्र रामसेवक (38) निवासी मनिहारी थाना कर्नलगंज जिला गोंडा उसी के अंदर लगभग 2 घंटे फंसा रहा। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची रामनगर व रेलवे पुलिस ने घंटों कड़ी मशक्कत के बाद उस ट्रक ड्राइवर को बाहर निकाला।

# विधि विधान से सम्पन्न हुआ महायज्ञ



**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

**सिधौली।** भण्डिया गांव में आयोजित पंचदिवसीय श्री हनुमंत महायज्ञ एवं श्री रामकथा समारोह विधि-विधानपूर्वक संपन्न हुआ। यज्ञाचार्य रामनारायण अवस्थी के निर्देशन में 20 नवंबर को मंगल कलश शोभायात्रा से शुरू हुए इस धार्मिक अनुष्ठान में प्रतिदिन रुद्राभिषेक, हवन व वेदी पूजन संपन्न हुए। कथाव्यास प्रभात त्रिपाठी की सुग्रहणीय कथा वाणी ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। पूर्णाहुति पश्चात आयोजित विशाल भंडारे में क्षेत्रभर से आए हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति व ग्रामवासियों के सहयोग से कार्यक्रम अत्यंत भव्य, सफल और आस्थापूर्ण रूप से सम्पन्न हुआ।

### शिव विवाह का प्रसंग सुनते ही महादेव के जयकारों से गूंजा पूरा पण्डाल

कमलापुर। शंकर-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया। इसे सुनकर पूरा पंडाल बम-बम के जयकारों से गूंजने लगा। कथा व्यास घनश्याम शुक्ल ने बताया कि आत्मा का परमात्मा से मिलन ही शिव में लीन हो जाना है। उन्होंने कहा कि भगवान शंकर वैराग्य के देवता माने गए हैं। इसके बाद भी शिव ने विवाह कर गृहस्थ आश्रम में रहकर वैराग्य धर्म का अनुसरण करने का तरीका दिया। कथा व्यास ने कहा कि शिव परिवार में भगवान का वाहन नंदी, मां पार्वती का शेर, गणेश भगवान का मूसक और कार्तिकेय का वाहन मोर है। इसी लिए शिव पुराण विपरीत विचारधारा के बीच सामंजस्य रखना सिखाता है ।उन्होंने भगवान के विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि मैंना देवी व हिमालय राज की पुत्री के रूप में मां पार्वती ने जन्म लेकर भगवान शिव की घोर तपस्या की। उसी दौरान ताड़कासुर के आतंक को खत्म करने के लिए शिव का तंद्रा भंग हुई। इसके बाद शिव का विवाह हुआ। शिव महापुराण में सावन के तीसरे सोमवार को एक विशेष घटना का वर्णन है। इसी दिन मां पार्वती ने शिवजी को पति के रूप में पाने के लिए विशेष पूजा की थी ।प्रवाचक ने कहा कि इसलिए जो लोग वैवाहिक जीवन को बेहतर बनाना चाहते हैं या एक अच्छा वर पाना चाहते हैं, वह इस दिन व्रत करते हैं। उन्होंने कहा कि शिव पुराण का पाठ या श्रवण करने से जीवन में शांति, संतुलन और संयम आता है।

# बीईओ से स्पष्टीकरण तथा प्रधानाध्यापिका व सहायक अध्यापक को प्रतिकूल प्रविष्ट

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**



विकास खण्ड के कम्पोजिट विद्यालय हीरपुर एवं आंगनबाड़ी केन्द्र हीरपुर का आकस्मिक में उपस्थिति पंजिका, निपुण तालिका रजिस्टर, यूनिट तालिका रजिस्टर, पी0टी0एम0 रजिस्टर, बच्चों की उपस्थिति पंजिका आदि की गहनतापूर्वक समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर की स्वच्छता व्यवस्था, शैक्षणिक कार्यों की गुणवत्ता, मिड-डे-मील, छात्रों एवं अध्यापकों की उपस्थिति आदि को भी देखा और निर्देश दिये कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य सुनिश्चित किया जाये। निर्धारित रोस्टर के अनुसार मानकों के अनुरूप मिड-डे-मील बच्चों को उपलब्ध कराया जाये। पेरेन्टस टीचर मीटिंग का व्यापक स्तर पर आयोजन कराया जाये। कक्षा कक्ष में जाकर छात्रों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। जिलाधिकारी ने छात्रों को प्रेरित किया कि पूर्ण मनोयोग से पढ़ाई करें। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी छात्र प्रतिदिन निर्धारित यूनीफार्म में समय से विद्यालय में उपस्थित हों। उन्होंने कहा कि आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। साथ ही शैक्षणिक कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने खण्ड शिक्षा अधिकारी पुष्पराज सिंह के कार्यों में लापरवाही पाये जाने पर स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये। साथ ही प्रधानाध्यापिका प्रा0वि0 अख्तर जहां एवं सहायक अध्यापक आदित्य मिश्र को कार्यों में लापरवाही पाये जाने पर प्रतिकूल प्रविष्टि दिये जाने के निर्देश भी दिये।आंगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने साफ-सफाई व्यवस्था बच्चों की उपस्थिति आदि को देखा तथा आंगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से रोचक ढंग से बच्चों को सिखाये जाने पर जोर दिया।

### हादसे में तीन लोग घायल

**सिधौली-सीतापुर।** कोतवाली क्षेत्र में बीती रात विभिन्न सड़क हादसों में तीन लोग घायल हो गए। अकबरपुर उनाई, थाना अटरिया निवासी रजनीश (35) मोटरसाइकिल फिसलने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद केजीएमयू लखनऊ रेफर किया गया। वहीं खैराबाद थाना क्षेत्र के सरांय इसुफ निवासी मिथिलेश कुमार (30) पुत्र आनंद और जितेंद्र पुत्र स्व. अनिल सिंहपुर मोड़ के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने से घायल हुए। प्राथमिक उपचार के बाद मिथिलेश को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## मछलीशहर पुलिस ने फायरिंग कांड का किया खुलासा, 3 वांछित आरोपी गिरफ्तार, देशी रिवाल्वर बरामद

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**


जौनपुर मछलीशहर थाना क्षेत्र में जान से मारने की नियत से चलायी गयी गोलीकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक मछलीशहर की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले में नामजद वांछित तीनों अभियुक्तों को कोठारी मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में राजा पासी उर्फ रोहित, निवासी सिकरारा शिवा, निवासी नदियांव, मड़ियाहूं रोहित कुमार, निवासी नदियांव, मड़ियाहूं शामिल हैं छापेमारी के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस टीम ने 32 बोर का देशी रिवाल्वर, एक खोखा कारतूस और तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। सभी को नियमानुसार गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक रणजीत सिंह कुशवाहा, उपनिरीक्षक ओमप्रकाश यादव, कॉन्स्टेबल अंकित दुबे, अमरजीत यादव तथा महिला आरक्षी खुशबू सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में राहत, आगे भी अभियान जारी।

# जिले में पिछले काफी समय से सक्रिय है डीजल, पेट्रोल चुनाने वाला गैंग

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

जिले में पिछले काफी समय से डिजल और पेट्रोल चुनाने वाला गिरोह सक्रिय है। खड़े दौपहिया और चैपहिया वाहनों की टंकी की पाइप लाइन खोलकर डिजल और पेट्रोल चुरा लिया करता था। शुरूआती दौर में लोगो ने इसकी शिकयत पुलिस से की तो पुलिस ने हल्के से लिया लेकिन जब गैंग सक्रिय हो गया और हाइवे पर लोड बड़े वाहनो से ईधन चोरी होने लगा तब पुलिस सक्रिय हुआ और विगत दिवस हाईवे किनारे खड़े वाहनों से डीजल चोरी करने वाले गैंग का स्वाट टीम व कमलापुर पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। इस गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम ने हापुड़ निवासी अनवर, शराफत, जाहिर, मेरठ निवासी मुकर्रम और तसलीम को कमलापुर के कोठी ढाबा के पास से गिरफ्तार किया है। वहीं, गाजियाबाद निवासी इरफान को कुर्सिनपुरवा तिराहे के पास से पकड़ा गया है। शहर स्थित प्रेमनगर के वर्तमान निवासी व महोली के जलालपुर के मूल निवासी अरविंद को उसके गांव से गिरफ्तार किया गया है। एएसपी उत्तरी आलोक सिंह ने बताया कि आरोपी डीजल चोरी के बाद महोली जाते थे। वहां अरविंद की दुकान में ड्रमों में चोरी का डीजल भर दिया जाता था। इसके बाद आरोपी डीजल को स्थानीय स्तर पर बेच देते थे। आरोपियों के पास से छह ड्रम में 12 सौ लीटर डीजल, तीन तमंचे कारतूस, डीजल चोरी करने के उपकरण व दो नंबर प्लेट बरामद हुई हैं। यही नंबर प्लेट डीसीएम में लगाकर डीजल चोरी की जाती थी। एसपी ने खुलासा करते हुए एसओजी प्रभारी सत्येंद्र विक्रम सिंह व कमलापुर थानाध्यक्ष इतुल चैधरी की टीम को 25 हजार रुपये का ईनाम देने की घोषणा की है। जियो पेट्रोल पंप पर घटना के बाद सक्रिय हुई एसओजी कमलापुर के मानपारा स्थित जियो पेट्रोल पंप पर 23 नवंबर को आरोपियों ने एक ट्रक से दो सौ लीटर डीजल चोरी किया था। आरोपियों ने इसमें एक डीसीएम का प्रयोग किया था। डीजल चोरी की इस घटना को कुछ लोगों ने देख लिया था। इसके बाद पेट्रोल पंप पर मौजूद लोगों व एक अन्य ट्रक के चालक व खलासी ने आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया था। इस दौरान आरोपियों ने उन पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। सभी भागने में सफल हुए थे। इसके बाद एसपी के निर्देश पर एसओजी को स्थानीय पुलिस के साथ आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए लगाया गया। सर्विलांस से आरोपियों को पकड़ा गया। हापुड़ में आरोपियों ने मॉडिफाइड कराई थी डीसीएम पुलिस सूत्रों के अनुसार पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने हापुड़ में डीसीएम को चोरी के लिए विशेष तौर पर तैयार कराया था।

# कील-मुंहासों से हैं परेशान, आजमाएं आयुर्वेदिक उपचार






कील-मुंहासे प्रत्येक किशोर या किशोरी को अनिवार्य रूप से होते ही हैं, ऐसा नहीं है। जिनको होते हैं, वे मानसिक रूप से दुःखी-पीड़ित होते हैं और समझ नहीं पाते कि ये कील-मुंहासे क्यों निकल रहे हैं और इनको कैसे ठीक किया जा सकता है।

कील-मुंहासों को आयुर्वेदिक भाषा में 'युवान-पीड़िका' और ऐलोपैथिक भाषा में 'एक्ने' और 'पिम्पल' कहते हैं। किशोर अवस्था की समाप्ति और युवावस्था के प्रारम्भ में चेहरे पर फुंसी के रूप में मुंहासे निकलते हैं और ये पीड़ा पहुंचाते हैं, इसलिए इन्हें 'युवान पीड़िका' कहा गया। शरीर में किसी भी कारण अतिरिक्त रूप से बढ़ी हुई उष्णता मुंहासे पैदा करने में कारण मानी जाती है, इसलिए मुंहासे होने की सम्भावना उनको ज्यादा होती है, जिनके शरीर की तासीर (प्रकृति) गर्म हो। ऐसे बच्चे अगर आहार-विहार भी उष्णता बढ़ाने वाला करते हैं तो उनके शरीर में उष्णता बढ़ती है और कील-मुंहासे निकलने लगते हैं।

कील-मुंहासों के निकलने का समय 13-14 वर्ष की आयु से लेकर 20-22 वर्ष की आयु के मध्य का होता है। इस आयु में उष्णता बढ़ाने वाला आहार-विहार नहीं करना चाहिए। ऐलोपैथिक चिकित्सा विज्ञान के अनुसार मुंहासों का कारण होता है वसा ग्रन्थियों (सिबेसियस ग्लैंड्स) से निकलने वाले स्राव का रुक जाना। यह स्राव त्वचा को स्निग्ध रखने के लिए रोम छिद्रों से निकलता रहता है। यदि यह रुक जाए तो फुंसी के रूप में त्वचा के नीचे इकट्ठा हो जाता है और कठोर हो जाने पर मुंहासा बन जाता है। इसे 'एक्ने वल्गेरिस' कहते हैं। इसमें पस पड़ जाए तो इसे कील यानी पिम्पल कहते हैं। पस निकल जाने पर ही यह ठीक होते हैं। साधारण स्थिति में ये निकलते और ठीक होते रहते हैं पर असाधारण और गम्भीर स्थिति में बहुत दिनों तक बने रहते हैं। चेहरे की त्वचा को कुरूप कर देते हैं। शरीर में एण्ड्रोजन नामक पुरुष हार्मोन की मात्रा सामान्य से ज्यादा हो जाने का भी सम्बन्ध इस व्याधि से होता है। आनुवंशिक प्रभाव भी इसमें कारण होता है।

**कारण :** तेज मसालेदार, तले हुए, उष्ण प्रकृति वाले पदार्थों का अधिक सेवन करने, रात को देर तक जागने, सुबह देर तक सोए रहने, देर से शौच व स्नान करने, शाम को शौच न जाने, निरंतर कब्ज बनी रहने, कामुक विचार करने, ईर्षा व क्रोध करने, स्वभाव में गर्मी व चिड़चिड़ापन रखने आदि कारणों से शरीर में ऊष्णता बढ़ती है और तैलीय वसा के स्राव में रुकावट पैदा होती है, जिससे कील-मुंहासे निकलने लगते हैं।

**सावधानी :** हलका, सुपाच्य और सादा आहार पथ्य है, अधिक शाक-सब्जी का सेवन करना, अधिक पानी पीना, शीतल व तरावट वाले पदार्थों का सेवन करना पथ्य है। तेज मिर्च-मसालेदार, तले हुए, मांसाहारी पदार्थों तथा मादक द्रव्यों का सेवन करना अपथ्य है।



आयुर्वेदिक उपचार

* गाय के ताजे दूध में एक चम्मच चिरौंजी पीसकर इसका लेप चेहरे पर लगाकर मसलें। सूख जाने पर पानी से धो डालें।

* सोहागा 3 ग्राम, चमेली का शुद्ध तेल 1 चम्मच। दोनों को मिलाकर रात को सोते समय चेहरे पर लगाकर मसलें। सुबह बेसन को पानी से गीला कर गाढ़ा-गाढ़ा चेहरे पर लगाकर मसलें और पानी से चेहरा धो डालें।

मसूर की दाल 2 चम्मच लेकर बारीक पीस लें। इसमें थोड़ा सा दूध और घी मिलाकर फेंट लें और पतला-पतला लेप बना लें। इस लेप को मुंहासों पर लगाएं।

* शुद्ध टंकण और शक्ति पिष्टी 10-10 ग्राम मिलाकर एक शीशी में भर लें। थोड़ा सा यह पावडर और शहद अच्छी तरह मिलाकर कील-मुंहासों पर लगाएं।

लोध्र, वचा और धनिया, तीनों 50-50 ग्राम खूब बारीक पीसकर शीशी में भर लें। एक चम्मच चूर्ण थोड़े से दूध में मिलाकर लेप बना लें और कील-मुंहासों पर लगाएं। आधा घण्टे बाद पानी से धो डालें।

* सफेद सरसों, लोध्र, वचा और सेन्धा नमक 25-25 ग्राम बारीक चूर्ण करके मिला लें और शीशी में भर लें। एक चम्मच चूर्ण पानी में मिलाकर लेप बना लें और कील-मुंहासों पर लगाएं। कूठ, प्रियंगु फूल, मजीठ, मसूर, वट वृक्ष की कोंपलें (नरम छोटी पत्तियां), लोध्र, लाल चन्दन, सब 10-10 ग्राम बारीक चूर्ण करके मिला लें। एक चम्मच चूर्ण पानी के साथ पीसकर लेप बना लें। इसे कील-मुंहासों पर लगाएं।

* साफ पत्थर पर पानी डालकर जायफल घिसकर लेप को कील-मुंहासों पर लगाएं। * वरुण (वरना) की छाल 25 ग्राम लेकर एक गिलास पानी में इतनी देर तक उबालें कि पानी आधा गिलास बचे। लाल चन्दन, काली मिर्च और जायफल, तीनों का पिसा हुआ बारीक चूर्ण 10-10 ग्राम लेकर मिला लें और शीशी में भर लें। कुनकुने गर्म पानी से कील-मुंहासों को धोकर, इस चूर्ण को पानी के साथ मिलाकर गाढ़ा लेप बना लें और कील-मुंहासों पर लगाएं। लेप सूख जाए तब कुनकुने गर्म पानी से धो डालें।



# दुल्हन ऐसे करें गहनों का चयन

शादी का मौसम और तैयारियां जोरों पर है। शादी की तैयारी और खरीदारी उतनी आसान भी नहीं होती। कई तरह के सवाल होते हैं, कि क्या जंचेगा क्या नहीं। यह लेना चाहिए या वह। कद-काठी और रंग के अनुसार खरीदारी हो, तो यह सबसे बेहतर होता है। फिलहाल जानिए दुल्हनों के लिए गहनों का चयन करने के लिए कुछ आसान टिप्स -

1 गहने खरीदने का पहला सरल तरीका यह है, कि आप जो पहनने वाली हैं, उसके अनुसार गहनों का चयन कीजिए और कुछ हल्के-फुल्के गहने अतिरिक्त लेकर रखें जो कई जगह आपके काम आ सकते हैं।

2 दूसरी बात, आपको कुंदन, मोती, स्टोन या मेटल जिस प्रकार के गहने पहनने में रुचि है, वह पहले ही तय कर लें और उसके अनुसार ही गहनों की खरीदारी करें। इससे आप भ्रमित नहीं होंगे और आखिरकार वही लेकर आएंगे जो आपने सोचा था।

3 अगर आपकी लंबाई कम है तो इस तरह के हार और कान के बालों का चयन करें जो लंबे हों। हार के मामले में या तो लंबाई अधि?क हो या फिर हार फिलकुल गले से सटा हुआ होना चाहिए। आजकल दोनों साथ में पहनने का भी फैशन है।

4 हार अगर लंबा ले रही हैं, तो लंबाई सीने से जरा नीचे ही रखें। इसके अलावा कोई व्ही शेप नेकलेस भी आपकी लंबाई को बढ़ाएगा।

5 अगर हाथ में ब्रेसलेट पहनने वाली हैं, तो ध्यान रखें कि आप पर पतले ब्रेसलेट ज्यादा अच्छे लगेंगे, बजाए चौड़ाई वाले ब्रेसलेट के। चूड़ि?यों के मामले में भी ऐसे ही चयन करें।

6 अगर आपकी लंबाई अधि?क है, तो आप किसी भी तरह के हार का चयन कर सकती हैं। कान के बाले भी आप पर दोनों तरह के जंचेंगे। इसके अलावा हाथों में चूड़ी या ब्रेसलेट, आप जो भी पहनें हाथ भरकर पहनें।

7 अगर आपकी लंबाई बहुत ज्यादा या बहुत कम नहीं है, तो आप सामान्य लंबाई वाले हैं। आप पर किसी भी आकार और लंबाई के गहने सूट करेंगे। आप बेफिक्र होकर अपनी पसंद के गहने पहन सकती हैं।



# त्वचा को बेदाग बनाएं, यह 10 उपाय

साफ-सुथरी, बेदाग और निखरी त्वचा ही असली खूबसूरती को बयां करती हैं। ऐसी खूबसूरती पाना कौन नहीं चाहता, लेकिन जब कई तरह के जतन करने के बाद त्वचा के दाग धब्बे नहीं जाते तब, सारी मेहनत पर पानी फिर जाता है। यदि आपके साथ भी यही समस्या है, तो अब फिक्र छोड़ दीजिए। क्योंकि हम बता रहे हैं त्वचा के दाग धब्बों से निजात पाने के 10 आसान उपाय - 1 उपचार से पहले एक बात हमेशा ध्यान रखें कि सावधानी और सुरक्षा रखकर आप दाग-धब्बों को उभरने से रोक सकते हैं। इसके लिए सनस्क्रीन का इस्तेमाल जरूर करें। इससे न केवल दाग-धब्बे कम तो होंगे ही, इने होने की संभावना भी कम हो जाएगी।



2 त्वचा की सफाई पर विशेष ध्यान दें। हल्की पाउडर में थोड़ा-सा कच्चा दूध मिलाकर लगाने से त्वचा के दाग धब्बे कम होते हैं। प्रतिदिन इसका इस्तेमाल करने से चेहरे पर चमक भी आती है।

3 त्वचा पर जहां भी दाग-धब्बे हों, वहां पर थोड़ा सा बेकिंग सोडा और शहद मिलाकर लगाएं। कुछ समय रखकर इसे ठंडे पानी से धो लें। इससे दाग धब्बे धीरे-धीरे कम होते जाएंगे।

4 जायफल, त्वचा के दाग धब्बे हटाने और रंग निखारने के लिए एक बेहतरीन उपाय है। इसे दूध में घिसकर त्वचा पर लगाने से दाग-धब्बे कम हो जाएंगे और त्वचा का रंग भी साफ होगा।

5 कोको बटर का उपयोग भी चेहरे को बेदाग करने के लिए किया जा सकता है। रोजाना कोको बटर से त्वचा की मसाज करने से दाग-धब्बे तो दूर होंगे ही, स्ट्रेच मार्क्स और अन्य समस्याएं भी ठीक हो जाएंगी।

6 त्वचा के लिए जैतून का तेल भी प्रभावी उपाय है। प्रतिदिन चेहरे पर जैतून के तेल से मसाज कर, 10 मिनट के बाद चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें। इससे आपकी त्वचा बेदाग तो होगी ही, साथ ही मुलायम और चमकदार भी हो जाएगी।

7 कच्चे दूध का प्रयोग भी आपके चेहरे को बेदाग करने में मदद करता है। प्रतिदिन चेहरे पर कच्चे दूध से मसाज करें या फिर बेसन में कच्चा दूध मिलाकर इस फेस पैक को चेहरे पर लगाएं और कुछ समय बाद गुनगुने पानी से धो लें।

8 अगर आपकी त्वचा रूखी न हो तो आप टमाटर और नींबू के रस का प्रयोग भी कर सकते हैं। आलू का रस भी चेहरे को बेदाग रखने का एक अच्छा उपाय है। इससे त्वचा के दाग धब्बे तो मिटते ही हैं, रंग भी साफ होता है।

9 दाग धब्बों को त्वचा पर ठहरने न देना भी इसका एक उपाय है। इसके लिए आपको नियमित तौर पर त्वचा की सफाई पर ध्यान देना होगा। साथ ही डेली स्क्रब का इस्तेमाल कर आप मृत त्वचा को भी त्वचा पर जमने से रोक सकते हैं।

10 नीम, पुदीना और तुलसी का रस लगाने से भी त्वचा बेदाग होती है। नियमित इस प्रयोग को करने से त्वचा के दाग-धब्बे मिट जाते हैं, और त्वचा कांतिमय नजर आती है। साथ ही आप ताजगी भी महसूस करते हैं।

# ठंड में क्यों फटती है एड़ियां, जानिए सरल इलाज

जैसे-जैसे सर्दी का मौसम अपने शबाब पर पहुंचता है, पैरों की खूबसूरती को बनाए रखना मुश्किल होता जाता है। पैरों की चमड़ी का सख्त हो जाना और एड़ियों का फटना जैसी समस्याएं इस मौसम में आम तौर पर उभरकर सामने आती हैं। इससे बचने के लिए कुछ बातों का ख्याल रखना आवश्यक है। जानिए कुछ महत्वपूर्ण बातें-

क्या है एड़ियां फटने की मुख्य वजह एड़ियां फटने की मुख्य वजह शरीर में कैल्शियम और चिकनाई की कमी होती है। एड़ी व तलवों की त्वचा मोटी होती है, इसलिए शरीर के अंदर बनने वाला सीबम यानी कुदरती तेल पैर के तलवों की बाहरी सतह तक नहीं पहुंच पाता। फिर पौष्टिक तत्व व चिकनाई न मिल पानेकी वजह से ही एड़ियां खुरदरी-सी हो जाती हैं और इनमें दरार पड़ने लगती है। एड़िया ज्यादा फटने से दर्द और जलन तो होती ही है, कभी-कभी खून भी निकल आता है।

<u>ठंड में फटी एड़ियों से छुटकारा पाने के नुस्खे</u>

* डेढ़ चम्मच वैसलीन में एक छोटा चम्मच बोरिक पावडर डालकर अच्छी तरह मिला लें और इसे फटी एड़ियों पर अच्छी तरह से लगा लें, कुछ ही दिनों में फटी एड़ियां फिर से भरने लगेंगी। * अगर एड़ियां ज्यादा फटी हुई हों तो मैथिलेटिड स्पिरिट में रुई के फाहे को भिगोकर फटी एड़ियों पर रखें। ऐसा दिन में तीन-चार बार करें, इससे एड़ियां ठीक होने लगेंगी। * गुनगुने पानी में थोड़ा शैंपू, एक चम्मच सोड़ा और कुछ बूंदें डेटॉल की डालकर मिला लें। इस पानी में पैरों को 10 मिनट तक भिगोकर रखें। त्वचा फूलने पर मैथिलेटिड स्पिरिट लगाकर एड़ियों को प्यूमिक स्टोन या झांवे से रगड़कर साफ कर लें। इससे एड़ियों कीमृत त्वचा साफ हो जाएगी। फिर साफ तौलिए से पोंछकर गुनगुने जैतून या नारियल के तेल से मालिश करें। * पैरों को साफ व खूबसूरत बनाए रखने के लिए पैडिक्योर को अवश्य चुनें। यह पैरों के नाखून, एड़ी व तलवों की सफाई का शानदार तरीका है। * पैडीक्योर एक आसान विधि है, इसे आप खुद घर पर भी कर सकती हैं अगर आपके पैरों की दशा ज्यादा खराब है तो पैडीक्योर किसी ब्यूटी स्पेशलिस्ट से ही करवाना मुनासिब है।



# असम में बहुविवाह पर प्रतिबंध

## विधानसभा से विधेयक पारित, सीएम हिमंत बोले, फिर सरकार बनने पर यूसीसी भी लागू करेंगे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहाटी

असम विधानसभा ने गुरुवार को बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने वाला अहम बिल पास कर राज्य में एक बड़ा कानूनी बदलाव कर दिया। इस बिल के पारित होने के साथ ही बहुविवाह को आपराधिक कृत्य माना जाएगा और दोषी को अधिकतम 10 साल की सजा हो सकेगी। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने इसे महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया और आश्वासन दिया कि अगर वह अगले कार्यकाल में फिर से मुख्यमंत्री बनते हैं तो राज्य में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू किया जाएगा। गुरुवार को पारित इस बिल में साफ किया गया है कि यह कानून सभी समुदायों पर लागू होगा। हालांकि, अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लोगों और छठी अनुसूची वाले क्षेत्रों को इसके दायरे से बाहर रखा गया है। मुख्यमंत्री सरमा ने साफ कहा कि बिल किसी धर्म विशेष के खिलाफ नहीं है और इसका उद्देश्य सभी समाजों में समानता और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।



### 'धर्म का विरोध नहीं'

बहस के दौरान सरमा ने कहा कि बहुविवाह सिर्फ मुस्लिम समाज तक सीमित नहीं है, हिंदू समाज में भी ऐसे मामले मिलते हैं और कानून सभी पर समान रूप से लागू होगा। उन्होंने कहा कि इसे इस्लाम-विरोधी बिल बताने वाली धारणाएं गलत हैं। सीएम ने विपक्ष से आग्रह किया कि वे संशोधन प्रस्ताव वापस लें ताकि पूरा सदन एकमत होकर महिलाओं की सुरक्षा के लिए मजबूत संदेश दे सके।

### विपक्ष के प्रस्ताव हुए खारिज

सरकार की अपील के बावजूद एआईयूडीएफ और सीपीआई(एम) ने अपने संशोधन प्रस्ताव वापस नहीं लिए। वोटिंग के दौरान उनके प्रस्तावों को आवाज मत से खारिज कर दिया गया। सरकार ने इसे महिलाओं के हित में लाया गया सामाजिक सुधार बताया, जबकि विपक्ष ने कुछ प्रावधानों पर सवाल उठाए।

### यूसीसी लागू करने का वादा

सरमा ने सदन में घोषणा की कि अगर अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद वह फिर मुख्यमंत्री बनते हैं तो नए कार्यकाल के पहले सत्र में ही यूसीसी बिल पेश किया जाएगा और उसे लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बहुविवाह पर रोक यूसीसी की दिशा में एक मजबूत कदम है।

### लव-जिहाद पर भी कानून लाने की तैयारी

मुख्यमंत्री ने बताया कि फरवरी तक धोखाधड़ी से किए विवाह र भी एक अलग बिल लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि राज्य में लव-जिहाद नहीं होने दिया जाएगा और इसी उद्देश्य से नया कानून तैयार किया जा रहा है।

# रूस में आठ लोगों को मृत्युदंड

## अदालत ने क्रीमिया पुल पर विस्फोट के मामले में ठहराया दोषी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मॉस्को

रूस की एक अदालत ने गुरुवार को आठ लोगों को आतंकवाद के आरोपों में दोषी ठहराया। ये सभी लोग कथित तौर परर कब्जे वाले क्रीमिया क्षेत्र को मॉस्को से जोड़ने वाले पुल पर हमले शामिल थे। यह पुल यूक्रेन युद्ध में रूसी सेना के लिए एक अहम आपूर्ति मार्ग है। अदालत ने सभी लोगों मृत्युदंड की सजा सुनाई है।

### पूरा मामला क्या हुआ था?

अक्तूबर 2022 में यह हमला हुआ था। एक ट्रक में बम फटने से पुल के दो हिस्से टूट गए थे और उनकी मरम्मत में कई महीने लगे थे। धमाके में ट्रक चालक और पास की कार में बैठे चार अन्य लोगों की मौत हो गई थी। रूस ने इसे आतंकवादी हमला करार दिया था और इसके जवाब में यूक्रेन की सार्वजनिक संपत्ति पर बमबारी शुरू की, खासकर सर्दियों में देश की बिजली प्रणाली को निशाना बनाया गया।

### यूक्रेन की सुरक्षा सेवा ने ली थी हमले की जिम्मेदारी

यूक्रेन की सुरक्षा सेवा एसबीयू ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी। रूसी, यूक्रेनी और आर्मेनियाई नागरिकों सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया था। पांच अन्य लोगों पर अदालत में गैरहाजिर रहते हुए आरोप लगाए गए। इन में तीन यूक्रेनी और दो जॉर्जियाई नागरिक शामिल थे।

### इन लोगों पर लगाए गए थे आरोप

आरत्योम और जॉर्जी अजत्यान, ओलेग एंटिपोव, अलेक्जेंडर बिलिन, व्लादिमीर जलोबा, दिमित्री त्याजेलिख, रोमन सोलोम्को और आर्तुर तेर्चान्यान पर आतंकवादी हमला करने और अवैध हथियार तस्करी के आरोप लगे। सोलोम्को और तेर्चान्यान पर विस्फोटक तस्करी के अतिरिक्त आरोप भी लगाए गए। रूसी अधिकारियों ने उन पर यूक्रेन की मदद से यह हमला करने का आरोप लगाया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गिरफ्तार सभी लोगों ने आरोपों से इनकार किया और कहा कि उन्हें नहीं पता था कि ट्रक में विस्फोटक भरा था। एसबीयू प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल वासिल मलियुक ने 2023 के एक इंटरव्यू में कहा था कि उन्होंने दो विश्वसनीय सहयोगियों के साथ मिलकर इस हमले की तैयारी की थी और इसमें अन्य लोगों का इस्तेमाल बिना उनकी जानकारी के किया गया।

### 2025 में सैन्य अदालत में हुई मामले की सुनवाई

यूक्रेन की सीमा से करीब 100 किलोमीटर दूर रूस के शहर रोस्तोव-ऑन-डॉन में फरवरी 2025 से एक सैन्य अदालत में इस मामले की सुनवाई बंद कमरे में शुरू हुई। रूसी अधिकारियों ने मलियुक पर हमले की साजिश रचने का आरोप लगाया। क्रीमिया को रूस से जोड़ने वाला यह पुल मॉस्को के लिए न केवल सैन्य और नागरिक आपूर्ति का अहम रास्ता है, बल्कि 2014 में क्रीमिया पर कब्जे के बाद अपनी शक्ति दिखाने का प्रतीक भी माना जाता है।

# नहीं कम हो रहीं शेख हसीना की मुश्किलें

## बांग्लादेश की कोर्ट ने भ्रष्टाचार के तीन मामलों में दी 21 साल जेल की सजा



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। ढाका

बांग्लादेश की एक कोर्ट ने गुरुवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को भ्रष्टाचार के तीन मामलों में 21 साल जेल की सजा सुनाई। बांग्लादेश की सरकारी न्यूज एजेंसी बीएसएस ने बताया कि ये तीनों मामले पुरबाचोल में राजुक न्यू टाउन प्रोजेक्ट में प्लॉट बांटने में कथित गड़बड़ियों को लेकर दर्ज किए गए थे। जज ने दोषी की गैरमौजूदगी में यह फैसला सुनाया क्योंकि उसे अभी गिरफ्तार नहीं किया गया है और उसकी गैरमौजूदगी में ही उस पर मुकदमा चलाया गया था।

### तीन मामले में सात-सात साल की जेल

बता दें कि शेख हसीना को हर मामले में सात साल की सजा सुनाई गई, यानी कुल 21 साल जेल। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा, शेख हसीना को प्लॉट बिना किसी अर्जी के और कानूनी तौर पर तय अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर दिया गया था। बांग्लादेश एंटी-करप्शन कमीशन (एसीसी) ने इस साल जनवरी में शेख हसीना और उनके परिवार के खिलाफ छह अलग-अलग मामले दर्ज किए थे। आरोप था कि उन्होंने ढाका के पूर्वाचल इलाके में सरकारी प्लॉटों का अवैध रूप से आवंटन किया। आज जिन तीन मामलों में फैसला आया है, बाकी तीन मामलों का फैसला 1 दिसंबर को सुनाया जाएगा।

### परिवार पर भी कार्रवाई

वहीं इस मामले में शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद जॉय को पांच साल की कैद और एक लाख टका जुर्माना और उनकी बेटी साइमा वाजेद पुतुल को भी पांच साल जेल की सजा सुनाई गई है। शेख हसीना और उनके परिवार की ओर से किसी भी मामले में कोई वकील मौजूद नहीं था, क्योंकि वे लंबे समय से फरार हैं। हालांकि, वे कई बयानों में भ्रष्टाचार के सभी आरोपों को झूठा और राजनीतिक साजिश बताते रहे हैं।

### पहले ही मिल चुकी है मौत की सजा

इससे पहले ह बांग्लादेश की राजधानी ढाका में मौजूद अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने शेख हसीना को मानवता विरोधी अपराधों के आरोप में फांसी की सजा सुनाई थी। यह आरोप जुलाई 2024 में सरकार विरोधी आंदोलनों को दबाने के दौरान हुई हिंसा से जुड़े हैं।

भारत से प्रत्यर्पण की मांग

इसी बीच बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने भारत से शेख हसीना को वापस भेजने का अनुरोध किया है। भारत ने बताया कि यह अनुरोध मिल चुका है और उसे कानूनी प्रक्रिया के तहत जांच किया जा रहा है। इस मामले में भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, भारत बांग्लादेश के लोगों की शांति, लोकतंत्र और स्थिरता के हितों के अनुसार इस पूरे मामले पर विचार कर रहा है और सभी पक्षों से बातचीत जारी रखेगा।

### कैसे पहुंची स्थिति यहां तक?

जुलाई 2024 में बांग्लादेश में छात्रों ने बड़े पैमाने पर सरकार विरोधी आंदोलन शुरू किया था। स्थिति बिगड़ने पर शेख हसीना ने 5 अगस्त 2024 को देश छोड़ दिया और भारत में शरण ली। इसके बाद नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनाई गई।

# करनाल की कर्ण लेक के पास मिली विस्फोटक सामग्री, दो ग्रेनेड और एक आईईडी बरामद, टली बड़ी साजिश



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। करनाल

हरियाणा के करनाल में एनएच-44 हाईवे के पास स्थित प्रसिद्ध कर्ण लेक के नजदीक गुरुवार सुबह अचानक हड़कंप मच गया। यहां संदिग्ध विस्फोटक सामग्री मिलने की सूचना पुलिस को मिली। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब साढ़े 11 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को एक कॉल मिली, जिसमें बताया गया कि कर्ण लेक क्षेत्र में विस्फोटक जैसी कोई वस्तु पड़ी है। सूचना मिलते ही करनाल पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और तुरंत क्षेत्र को घेरकर यातायात को रोक दिया, ताकि किसी भी तरह की अनहोनी से बचा जा सके।

### कर्ण लेक के आसपास इलाके को किया गया सील

विस्फोटक मिलने की खबर फैलते ही इलाके में दहशत फैल गई। कर्ण लेक एक लोकप्रिय पिकनिक स्पॉट होने के कारण यहां आमतौर पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहते हैं। लेकिन पुलिस और प्रशासन की तत्परता के चलते लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया गया और पूरे क्षेत्र को सील कर दिया गया।

### पुलिस शाम चार बजे करेगी प्रेस कॉन्फ्रेंस

फिलहाल इस बात की जांच जारी है कि ये विस्फोटक सामग्री यहां कैसे और किसने रखी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और सुराग जुटाने का प्रयास कर रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए करनाल पुलिस ने बताया है कि शाम करीब चार बजे इस संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस की जाएगी, जिसमें अब तक की जांच और आगे की कार्रवाई के बारे में जानकारी दी जाएगी। बता दें कि हरियाणा के सिरसा में बीते कल बुधवार को महिला थाने के बाहर भी ग्रेनेड से हमला किया गया। हालांकि इस हमले में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। वहीं, गुरुवार सुबह करनाल में विस्फोट सामग्री मिली।

# 'हमारी युवाशक्ति नई ऊंचाइयों को छू रही'


## स्काईरूट इन्फिनिटी कैंपस के उद्घाटन पर बोले पीएम मोदी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए स्काइरूट इन्फिनिटी कैंपस का उद्घाटन किया। स्काइरूट इन्फिनिटी कैंपस, अंतरिक्ष क्षेत्र में काम करने वाला एक स्टार्टअप है। पीएम मोदी ने इस दौरान अपने संबोधन में कहा कि आज देश का अंतरिक्ष क्षेत्र एक अभूतपूर्व अवसर का साक्षी बन रहा है। आज भारत के स्पेस इको सिस्टम में निजी सेक्टर बड़ी उड़ान भर रहा है। स्काइरूट इन्फिनिटी कैंपस भारत की नई सोच, नवाचार और युवा शक्ति को दर्शाता है। साथ ही यह सरकार के अंतरिक्ष क्षेत्र में किए गए सुधारों को भी नतीजा है।

### पीएम मोदी ने भारत की युवाशक्ति को सराहा

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी युवाशक्ति की नवाचार, जोखिम लेने की क्षमता और उद्यमशीलता नई बुलंदी को छू रही है। भारत के प्राइवेट सेक्टर का अंतरिक्ष टैलेंट पूरी दुनिया में अपनी पहचान बना रहा है। आज वैश्विक निवेश के लिए भारत का अंतरिक्ष सेक्टर एक लुभावनी जगह बन रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि



300 से ज्यादा अंतरिक्ष स्टार्टअप नई उम्मीद दिखा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के शुरुआती दौर, जब रॉकेट साइकिल पर ले जाए जाते थे, और अब भारत के सबसे विश्वसनीय लॉन्च व्हीकल बनकर उभरने का जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि यह सफर भले ही कम संसाधनों के साथ शुरू हुआ, लेकिन विकास ने साबित कर दिया कि पक्का इरादा ही सपनों को तय करता है। बदलते समय में अंतरिक्ष क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है, जिसमें संचार, मौसम का अनुमान, शहरी विकास योजना और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे क्षेत्र शामिल हो गए हैं।

### ऐतिहासिक सुधारों का मिला फायदा

पीएम मोदी ने कहा, हमने स्पेस सेक्टर में ऐतिहासिक सुधार किए हैं, इसे प्राइवेट सेक्टर के लिए खोला है, नई स्पेस पॉलिसी बनाई है। स्टार्टअप्स और इंडस्ट्री को नवाचार से जोड़ा है, इन-स्पेस शुरू किया है। उन्होंने आगे कहा कि न्यूक्लियर सेक्टर को भी निजी क्षेत्र के लिए खोलने की योजना है।

### भारत की प्रमुख निजी स्पेस कंपनी है स्काईरूट

स्काईरूट भारत की प्रमुख निजी स्पेस कंपनी है, जिसे पवन चंदना और भरत ढाका ने शुरू किया था। दोनों आईआईटी के पूर्व छात्र और इसरो के पूर्व वैज्ञानिक हैं। नवंबर 2022 में, स्काईरूट ने अपना सब-ऑर्बिटल रॉकेट, विक्रम-स लॉन्च किया, और ऐसा करने वाली यह पहली भारतीय प्राइवेट कंपनी बन गई। स्काईरूट इन्फिनिटी कैंपस, कई लॉन्च व्हीकल को डिजाइन करने, विकसित करने, एकीकृत करने और परीक्षण करने के लिए लगभग दो लाख वर्ग फीट का कैंपस होगा, जिसमें हर महीने एक ऑर्बिटल रॉकेट बनाने की क्षमता होगी।

# दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण को लेकर सख्त हुआ सुप्रीम कोर्ट, कहा, अब इसकी लगातार निगरानी की जरूरत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में बढ़ते वायु प्रदूषण के मुद्दे पर सख्त तेवर अपनाए। खराब वायु गुणवत्ता के मुद्दे पर दायर याचिकाओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के लिए 3 दिसंबर की तारीख मुकर्रर कर दी। साथ ही कहा कि यह मुद्दा लगातार निगरानी की मांग करता है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने वरिष्ठ वकील अपराजिता सिंह की इस दलील पर ध्यान दिया कि दिल्ली-एनसीआर में बेहद गंभीर स्थिति बनी हुई है और यह स्वास्थ्य आपातकाल जैसे हालात है। सिंह इस मामले में



न्यायालय की सहयोगी (एमिकस क्यूरी) के रूप में नियुक्त हैं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, न्यायपालिका के पास कौन सी जादुई छड़ी है? हमें पता है कि दिल्ली-एनसीआर के लिए यह स्थिति खतरनाक है। समस्या सबको पता है, मुद्दा यह है कि समाधान क्या हैं। हमें इसकी वजहें पहचाननी होंगी और इसका हल तो विशेषज्ञ ही दे सकते हैं। हम आशा करते हैं कि लंबी अवधि तक प्रभावी समाधान खोजे जाएंगे।÷ उन्होंने आगे कहा, ÷हमें बताइए कि हम क्या निर्देश दे सकते हैं? क्या कोई निर्देश देकर हम तुरंत स्वच्छ हवा मिल सकती है? हर क्षेत्र के हालात अलग हैं। देखते हैं कि सरकार ने समितियों के स्तर पर क्या कदम उठाए हैं। यह मामला दीपावली के आसपास औपचारिक तौर पर भी सूचीबद्ध होता है, लेकिन इसकी नियमित निगरानी अब जरूरी है।÷ बता दें कि 19 नवंबर को अदालत ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) से कहा था कि दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों में नवंबर-दिसंबर में खुले मैदान पर होने वाले खेल आयोजनों को सुरक्षित महीनों तक टालने पर विचार किया जाए। इस दौरान वायु की गुणवत्ता बेहद खराब स्तर पर पाई गई थी। दूसरी तरफ सुप्रीम कोर्ट ने पूरे साल ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) लागू करने के सुझाव को अस्वीकार कर दिया था। कोर्ट ने कहा कि यह आपातकालीन ढांचा जरूरत से ज्यादा प्रदूषण होने की स्थिति में कुछ गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाता है। अदालत ने इसके बजाय दीर्घकालिक और टिकाऊ समाधानों पर जोर दिया था।

# भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ की बड़ी कार्रवाई

## साइकिल के टायर में छिपा 1.02 करोड़ का सोना जब्त, तस्कर फरार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दक्षिण बंगाल सीमांत में भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात बीएसएफ की 119वीं वाहिनी के अंतर्गत सीमा चौकी एमएसपुर के जवानों ने मालदा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में खुफिया सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में सोने के सात बिस्कुट बरामद किए गए हैं। हालांकि, तस्कर मौके का लाभ उठाकर फरार होने में सफल रहा। जब्त किए गए सोने का कुल वजन 816.41 ग्राम है, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 1,02,40,230 आंकी गई है। बीएसएफ दक्षिण बंगाल सीमांत के जनसंपर्क अधिकारी के मुताबिक बीएसएफ प्रवक्ता के मुताबिक



बुधवार को एमएसपुर सीमा चौकी स्थित बीएसएफ की 119वीं वाहिनी ने खुफिया सूचना पर निगरानी बढ़ा दी और आसपास के इलाकों में विशेष सतर्कता बरती। करीब 3.00 बजे एक संदिग्ध व्यक्ति साइकिल के साथ सीमा की ओर बढ़ता दिखाई दिया। जवानों ने उसे रोककर साइकिल की तलाशी शुरू की। जांच के दौरान साइकिल के आगे वाले टायर में असामान्य फुलाव और कठोरता महसूस हुई, जिससे जवानों को शक पैदा हुआ। जैसे ही जवान टायर की गहन जांच करने लगे, संदिग्ध व्यक्ति मौके का फायदा उठाकर साइकिल वहीं छोड़कर घनी आबादी की दिशा में फरार हो गया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया गया, लेकिन तस्कर का कोई सुराग नहीं मिला। बाद में साइकिल के टायर को खोलने पर उसके भीतर से सात सोने के बिस्कुट बरामद हुए। बरामद सोने को आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित एजेंसी को सौंप दिया गया है।

### बीएसएफ ने सूचना देने वाले को इनाम देने की घोषणा की

बीएसएफ दक्षिण बंगाल सीमांत के जनसंपर्क अधिकारी ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बीएसएफ के सतर्क जवान सीमा पर तस्करी की अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए पूरी तरह से सक्षम व प्रतिबद्ध है। उन्होंने सीमावर्ती निवासियों से आग्रह किया कि सोने की तस्करी से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना बीएसएफ की सीमा साथी हेल्पलाइन नंबर 14419 पर या 9903472227 पर व्हाट्सएप मैसेज या वॉयस मैसेज के माध्यम से दें। पुख्ता सूचना देने पर उचित इनाम दिया जाएगा तथा सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

# कविनगर क्षेत्र में लूट का विरोध करने पर बुजुर्ग दंपत्ति पर चाकू से हमला

- नरेंद्र शर्मा और उनकी पत्नी मधु शर्मा पर दो बदमाशों ने लूट के इरादे से वार किया
- पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

थाना कवि नगर क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई, जब घर में घुस कर एक बुजुर्ग दंपत्ति पर लुटेरों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना कवि नगर सेक्टर एफ-ई 14 की है। नरेंद्र शर्मा और उनकी पत्नी मधु शर्मा पर दो बदमाशों ने लूट के इरादे से वार किया। दंपत्ति ने जब साहस दिखाते हुए विरोध किया तो हमलावरों ने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दोनों को लहूलुहान कर दिया। बताया जा रहा है कि नरेंद्र शर्मा रोज की तरह घर में थे। तभी बाइक सवार दो युवक वहां पहुंचे और लूट का प्रयास करने लगे लेकिन दंपति ने थोड़ी हिम्मत दिखाई लुटेरों का विरोध किया जो उन्हें बहुत भारी पड़ गया। विरोध से बौखलाए बदमाशों ने पहले नरेंद्र शर्मा के पेट और कंधे पर चाकू से हमला किया और फिर मधु शर्मा को भी घायल कर फरार हो गए। दोनों गंभीर रूप से घायल अवस्था में सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और दंपत्ति को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां दोनों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं और हमलावरों की पहचान के प्रयास जारी हैं।कवि नगर जैसी पॉश कॉलोनी में दिनदहाड़े हुई इस वारदात ने सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ समय से क्षेत्र में चोरी व छीना-झपटी की घटनाएं बढ़ी हैं, लेकिन गश्त न के बराबर है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई और सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।





# गाजियाबाद में मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने पर 21 बीएलओ पर एफआईआर दर्ज

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

जिले में चल रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के दौरान गंभीर अनियमितता और लापरवाही सामने आने के बाद जिला निर्वाचन कार्यालय ने कड़ी कार्रवाई की है। मतदाता सूची को शुद्ध, स्वच्छ और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे इस महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में कुल 21 बूथ लेवल ऑफिसर के खिलाफ विभिन्न थानों में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार मादंड़ के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। जांच में पाया गया कि फॉर्म-6, फॉर्म-7 और फॉर्म-8 की एंट्री में भारी गड़बड़ी पाई गई। कुछ बीएलओ ने तो निर्धारित समय-सीमा में अपने क्षेत्र का भौतिक सत्यापन तक पूरा नहीं किया। जिला निर्वाचन कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि अब तक साहिबाबाद, लोनी, मुरादनगर, मोदी नगर और कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 21 बीएलओ के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। इनमें भारतीय न्याय संहिता की धारा 336 जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 31 के साथ पठित, धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और सरकारी कार्य में बाधा डालने जैसी गंभीर धाराएं शामिल हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि मतदाता सूची से जुड़ा कार्य अत्यंत संवेदनशील है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा है कि जो भी अधिकारी-कर्मचारी इस प्रक्रिया को दूषित करने की कोशिश करेगा, उसके खिलाफ सबसे सख्त कार्रवाई होगी। यह कार्रवाई केवल शुरुआत है, अभी और भी नाम सामने आ सकते हैं। पुनरीक्षण अभियान 1 जनवरी 2026 रखा गया है और अंतिम मतदाता सूची 5 जनवरी 2026 को प्रकाशित की जानी है। ऐसे में प्रशासन ने सभी बीएलओ को फिर से सक्रिय होकर शत-प्रतिशत सत्यापन करने के निर्देश दिए हैं। निर्वाचन कार्यालय ने आमजन से भी अपील की है कि यदि उन्हें अपने क्षेत्र के बीएलओ की कार्यशैली पर कोई शिकायत हो तो तुरंत जिला निर्वाचन कार्यालय या 1950 हेल्पलाइन पर सूचित करें। मतदाता सूची में शुचिता बनाए रखने के लिए की गई यह सख्त कार्रवाई जिले में चर्चा का विषय बनी हुई है। प्रशासन का कहना है कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए स्वच्छ मतदाता सूची सबसे पहली शर्त है और इसमें कोई समझौता नहीं किया जाएगा।